दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

■ Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 258 | जयपुर | मंगलवार ,22 जुलाई, 2025 | श्रावण, कृष्ण पक्ष-एकादशी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹5.00 | पृष्ठ : 10

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## संसद का मानसून सत्र

# ऑपरेशन सिंदूर, एसआईआर, सीजफायर...

## मानसून सत्र के पहले ही दिन महासंग्राम

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** निचले सदन की कार्यवाही एक घंटे के भीतर दो बार स्थगित हुई, जबकि राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के बीच तीखी बहस हुई। लोकसभा में राजनाथ सिंह और राज्यसभा में जेपी नड्डा ने कहा कि सरकार हर मुद्दे पर चर्चा को तैयार है। संसद के मानसून सत्र के पहले दिन सोमवार को केंद्र और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। विपक्षी सांसदों ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावों पर चर्चा की मांग की। दिन भर की कार्यवाही में तीखी नारेबाजी और बहस देखने को मिली। निचले सदन की कार्यवाही एक घंटे के भीतर दो बार स्थगित हुई, जबकि राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के बीच तीखी बहस हुई। लोकसभा मे राजनाथ सिंह और राज्यसभा में जेपी नड्डा ने कहा कि सरकार हर मुद्दे पर चर्चा को तैयार है। वहीं, लोकसभा में विपक्ष के नेता ने सत्तारूढ़ पार्टी पर संसद में उन्हें बोलने नहीं देने का आरोप लगाया। भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे न्यायाधीश यशवंत वर्मा को हटाने के प्रस्ताव से संबंधित नोटिस सोमवार को लोकसभा और राज्यसभा में दिए गए।

**लोकसभा की कार्यवाही**

विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण सोमवार को लोकसभा की कार्यवाही तीन बार के स्थगन के बाद दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। सदन में विपक्षी दलों के सदस्यों ने पहलगाम आतंकी हमले,अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मध्यस्थता संबंधी दावों और बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की कवायद समेत अन्य विषयों पर चर्चा की मांग करते हुए हंगामा किया। भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे न्यायाधीश यशवंत वर्मा को हटाने के प्रस्ताव से संबंधित नोटिस सोमवार को लोकसभा और राज्यसभा में दिए गए। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंपे गए नोटिस पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद, अनुराग ठाकुर समेत कुल 145 सदस्यों ने हस्ताक्षर किए हैं। निचले सदन में अनुच्छेद 124, 217 और 218 के तहत नोटिस दिए गए हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सोमवार को सदन में हंगामा कर रहे विपक्षी सदस्यों से चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि उन्हें नारेबाजी करनी है तो वे सदन से बाहर चले जाएं क्योंकि सदन के भीतर ऐसा करना उचित नहीं है। ओम बिरला ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले की घटना ने पूरे विश्व की चेतना को आघात पहुंचाया है। बिरला ने यह भी कहा कि सदन आतंकवाद को लेकर भारत के 'जीरो टॉलरेंस' (बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने) के संकल्प को भी दोहराता है।



**राज्यसभा की कार्यवाही**

राज्यसभा ने सोमवार को पोत परिवहन क्षेत्र से संबंधित 'वहन-पत्र विधेयक 2025' को पारित कर दिया, जिसमें अंग्रेजों के जमाने के मूल कानून के स्थान पर नया कानून बनाए जाने का प्रावधान है। सदन में विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में इस मंत्रालय ने पिछले 10-11 साल में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है और देश के प्रमुख पत्तनों को रेल एवं सड़क मार्गों से सुचारू रूप से जोड़ा गया है।राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने सोमवार को उच्च सदन को सूचित किया कि आम आदमी पार्टी के संजीव अरोड़ा ने सदन की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है जिसे स्वीकार कर लिया गया है। संसद के मानसून सत्र के पहले दिन, सोमवार को सभापति ने सदन को अरोड़ा के इस्तीफे के बारे में अवगत कराया।

नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने सोमवार को राज्यसभा में कहा कि अहमदाबाद में पिछले महीने हुई एयर इंडिया विमान दुर्घटना की जांच कर रहा वायुयान दुर्घटना जांच ब्यूरो (एएआईबी) पूरी तरह निष्पक्ष एजेंसी है और वह तय नियमों के तहत विस्तृत और ठोस जांच कर रहा है। राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान पूरक सवालों के जवाब में नायडू ने बताया कि विमान हादसे के दस दिन बाद एएआईबी ने शुरुआती जांच रिपोर्ट दी। उनहोंने बताया कि जांच प्रक्रिया अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार चल रही है।

संसद के मानसून सत्र के पहले दिन, आज उच्च सदन की बैठक शुरू होने के बाद असम गण परिषद के वीरेंद्र प्रसाद वैश्य, भाजपा के कणाद पुरकायस्थ, मनोनीत डॉ मीनाक्षी जैन, सी सदानंदन मास्टर तथा हर्षवर्धन श्रृंगला को राज्यसभा की सदस्यता की शपथ दिलाई गई।

## संक्षिप्त समाचार

### जस्टिस श्रीराम केआर राजस्थान हाईकोर्ट के 43वें मुख्य न्यायाधीश बने




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जस्टिस श्रीराम कल्पाती राजेंद्रन (श्रीराम के.आर.) राजस्थान हाईकोर्ट के 43वें मुख्य न्यायाधीश बन गए हैं। सोमवार को राजभवन में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने उन्हें शपथ दिलाई। इस मौके पर सीएम भजनलाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी, प्रेमचंद बैरवा सहित कैबिनेट के अन्य सदस्य मौजूद रहे। उधर, राजस्थान हाईकोर्ट को एक-दो दिन में 7 नए न्यायाधीश भी मिल सकते हैं। ऐसा होने पर राजस्थान हाईकोर्ट के इतिहास में पहली बार न्यायाधीशों की संख्या 40 के पार होगी।जस्टिस श्रीराम के.आर. महाराष्ट्र के रहने वाले हैं। वह साल 2013 में मुंबई हाईकोर्ट में अतिरिक्त न्यायाधीश नियुक्त हुए थे। साल 2016 में स्थायी न्यायाधीश बने थे। वहीं, 27 सितंबर 2024 को उन्होंने मद्रास हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली थी। जस्टिस श्रीराम के.आर. का कार्यकाल 69 दिन का होगा। जो 27 सितंबर 2025 को रिटायर्ड होंगे।बता दें कि सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने राजस्थान हाईकोर्ट के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश जस्टिस एमएम श्रीवास्तव का मद्रास हाई कोर्ट और जस्टिस के.आर. श्रीराम का राजस्थान हाईकोर्ट तबादले की सिफारिश की थी। इसकी राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी गई थी।राजस्थान हाईकोर्ट को एक-दो दिन में 7 नए न्यायाधीश भी मिल सकते हैं। इनमें एक न्यायिक कोटे से और 6 वकील कोटे से न्यायाधीश शामिल होंगे। इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम पहले ही सिफारिश कर चुका है। अब इनके वारंट जल्द ही राष्ट्रपति भवन से जारी हो सकते हैं। ऐसा होने पर राजस्थान हाईकोर्ट के इतिहास में पहली बार न्यायाधीशों की संख्या 40 के पार होगी।

### ये कांवड़िये नहीं हैं, ये सरकार द्वारा संरक्षित गुंडे हैं... स्वामी प्रसाद मौर्य का विवादित बयान

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** पूर्व मंत्री ने यह भी कहा कि मेरा मानना है कि कांवड़ियों के वेश में कोई तोड़फोड़, हिंसा, मारपीट, लोगों की गाड़ियां तोड़ रहा है या जला रहा है। मिर्ज़ापुर में सेना के जवान को पीटा गया है। वे गुंडे, माफिया, सरकार द्वारा संरक्षित अपराधी हैं। राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य कांवड़ यात्रा में शामिल भक्तों को लेकर विवादिय बयान दिया है। उन्होंने कहा कि ये कांवड़िये नहीं हैं; ये सरकार द्वारा संरक्षित गुंडे, माफिया, अपराधी हैं। उन्होंने दावा किया कि कांवड़ियों की आड़ में ये अपराध और अत्याचार करके पूरे प्रदेश में भय और आतंक का माहौल बना रहे हैं। स्वामी प्रसाद मौर्य ने मांग की कि सरकार को इस पर रोक लगानी चाहिए, अन्यथा उसे भी जवाबदेह होना पड़ेगा।

## युवक के मर्डर के विरोध में जयपुर-आगरा हाईवे जाम

### मुख्य आरोपी ने एएसआई की पिस्टल छीनने की कोशिश की, पैर में गोली लगी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर के जामडोली में विपिन नायक उर्फ विक्की (22) की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। आरोपी हिस्ट्रीशीटर अनस खान उर्फ शूटर ने अपने साथियों के साथ मिलकर विपिन की छाती में ताबड़तोड़ चाकू घोंप दिया। विपिन के चिल्लाने पर आसपास के लोग दौड़कर आए।अनस ने चाकू लहराकर लोगों को धमकाया और साथियों के साथ बाइक पर बैठकर भाग गया। हत्यारा इतना बेखौफ था कि वारदात के बाद सोशल मीडिया पर अपना वीडियो डाला और लिखा- आज बदला पूरा हुआ। हत्या की घटना से गुस्साई भीड़ ने सुबह करीब 9 बजे जयपुर-आगरा हाईवे (जामडोली) जाम कर दिया।हालात को देखते हुए मौके पर पुलिस फोर्स तैनात की गई। पुलिस ने




लोगों को समझाने की कोशिश की तो जमकर धक्का-मुक्की हुई। प्रदर्शनकारियों ने दुकानों पर पथराव किया। इससे कई दुकानें क्षतिग्रस्त हो गईं। 1 जवान भी घायल हो गया। मामला बिगड़ता देख पुलिस ने भीड़ को खदेड़ दिया।प्रदर्शनकारी सुबह से 50 लाख रुपए मुआवजा, मृतक आश्रित को सरकारी नौकरी, जामडोली थानाधिकारी के निलंबन (सस्पेंड), फास्ट ट्रैक कोर्ट में केस की सुनवाई जैसी मांगों पर अड़े हैं।

डीसीपी तेजस्विनी गौतम ने बताया- सुबह पुलिस आरोपियों को जामडोली थाने ला रही थी। इस दौरान हिस्ट्रीशीटर अनस खान ने एएसआई की पिस्टल छीनने की कोशिश की। बीचबचाव में उसके दोनों पैर में गोली लग गई। इलाज के लिए उसे स्स्र् हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है।

एडिशनल कमिश्नर कुंवर राष्ट्रदीप ने बताया- रविवार रात करीब 9:30 बजे विपिन नायक उर्फ विक्की (22) निवासी कच्ची बस्ती जामडोली की हत्या की गई। आरोपी अनस खान उर्फ शूटर पालड़ी मीणा हाल भट्टा बस्ती का रहने वाला है। वह अपने साथियों के साथ बाइक पर आया था। यहां कच्ची बस्ती में विपिन के घर जा रहा था। विपिन घर के सामने मिला तो उसको अंधेरे में बुलाया। इसके बाद छाती में ताबड़तोड़ चाकू घोंप दिया।

## सीएस अचानक नगर निगम ग्रेटर पहुंचे-आरओ से पूछा- फाइल अपने पास रखकर क्या करती हो, फाइल डिस्पोजल टाइम 120 घंटे देख चौंके

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** मुख्य सचिव सुधांश पंत सोमवार को नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। जहां उन्होंने अलग-अलग शाखाओं का निरीक्षण किया। कर्मचारियों, अधिकारियों की उपस्थिति देखी और उनके ई-फाइल डिस्पोजल टाइम का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यालय स्थित रेवेन्यू ऑफिसर (आरओ) की फाइल डिस्पोजल टाइमिंग (120 घंटे) को देखकर सीएस चौंक गए। उन्होंने आरओ श्वेता मल्होत्रा से पूछा कि 3-4 दिन फाइल अपने पास रखकर क्या करती हो। सीएस के इस सवाल पर आरओ कोई जवाब नहीं दे पाई।पंत ने कुछ अन्य अधिकारियों के रूम में जाकर



भी ई-फाइलिंग सिस्टम की पेंडेंसी को देखा। यहां उन्होंने फाइलों के डिस्पोजल टाइम को लेकर संतुष्टि जताई। प्लानिंग शाखा, झोटवाड़ा जोन, फायर शाखा और अधीक्षण अभियंता फर्स्ट से जुड़े अधिकारियों-कर्मचारियों की फाइल डिस्पोजल टाइमिंग से वे नाखुश दिखे। यहां फाइलों के डिस्पोजल का औसत टाइम 30 से 45 घंटे का आ रहा था। इसे देखते हुए मुख्य सचिव ने नगर निगम कमिश्नर गौरव सैनी को इन अधिकारियों को समय पर फाइल डिस्पोजल करने के लिए पाबंद करने के निर्देश दिए।

**अगले साल टॉप-5 में आने की उम्मीद**

हाल ही में स्वच्छता को लेकर जारी हुई रैंकिंग पर भी सीएस ने खुशी जताई। उन्होंने तत्कालीन कमिश्नर रूकमणी रियाड़ के काम की तारीफ करते हुए कहा कि अच्छी मेहनत का नतीजा है कि आज हम टॉप-20 में आए। मुझे उम्मीद है कि इस बार ज्यादा मेहनत करेंगे तो रिजल्ट ज्यादा अच्छे आएंगे और हम टॉप-5 में जगह बना सकेंगे।

### बांग्लादेश प्लेन क्रैश

## एफ-7 ट्रेनर एयरक्राफ्ट क्रैश में अब तक 16 लोगों की मौत, युनूस ने जांच का दिया भरोसा

बढ़ता राजस्थान

**ढ़ाका ( एजेंसी )।** सेना के जनसंपर्क विभाग के एक बयान के अनुसार, प्रशिक्षण उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एफ-7 बीजीआई लड़ाकू विमान स्थानीय समयानुसार दोपहर 1.06 बजे (0706 जीएमटी) पास के एक बेस से उड़ा और माइलस्टोन स्कूल एवं कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बांग्लादेश वायु सेना का एक प्रशिक्षण विमान ढाका के उत्तरा इलाके में एक स्कूल और कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें एक युवा छात्र सहित कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बताया। स्कूल के एक शिक्षक मसूद तारिक के हवाले से रॉयटर्स की एक रिपोर्ट में कहा गया है, जब मैं अपने बच्चों को उठाकर गेट की तरफ़ गया, तो मुझे पीछे से कुछ आता हुआ महसूस



हुआ... मैंने एक धमाका सुना। जब मैंने पीछे मुड़कर देखा, तो मुझे सिर्फ़ आग और धुआँ दिखाई दिया। सेना के जनसंपर्क विभाग के एक बयान के अनुसार, प्रशिक्षण उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एफ-7 बीजीआई लड़ाकू विमान स्थानीय समयानुसार दोपहर 1.06 बजे (0706 जीएमटी) पास के एक बेस से उड़ा और माइलस्टोन स्कूल एवं कॉलेज परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बाद के भयावह वीडियो में घायलों को बचाया जा रहा है, जबकि पृष्ठभूमि में एक लॉन के पास भीषण आग लगी हुई है, जिससे आसमान में धुएँ का घना गुबार उठ रहा है। अग्निशमन कर्मियों ने विमान के क्षतिग्रस्त अवशेषों पर पानी का छिड़काव किया, जो एक इमारत की दीवार पर गिरे हुए प्रतीत हो रहे थे, जिससे लोहे की ग्रिल क्षतिग्रस्त हो गई और इमारत में एक बड़ा छेद हो गया।




## जयपुर एशिया के टॉप 5 टूरिस्ट शहरों में शामिल-टॉप 15 शहरों में मुम्बई और आगरा को भी मिली जगह, दीया कुमारी ने जताई खुशी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर ने एक बार फिर देश को गौरवान्वित किया है। प्रतिष्ठित इंटरनेशनल मैगजीन ट्रेवल्स प्लस लेजियर के वर्ल्ड बेस्ट अवॉर्ड्स 2025 सर्वे में जयपुर को एशिया के सर्वश्रेष्ठ पर्यटन शहरों में चौथा स्थान प्राप्त हुआ है। यह सूची पाठकों के अनुभव और वोट के आधार पर तैयार की जाती है, जिसमें जयपुर ने टोक्यो, बैंकॉक और चियांग माई जैसे प्रमुख शहरों के साथ स्थान हासिल किया।इस उपलब्धि पर उपमुख्यमंत्री एवं पर्यटन मंत्री दीया कुमारी ने खुशी जताते हुए इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदृष्टि, डबल इंजन सरकार की नीति और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार के सतत प्रयासों का परिणाम बताया।उपमुख्यमंत्री ने कहा- यह भारत के लिए गर्व का क्षण है। प्रधानमंत्री मोदी की



ओर से पर्यटन को वैश्विक स्तर पर स्थापित करने की सोच और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं इस सफलता की नींव हैं। जयपुर को यह सम्मान उसकी समृद्ध विरासत, सांस्कृतिक विविधता और अतिथि सत्कार के कारण मिला है।

उन्होंने पर्यटन विभाग की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि राजस्थान सरकार द्वारा आधुनिक पर्यटन अवसंरचना, संस्कृति संरक्षण, और सुविधाओं के विकास पर लगातार काम किया जा रहा है, जिससे राज्य को अंतरराष्ट्रीय मंच पर नई पहचान मिल रही है।

दीया कुमारी ने प्रदेशवासियों को इस गौरवशाली उपलब्धि के लिए बधाई दी और कहा कि यह हर उस व्यक्ति की मेहनत का परिणाम है जो राजस्थान की संस्कृति, परंपरा और मेहमाननवाजी को दुनिया तक पहुंचाने में जुटा है। यह उपलब्धि पूरे राज्य के लिए प्रेरणा है।गौरतलब है कि इस सूची में चियांग माई (थाईलैंड) पहले, टोक्यो (जापान) दूसरे, और बैंकॉक (थाईलैंड) तीसरे स्थान पर रहे। जयपुर ने होई आन (वियतनाम) और क्योटो (जापान) जैसे शहरों को पीछे छोड़ते हुए टॉप 4 में जगह बनाई है।

# हंसासरी विद्यालय में मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह सम्पन्न

## नामांकन जागरूकता रैली से गूंजा गांव, शिक्षा के प्रति दिखा उत्साह

बढ़ता राजस्थान

झुंझुनूं, (नि.स.)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, हंसासरी में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर तथा राजस्थानी परंपरा अनुसार साफा पहनाकर सम्मानित किया गया।

समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य विकास रुहिल ने की। उन्होंने विद्यार्थियों की मेहनत की सराहना करते हुए



कहा कि यह सम्मान केवल विद्यार्थियों का नहीं, बल्कि पूरे विद्यालय परिवार एवं ग्राम समुदाय के लिए गर्व की बात है। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं से निरंतर परिश्रम कर शिक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त करने का आह्वान किया।

नामांकन रैली बनी आकर्षण का केंद्र

समारोह के उपरांत विद्यालय की ओर से गांव में नामांकन जागरूकता रैली निकाली गई। डीजे, घोड़ी, बैनर और प्रेरणादायक नारों के साथ निकली इस रैली में विद्यालय स्टाफ, छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के माध्यम से अभिभावकों को अपने बच्चों को समय पर विद्यालय में नामांकित कराने का संदेश दिया गया।

सामूहिक सहभागिता से बढ़ा आयोजन का महत्व

इस कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षकों, अनेक अभिभावकों एवं ग्रामवासियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। सभी ने इस प्रकार के आयोजनों को शिक्षा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने वाला प्रेरक प्रयास बताया।

कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अध्यापक केशर सिंह द्वारा किया गया।

# स्मार्ट मीटरों विरोध; भारतीय किसान संघ ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** राजस्थान में बिजली के स्मार्ट मीटरों की स्थापना को लेकर विरोध दिनोदिन बढ़ता जा रहा है। इस योजना को लेकर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में विरोध के स्वर



बढ़ने लगे है। प्रदेशभर में स्मार्ट मीटर के विरोध की श्रंखला में भारतीय किसान संघ जयपुर प्रान्त के जिला चुरू के निर्देशानुसार सोमवार को उपतहसील साहवा में मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार को भारतीय किसान संघ साहवा इकाई ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में स्मार्ट मीटर योजना को बंद करने के साथ ही अन्य मांगो का ज्ञापन दिया गया। जिसमें अघोषित बिजली कटौती बंद करने, बीपीएल परिवारों के मीटरों में ऑडिट के नाम निकाली गई हजारों रुपये की राशि का समायोजन करने, झूलते तारों व जर्जर बिजली के खम्बो को बदलने, वर्षो पुरानी केबल बदलवाने और विधुत तन्त्र को सुधारने की मांग की गई है। इस मौके पर साहवा तहसील अध्यक्ष बनवारीलाल गिल, मंत्री एडवोकेट हजारी सैनी, धर्मपाल सहारण, मनीराम भाकर भनीन, रामकिशन पारीक, परमेशवर सहारण, अर्जुनदूत भाड़ंग, साहवा ग्राम समिति अध्यक्ष हेतराम लिखाला, मेघराज बेरवाल, किसन आसेरी, गिरधारी लमानी, राहुल भाटी, विजेंदर जोशी, मालचंद प्रिगावत, लिछमण सहू, लिछमण ख्यालिया, प्रेम सहू, हवासिंह सहारण, दिव्यांगजन प्रतिनिधि कालूराम शर्मा, महावीर सैनी, विनोद गिल इत्यादि किसान संघ सदस्य उपस्थित थे।

# श्याम बाबा के दरबार को मयूर पंखों और हरी-भरी पत्तियों से सजाया

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** मोहन नगर स्थित श्री श्याम मंदिर सेवा धाम में कामिका एकादशी का विशेष आयोजन किया



गया। मंदिर में सावन के दूसरे सोमवार पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।मंदिर में सावन की हरियाली को दर्शाते हुए विशेष श्रृंगार किया गया। श्याम बाबा के दरबार को मयूर पंखों और हरी-भरी पत्तियों से सजाया गया। विभिन्न प्रकार के पुष्पों की मालाओं से मंदिर का मनमोहक रूप निखारा गया।राधा-कृष्ण के दरबार में सावन के झूले की विशेष झांकी सजाई गई। गिर्राज धरण और राधा-कृष्ण के दरबार में हरे फूल और पत्तियों से दीपक पंडित, संदीप तिवारी, कृष्णानंद शास्त्री,अमन पंडित, मनीष जोशी , मोहित संगई, के द्वारा सजावट की गई। मंगला आरती से ही श्रद्धालुओं का मंदिर में आना शुरू हो गया और श्रृंगार दर्शन का क्रम चलता रहा।

# वित्तीय समावेशन शिविरों के संबंध में बैंकों के शाखा प्रबन्धकों की बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय की अध्यक्षता में सोमवार को उपखण्ड कार्यालय में पावटा ब्लॉक के समस्त बैंकों के शाखा प्रबन्धकों की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे वित्तीय समावेशन शिविरों के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना एवं जन-धन बचत योजना के खातों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय ने शशिधर यादव भू.अ. निरीक्षक को समस्त बैंकों से सम्पर्क करने व निष्क्रिय जन-धन खातों को पुनः चालू करवाने के लिए निर्देशित किया। उपखंड अधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार की योजनाएं जैसे अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के अन्तर्गत आम जनता को कई लाभ प्रदान किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अन्तर्गत 20 रूपये प्रतिवर्ष जमा करवाए जाने पर बीमाधारी का 2 लाख रूपये का बीमा एवं अंग भंग पर 1 लाख रूपये का प्रावधान है। वहीं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के अन्तर्गत 436 रूपये प्रतिवर्ष 18 से 50 वर्ष तक की आयु के भीतर कराए जाने पर बीमाधारी का 2 लाख रूपये का बीमा है। उन्होंने उपस्थित शाखा प्रबन्धकों को जन-धन बचत योजना में खाते खुलवाने के संबंध में भी निर्देशित किया।

# देवली उपखंड आधिकारिक के तबादला और रीडर को हटाने पर अधिवक्ताओं ने खुशियां जताते हुए मिठाई बाटी

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** उपखंड देवली के इतिहास में पहली बार एक अधिकारी के तबादला हो जाने पर खुशियां मना



कर मिठाई बांटने का मामला सामने आया,अधिकारी का ट्रांसफर होने पर सोमवार को देवली कोर्ट परिसर में अधिवक्ताओं ने मिठाई बांटकर खुशी जताई है। गौरतलब है कि एसडीओ कोर्ट में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार के विरुद्ध बार संघ देवली के द्वारा 8 जुलाई से एसडीओ कोर्ट का बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया था।बार संघ का बहिष्कार तब तक जारी रहने वाला था। जब तक देवली एसडीओ और कोर्ट के रीडर और पीए सहित कर्मचारियों का ट्रांसफर नहीं हो जाता।

# प्रतापनगर थाना परिसर में किया पौधरोपण

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** हरा भरा उदयपुर ग्रुप एवं सिंधी सेन्ट्रल



युवा सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में प्रताप नगर थाना परिसर में आज वृक्षारोपण का आयोजन किया गया । वृक्षों में सभी फलदार पौधों के साथ छायादार पौधों का भी रोपण किया गया। वृक्षारोपण में हरा भरा ग्रुप उदयपुर के संस्थापक संजय बजाज एवं सचिव लोकेश चंद्र पारख व डॉक्टर वी. नरेंद्रन उपस्थित थे। सिंधी सेंट्रल युवा समिति के महामंत्री मुकेश खिलवानी ने समस्त उदयपुर में आवश्यकता अनुसार वृक्षारोपण कार्यक्रम निरंतर जारी रखने की बात कही।

# जला माहेश्वरी महिला संगठन ने देवली के देवडावास गांव में कार्यक्रम आयोजित किया



बढ़ता राजस्थान

देवली (गोविंद सिंह सेठी)। टोंक जिला माहेश्वरी महिला संगठन के तत्वावधान मे सोमवार को देवली उपखंड के देवडावास गांव में संगिनी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया है । महिला संगठन की जिला अध्यक्ष कमलेश मूंदड़ा ने जानकारी में बताया कि यह आयोजन देवड़ावास के खेडेश्वर महादेव परिसर में हुआ है। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान महेश की पूजा दीप प्रज्वलन से हुई है । इस अवसर पर जिलाध्यक्ष कमलेश मूंदड़ा ने समाज में बढ़ती विवाह की उम्र, एकल संतान की प्रवृत्ति, सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव और सामाजिक भागीदारी में महिलाओं की कमी पर विचार रखें। इस मौके पर सचिव कुसुम झंवर ने जिला प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और 10 समितियों की जानकारी दी। जिला कोषाध्यक्ष संजू काबरा ने आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया। जिला संरक्षिका मनीषा बागला ने कार्यकर्ताओं को उनके दायित्वों का बोध कराते हुए संगठन के उद्देश्यों को नारी जागरण से जोड़ने पर बल दिया। निवर्तमान जिलाध्यक्ष रेखा जाजू ने महिला संस्कार, आत्मनिर्भरता और परंपराओं की सुरक्षा पर विशेष संवाद रखा। इस कार्यक्रम में वृक्षारोपण, मनोरंजक गतिविधियाँ, सम्मान, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ भी हुई। जिला संगठन मंत्री ऋतु मूंदड़ा द्वारा जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का पारितोषिक वितरण किया गया कार्यक्रम के मंच का। संचालन अनीता बिड़ला ने बखूबी निभाया।

# मिथ्यात्व की भावना जैसे जैसे कम होगी मनुष्य परमात्मा की ओर दौड़ेगा:विरलप्रभाश्री

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** सूरजपोल स्थित दादाबाड़ी में साध्वी विरल प्रभा श्रीजी ने कहा कि अनंत बार आत्मा ने जीव लिया और समाप्त हुआ। जीव का भटकना चालू है। जब तक मिथ्यात्व है तब तक यह क्रम चलता रहेगा। लक्ष्य जब तक स्पष्ट नही होगा तब तक यही होगा। साधु-साध्वियों के दर्शन की उत्सुकता हो, परमात्मा के दर्शन की इच्छा हो तब तक सम्यकत्व रहेगा। परमात्मा ने जो कहा वह सत्य है मानेगा नहीं। मिथ्यात्व की भावना जैसे जैसे कम होगी वो परमात्मा की ओर दौड़ेगा। मैं सबका प्रिय रहूं यह भावना रहनी चाहिए। मैं कुछ बोलूं और लोग मुंह फेर लें ऐसी भावना कोई नही चाहता। अगर ऐसी भावना हो यो समझ लेना कि मिथ्यात्व कम हो रहा है और सम्यकत्व की ओर बढ़ रहे हैं।साध्वी श्री ने कहा कि अगर घर में बच्चे डर रहे हैं तो मिथ्यात्व है। बच्चे इच्छा करते हैं, पूछते हैं कि घर कब आओगे तो सम्यकत्व बढ़ रहा है। जो बोलूं घर में स्वीकार कर लें। घर से अगर कोई अलग भी हो तो आंसू आ जाएं। अब ऐसे घर कम ही रह गए हैं। बाहर दुर्घटना हुई तो जल्दी ठीक हो जाएंगे। घर में दुर्घटना हो गई तो दिल टूट जाएंगे और वो कभी ठीक नही होगी। दिल बड़ा रखो, कभी दुर्घटना नही होगी। जैसे बेटी को समझाते हो, बहू को भी वैसे ही समझाओ। जो हमारे पास है वही देंगे। जैसे विचार होंगे, वही देंगे। सास के रहते हुए बहू खुद को सेठानी न माने।साध्वी विपुल प्रभा श्रीजी ने कहा कि पीहर में तो मां के लिए पहले खाना बनाकर रखना। मां के खाने के बाद खाना होता था। ससुराल में ये प्रवृत्ति क्यों बदल गई। मां के लिए जीव देते हैं सास के लिए नही तो समझना कि दिल छोटा हो गया है। साध्वी कृतार्थ प्रभा श्रीजी ने गीत प्रस्तुत किया।

# जिसके मन में अधिक पाने की इच्छा,वह गरीब-आचार्य ज्ञानेश

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** न्यू भूपालपुरा स्थित अरिहंत भवन में विराजमान आचार्य प्रवर ज्ञानचंद्र महाराज ने आज धर्मसभा में बोलते हुए कहा कि जिसके मन में अधिक पाने की इच्छा है वह गरीब है। शिखर तक पहुंचने के लिए बाहरी दौड़ लगाएंगे तो वहां तक नहीं पहुंचोगे। इच्छाएं सीमित करिए। लोभी चौकीदार है। लोभी का धन किसी के काम नहीं आता। पैसा चाहिए तो बाहर मत भागिए। अच्छे काम करिए पैसा



अपने आप आएगा।उन्होंने कहा कि आजकल पढ़ना हो या नौकरी चाहिए। बिना जैक और चेक के काम होना मुश्किल हो गए है। जिनको दिमाग, भुजाएं और अपने पर कॉन्फिडेंस हो तो जैक चेक की जरूरत नहीं पड़ती। आचार्य ने कहा कि अभी चतुर्मास में अनंतकाय के जीवों की भरपूर उत्पत्ति का समय चल रहा है। हमें यतना रखने की जरूरत है।उन्होंने कहा कि मेरे पास एक व्यक्ति आया और बोला जैन धर्म इतना अच्छा है, फिर भी जैनी कम क्यों है। मैंने कहा देखो यदि यह कह दिया शराब पियो, मांस खाओ, अंडा खाओ, सब चलेगा तब भी तुम धर्मी हो, यदि ऐसा हो जाए तो सारा जहान जैनी बन जाएगा। जैनी की ये सब नहीं चलते, इसलिए जैनु कम है।जैन धर्म का प्रभाव क्वालिटी से है, क्वांटिटी से नहीं है। इसलिए 36 काम में से जहां जैनी का मकान है, वहां सभी जनें मकान लेने के लिए तैयार हैं। क्योंकि जो क्वालिटी जैनियों के खून में मिली है, वे संस्कार ही जैनियों का प्रभाव बनाए हुए हैं ।आचार्य ने बताया कि हमारे यहां हर काम में महिलाएं आगे हैं। सभा के संचालन हो या दान का काम हो, सब में महिलाएं उत्साह दिखा रही हैं। एक बहन आई उसने गुप्त दान दिया तो दूसरी बहन आई 4 महीने चातुर्मास में यहां स्वधर्मि सेवा का लाभ लेना है। सुषमा अनिल बंब स्वधर्मि सेवा का लाभ लिया। सभा में रिटायर्ड जज श्री प्रकाश चंद पगारिया जी भी उपस्थित थे।

# वृक्षारोपण करने से जीवन में सुख-शांति और समृद्धि की प्राप्ति होती है -मोहन लाल सैनी

### हरियालों राजस्थान अभियान के तहत वृक्षारोपण

बढ़ता राजस्थान

पावटा (सुशील कुमार बंसल )। माता सुंदरी देवी सर्व समाज उत्थान समिति की ओर से सोमवार को हरियालों राजस्थान व एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत एक विशेष आयोजन किया गया। इस मौके पर भाजपा नेता एवं विराटनगर विधायक पुत्र आशिष धनकड़ के जन्मदिन पर कस्बे के मुरलीधर मंदिर परिसर और पावटा पशु चिकित्सालय में वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम का नेतृत्व पशु चिकित्सा पालन ब्लॉक अधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र सराधना ने किया। उन्होंने एनजीओं सदस्यों को वृक्षों की सुरक्षा हेतु 05 ट्री गार्ड की व्यवस्था करते हुए कहा कि वृक्षारोपण करना न केवल पर्यावरण को बचाने के लिए जरूरी है, बल्कि यह हमारे



भविष्य के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है। शिक्षाविद रतन लाल आर्य ने कहा कि वृक्षारोपण के माध्यम से हम न केवल अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ और स्वस्थ बना सकते हैं, बल्कि यह हमारे समाज के लिए भी एक बड़ा योगदान होगा। मंदिर पुजारी अमित शर्मा ने कहा कि हमें अपने आसपास के वातावरण को बचाने के लिए वृक्षारोपण कर पेड़-पौधों की देखभाल करनी चाहिए। कार्यक्रम संयोजक मोहन लाल सैनी ने कहा कि हमारी संस्था द्वारा 01 जुलाई को पौधारोपण अभियान की शुरूआत की गई थी, जो जन सहभागिता से निरंतर जारी है। उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण करना एक पवित्र कार्य है और इससे हमें अपने जीवन में सुख-शांति और समृद्धि की प्राप्ति होती है। इस दौरान शिक्षाविद गजानंद टीलावत, पशुधन सहायक गोविंद भारद्वाज, मदन लाल सैनी, श्रीकांत मिश्रा, रोहिताश स्वामी, रतिदान यादव, रोहिताश यादव, युवा नेता योगेश सैनी, श्याम सुंदर, मालचंद आर्य एनजीओं सदस्य समेत कई लोग मौजूद रहे।

# स्मार्ट मीटर लगाए जाने की विरोध में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने उठाई आवाज

## स्मार्ट मीटर योजना पर रोक लगाने की मांग, कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** सोमवार को यहां नगर कांग्रेस कमेटी ने स्मार्ट मीटर योजना पर रोक लगाने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री के नाम देवली उपखंड कार्यालय में ज्ञापन सौंपा है। नगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ जिंदल ने ज्ञापन में बताया कि स्मार्ट मीटर योजना से आमजन को आर्थिक तौर पर कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा हैं। जिसमें अत्यधिक बिलिंग, तकनीकी खामियां और गोपनीयता संबंधी, विवाद निस्तारण आदि शामिल हैं। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि यहां स्मार्ट मीटर योजना के तहत मीटर परिवर्तन के लिए उपभोक्ता की अनुमति और सहमति को दर



किनार किया जा रहा है । ऐसे में कंपनी के कर्मचारी द्वारा बिना किसी सूचना के अवैधानिक तरीके से स्थापित मीटर को मौके पर ही क्षतिग्रस्त कर नया स्मार्ट मीटर लगा दिया जाता है। जो योजना का उल्लंघन है। ज्ञापन में कहा कि स्मार्ट मीटर योजना से अधिक बिल राशि आने से गरीब और बीपीएल परिवारों को गंभीर संकट उत्पन्न होगा और गोपनीयता संबंधी चिंताओं को लेकर गंभीर आपत्तियां व्यक्त की जा रही हैं। इस दौरान कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी ने जरिय ज्ञापन मांग की है कि स्मार्ट मीटर की अनिवार्य स्थापना पर तत्काल रोक लगाई जय तथा मौजूदा शिकायतों की स्वतन्त्र जांच कराई जाए और गलत बिलों की धनवापसी सुनिश्चित की जाए। इसके अलावा कांग्रेस नेताओं ने मांग की है कि पारम्परिक मीटर विकल्प को बनाए रखने की अनुमति दी जाए।और इस योजना पर जनता के प्रतिनिधियों के साथ विस्तृत चर्चा की जाए। इस दौरान शहर अध्यक्ष सौरभ जिंदल, ब्लॉक अध्यक्ष महादेव, कुलदीप सिंह राजावत, नीरज शर्मा पूर्व अध्यक्ष मुकेश गर्ग, विनोद पुजारी, संपत राम सुवालका पूर्व सरपंच गोवर्धन मीणा,इरफान आजमी, आशाराम धाकड़, दीपेंद्र ?चोधरी, सत्यनारायण सरसडी, कुन्दन नथैया, शम्मी, टीकम चंद सेन राजू पाठक,प्रेम देवी, राजीव जैन, समेत कई कांग्रेसी कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे है।

# तीज उत्सव 2025 में सामाजिक सरोकारों के अंतर्गत हुआ महिला विभूतियों का सम्मान

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। राजस्थान की पारंपरिक संस्कृति और नारी शक्ति के सम्मान में आयोजित होने वाला सर्वभूत कल्याणं द्वारा भव्य कार्यक्रम तीज उत्सव 2025 का आयोजन रविवार, 20 जुलाई को मालवीय नगर अपैक्स सर्किल स्थित होटल हयात पैलेस जयपुर में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जयपुर ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर और कार्यक्रम की मुख्य संरक्षक अतिरिक्त निदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग राजस्थान सरकार अनुपमा टेलर ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया और कार्यक्रम में सामाजिक क्षेत्र के साथ अन्य क्षेत्रों में अपनी विशिष्ट उपलब्धि रखने वाली महिलाओं का सम्मान किया गया।



कार्यक्रम में प्रोफेसर गुंजन गर्ग, डॉ शालिनी राठौर, धर्मिता चौधरी, लता खंडेलवाल, अर्चना कुमावत, नेहा जोशी, शिवांगी सिंह राव, सपना शर्मा, मीनाक्षी राठौर, मंजू राठौर, निकिता शेखावत, सीमा मंगल, नूपुर भारद्वाज, बिंदिया राठौर, प्रियंका गोयल, माधुरी शर्मा, आरजे प्रेक्षा, डिंपल शर्मा, सुमन ब्यादवाल ओर एंकर अनिमा को सम्मानित किया गया।

सर्वभूत कल्याण सामाजिक संस्था के प्रतिनिधि विकास वर्मा और सुनीता सैनी ने बताया इस कार्यक्रम को करने का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण, सांस्कृतिक विरासत का संरक्षण एवं सामाजिक सामाजिक सरोकारों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली महिलाओं का सम्मान करना था। कार्यक्रम का आयोजन सामाजिक संस्था सर्वभूत कल्याण द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा तीज उत्सव की थीम पर कई प्रतियोगिताएं करवाई गई साथ ही पारंपरिक एवं आधुनिक फैशन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रतियोगिताओं में विनर रहने वाली महिलाओं को भी सम्मानित किया गया।

## जयपुर के स्वास्थ्य लाभ हेतु मलेश्वर महादेव व खाटू श्यामजी के दर्शन कर की प्रार्थना





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** विजयवर्गीय समाज से जुड़े जगतपुरा अध्यक्ष बनवारी लाल विजय (बांदीकुई)ने बताया कि बरसात के मौसम में उत्पन्न हो रही बीमारियों से निजात पाने और जयपुरवासियों के अच्छे स्वास्थ्य की कामना हेतु तहसील चोमू में पहाड़ों पर स्थित स्वयंभू श्री मलेश्वर महादेव के दर्शन किए गए। इसके पश्चात रिंगस स्थित खाटू श्यामजी के दर्शन कर भी जयपुर के स्वास्थ्य एवं सुख-समृद्धि के लिए मंगल कामनाएं की गईं। इस धार्मिक यात्रा में बनवारी, पुष्पा, गिर्राज, शिल्पा, घासीपुरा निदेश- शेफाली तलाव, वासु,दर्श, व्यूह, भव्य, श्रीमती इंदिरा, घासीपूरा आदि श्रद्धालु शामिल हुए और सामूहिक रूप से प्रार्थना की।

## राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के स्वर्ण जयंती वर्ष में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत श्रावण मास वृक्षारोपण कार्यक्रम में हुआ पौधरोपण

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर द्वारा संस्थान के स्वर्ण जयंती वर्ष एवं एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत श्रावण मास में 30 दिवसीय सतत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान परिसर स्थित धन्वंतरि उपवन, जामडोली में कुलपति प्रो. संजीव शर्मा द्वारा पौधरोपण कर की गई।कार्यक्रम का आयोजन द्रव्यगुण विभाग एवं वृक्षायुर्वेद विभाग के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रो. सी. आर. यादव, प्रो. सुदीप्त रथ, प्रो. रामकिशोर जोशी, प्रो. किरण श्रीवास्तव, डॉ. सुमित नथानी, डॉ. सर्वेश अग्रवाल, डॉ कमला नागर, डॉ. दीप्ति भाकुनी, डॉ. जागृति शर्मा, डॉ. तरुण शर्मा, डॉ. नितेश, डॉ. राहुल शर्मा, डॉ आयुषी सहित संस्थान के शिक्षकगण, अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे और सभी ने पौधरोपण में सहभागिता की।इस अवसर पर कुलपति प्रो. संजीव शर्मा ने कहा आज के समय में पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण हेतु वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। यह अभियान आयुर्वेद की उस मूल भावना से जुड़ा है जिसमें प्रकृति को माँ का दर्जा दिया गया है। 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान हमें न केवल हमारी मातृभूमि बल्कि संपूर्ण पर्यावरण के प्रति भी जिम्मेदार बनाता है।इस वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत संस्थान के चिकित्सक, शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं विद्यार्थी धन्वंतरि उपवन में औषधीय एवं पर्यावरणीय महत्त्व के पौधों का रोपण कर रहे हैं।कार्यक्रम के दौरान डॉ. सुमित नथानी ने विद्यार्थियों को औषधीय पौधों की विशेषताओं एवं उनके आयुर्वेद में उपयोग की जानकारी प्रदान की।यह वृक्षारोपण अभियान पूरे श्रावण मास तक चलेगा, जिसमें संस्थान के विभिन्न विभाग नियमित रूप से पौधारोपण करते हुए न केवल हरियाली बढ़ाने में योगदान देंगे, बल्कि विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति संवेदनशील और जागरूक भी बनाएंगे।



## इंडिक्यूब स्पेसेस लिमिटेड की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश बुधवार को खुलेगी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/।** इंडिक्यूब स्पेसेज लिमिटेड (पहले इंडिक्यूब स्पेसेज प्राइवेट लिमिटेड, इनोवेंट स्पेसेज प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) (कंपनी) अपनी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) बुधवार, 23 जुलाई, 2025 को खोलने जा रही है। एंकर इन्वेस्टर बिडिंग एक दिन पहले यानी मंगलवार, 22 जुलाई, 2025 को होगी। यह ऑफर शुक्रवार, 25 जुलाई, 2025 को बंद हो जाएगा।इस ऑफर के लिए प्राइस बैंड ?225 प्रति इक्विटी शेयर से लेकर ?237 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। बिडर कम से कम 63 इक्विटी शेयरों के लिए और उसके बाद 63 शेयरों के गुणकों में बोली लगा सकते हैं।इस आईपीओ में 6,500 मिलियन तक के नए इक्विटी शेयर जारी किए जाएंगे (फ्रेश इश्यू) और प्रमोटर सेलिंग शेयरहोल्डर्स - ऋषि दास और मेघना अग्रवाल द्वारा ?500 मिलियन तक के ऑफर फॉर सेल शामिल हैं।कंपनी ने अपने एलिजिबल कर्मचारियों के लिए 15 मिलियन तक के इक्विटी शेयरों का रिजर्वेशन भी रखा है, जिसे एम्प्लॉई रिजर्वेशन पोर्शन कहा जाएगा। एलिजिबल कर्मचारियों को एम्प्लॉई रिजर्वेशन पोर्शन में बिडिंग करने पर प्रति इक्विटी शेयर ?22 का डिस्काउंट मिलेगा। एम्प्लॉई रिजर्वेशन पोर्शन को छोड़कर बाकी ऑफर को नेट ऑफर कहा जाएगा। कंपनी के इक्विटी शेयरों को बीएसई (बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज) और एनएसई (नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) पर लिस्ट करने का प्रस्ताव है। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड और जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड इस ऑफर के लिए बुक रनिंग लीड मैनेजर्स हैं।

## कोटपूतली-बहरोड़ को नया पुलिस अधीक्षक मिला: आईपीएस देवेंद्र कुमार बिश्नोई होंगे नए एसपी,जल्द संभालेंगे कार्यभार

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** जिले के पुलिस अधीक्षक राजन दुष्यंत का स्थानांतरण कर दिया गया है। उनकी जगह अब वर्ष 2012 बैच के आईपीएस देवेंद्र कुमार बिश्नोई को कोटपूतली-बहरोड़ का नया पुलिस कप्तान नियुक्त किया गया है। हालांकि, बिश्नोई ने अभी तक कार्यभार ग्रहण नहीं किया है, लेकिन उनके आने की तैयारी प्रशासनिक स्तर पर शुरू हो गई है।

### अनुभवी और अनुशासित अधिकारी

मूल रूप से हरियाणा के हिसार जिले से ताल्लुक रखने वाले देवेंद्र कुमार बिश्नोई का जन्म 24 मई 1967 को हुआ था। उन्होंने डीएन कॉलेज, हिसार से बीएससी (बॉटनी) और बाद में एलएलबी की डिग्री हासिल की। अपने करियर की शुरुआत बीएसएफ (सीमा सुरक्षा बल) से करने के बाद वे राजस्थान पुलिस में आरपीएस अधिकारी के रूप में शामिल हुए और बाद में आईपीएस पद पर पदोन्नत हुए।

### प्रभावशाली सेवा रिकॉर्ड

बिश्नोई को पुलिसिंग और सुरक्षा का लंबा अनुभव है। वे पूर्व में बीकानेर स्थित आरएसी बटालियन में कमांडेंट, झुंझुनूं, गंगापुर सिटी, भरतपुर, अजमेर, एसीबी बीकानेर, यातायात पुलिस जयपुर, और पुलिस मुख्यालय जयपुर सहित कई महत्वपूर्ण पदों पर सेवाएं दे चुके हैं।

### जनता की उम्मीदें

सीमावर्ती व औद्योगिक गतिविधियों से सक्रिय कोटपूतली-बहरोड़ जैसे जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखना हमेशा एक चुनौती रहा है। ऐसे में नागरिकों को उम्मीद है कि बिश्नोई जैसे सख्त, अनुशासित और ज़मीन से जुड़े अफसर के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन और अधिक मज़बूत और प्रभावी होगा।पुलिस महकमे में भी उनके आगमन को लेकर सकारात्मक माहौल है और माना जा रहा है कि वे गुड गवर्नेंस और पारदर्शी प्रशासन की दिशा में ठोस पहल करेंगे।

## होम बेस्ड पैलिएटिव केयर वाहिनी को जिला कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** जिले में गंभीर एवं असाध्य रोगों से पीड़ित मरीजों की देखभाल हेतु होम बेस्ड पैलिएटिव केयर वाहिनी को जिला कलक्टर प्रियंका गोस्वामी ने सोमवार को कलेक्ट्रेट से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। उन्होंने मौके पर मौजूद सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत व अन्य विभागीय अधिकारियों को रूट चार्ट व कार्यक्रम अनुसार मरीजों को चिकित्सक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए. इस दौरान सीएमएचओ ने जानकारी दी कि यह सेवा एक चिकित्सा उपकरणों से सुसज्जित सम्पूर्ण देखभाल करने वाली मोबाइल यूनिट है।

**क्या है पैलिएटिव केयर कार्यक्रम**

सीएमएचओ ने बताया कि राष्ट्रीय पैलिएटिव केयर कार्यक्रम भारत सरकार द्वारा शुरू किया गया एक कार्यक्रम है जिसका उद्देश्य गंभीर रूप से बीमार और लाइलाज बीमारियों से पीड़ित मरीजों और उनके परिवारों को बेहतर जीवन स्तर प्रदान करना है। यह कार्यक्रम, विशेष रूप से कैंसर, हृदय रोग, स्ट्रोक, गुर्दे की बीमारी, एड्स, और दीर्घकालिक श्वसन रोगों जैसे रोगों से पीड़ित मरीजों के लिए है। उन्होंने बताया कि इसमें प्रशिक्षित डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ एवं स्वास्थ्य कर्मी तैनात रहेंगे। इसका उद्देश्य इलाज ही नहीं बल्कि लक्षणों को नियंत्रित कर मरीज़ और उसके परिजनों की जीवन गुणवत्ता में सुधार लाना है। साथ ही बीमारी से ग्रसित मरीज़ों व परिजनों को समझाना, मानसिक शिक्षा देना, बीमारी से जूझने के लिए मरीज़ को तैयार किया जाएगा। टीम की ओर से परिजनों को भी प्रतिदिन मरीज की देखभाल के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा।इस दौरान डॉ. प्रमोद सिंह भदोरिया डिप्टी सीएमएचओ, डॉ. अरविन्द अग्रवाल आरसीएचओ, रविकांत जांगिड जिला कार्यक्रम समन्वयक, सूबेदार सिंह एवं विक्रम नर्सिंग अधिकारी एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।



## अग्रवाल समाज समितिकी बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

कोटपूतली(बिल्लूराम सैनी)। स्थानीय अग्रसेन भवन में अग्रवाल समाज समिति की बैठक रविवार को अध्यक्ष योगेश शरण बंसल एडवोकेट की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मीडिया प्रभारी हेमंत मोरीजावाला ने जानकारी देते हुए बताया कि नये अग्रसेन भवन के लिए जमीन खरीदने के बारे में विस्तार से चर्चा की गई।वर्तमान अग्रसेन भवन मे अग्रसेन जयंती से पहले रंग रोगन एवं मरमत कार्य करवाने पर सभी सदस्यों ने सहमति जताई। इस दौरान बैठक में उपाध्यक्ष कुलदीप बंसल, महामंत्री नितेश बंसल, कोषाध्यक्ष नरसिंह दास अग्रवाल, मंत्री प्रमोद गोयल, हरिनारायण मोरीजावाला, रामविलास सिंघल, अमरनाथ बंसल, गोविंद बीदाणी, दिनेश सिंघल, सांवरमल गोयल, योगेश बंसल, मनोज अग्रवाल, सूर्यकांत मोदी सहित कई सदस्य मौजूद रहे।




## कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी टोंक
## खुली निविदा सूचना 01/2025-26

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, टोंक की ओर से फोटो कॉपी व बाईंडिंग कार्य व्यवस्था के लिए निविदा हेतु सक्षम आपुर्तिकर्ताओं से दर संविदा करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा से संबंधित विवरण वेबसाइट www.sppp.raj.nicin पर देखा जा सकता है।

NIB CODE - MHS2526A1799
UBIN NO- MHS2526SSOB02781

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,टोंक**

## राजस्थान सरकार

कार्यालय राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय-शाहपुरा, जयपुर अ
आयुष्मान आरोग्य मंदिर, (आयुष) मनोहरपुर दरवाजा, शाहपुरा, जयपुर 300100
govt.ayu.hos.shpurjp@rajsthan.gov.in/01422-299048

क्रमांक:- स्टोर/क.म.वि.मै/493 दिनांक:-15/7/2025

कम्प्यूटर ऑपरेटर मय मशीन की सेवाओं हेतु सीमित निविदा सूचना 04/2025-26

कार्यालय राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय शाहपुरा, जयपुर अ क्षेत्र के अन्तर्गत 01 कम्प्यूटर ऑपरेटर मय मशीन एवं वेब कैमरा (अनुमानित लागत:- 1.56 लाख) हेतु इच्छुक फर्मों से दिनांक 22.7.2025 को दोपहर 1.00 बजे तक टू-पार्ट बोली/निविदायें (बिड) आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्य की अनुमानित लागत 1.56 लाख रुपये है। संबंधित समस्त सूचनायें विवरण व शर्तें वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in पर देख सकते हैं एवं डाउनलोड की जा सकती है।

NIB 1-AYU2526A0242
UBN 1- AYU2526SSLB00240

DIPR/C/10084/2025

**प्रधान चिकित्साधिकारी, प्रभारी**
**राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय**
**शाहपुरा, जयपुर (अ) (राज)**


## हरेला अब उत्तराखंड से निकलकर पूरे देश का पर्व बन गया है- बांसुरी स्वराज

बढ़ता राजस्थान

जयपुर/नई दिल्ली । जन्मभूमि और मातृभूमि के साथ उत्तराखंड देवभूमि देश को प्रेरणा देने का कार्य करती है। चाहे उत्तरायणी हो या हरेला प्रकृति के सम्मान और पर्यावरण के संरक्षण का संदेश दुनियाभर को उत्तराखंड से ही मिलता हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का देवभूमि के प्रति विशेष प्रेम भाव है और यहां की मातृशक्ति और समर्पित मेहनती लोगों के बल पर ही इस दशक को उत्तराखंड का दशक कहा जाता है।

ये विचार नई दिल्ली के गोल मार्केट स्थित जैन भवन में पर्वतीय लोकविकास समिति और अपनी धरोहर न्यास द्वारा आयोजित राष्ट्रीय हरेला उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और उत्तराखंड प्रभारी श्री दुष्यंत गौतम ने व्यक्त किए।




हरेला उत्सव का उद्घाटन करते हुए नई दिल्ली लोकसभा क्षेत्र की सांसद सुश्री बांसुरी स्वराज ने कहा कि हरेला अब उत्तराखंड से आगे निकलकर पूरे देश का राष्ट्रीय उत्सव बन रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान एक वृक्ष माँ के नाम में हरेला की ही प्रेरणा है। जन-जन को हरियाली को बढ़ाने और वृक्षारोपण को दिनचर्या का हिस्सा बनाने की आवश्यकता है। पर्वतीय लोकविकास समिति की पहल हरेला को केवल पेड़ लगाने मात्र तक सीमित न कर उसे धरोहर मानकर उसकी रक्षा और पोषण की जिम्मेदारी लेने का अभियान है। निश्चित रूप से हरेला लोगों में जागृति लाने का काम करेगा।

विशिष्ट अतिथि पटपड़गंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक रविंद्र सिंह नेगी ने कहा कि दिल्ली में पहाड़ के लोग अपनी योग्यता,कर्मठता और ईमानदारी के लिए तो जाने ही जाते हैं लेकिन हमारे उत्सव और संस्कृतिक कार्यक्रम भी समाज में बड़ा और व्यापक संदेश देते हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि उत्तरायणी अभियान दिल्ली में 20 वर्ष में राष्ट्रीय अभियान सिद्ध हुआ है इसी प्रकार पर्वतीय लोकविकास समिति की पहल पर एक व्यापक स्वरूप में हरेला पर्व भी लोकप्रिय सिद्ध होगा। इस अवसर पर भारतीय राजस्व सेवा के पूर्व अधिकारी डॉ.डी.पी.सेमवाल पूर्व सैन्य अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल अरविंद सिंह रावत,सुप्रसिद्ध संस्कृत विद्वान,प्रशासक और संसदीय संस्कृत परिषद के अध्यक्ष डॉ. जीतराम भट्ट,उत्तराखंड से आए विख्यात कृषि विज्ञानी नरेंद्र मेहता,शीर्ष शिक्षाविद और लेखक प्रो. सुरेश बंदूनी, वरिष्ठ साहित्यकार और दिल्ली विश्वविद्यालय के प्राध्यापक प्रो. हरेंद्र सिंह असवाल,शिक्षाविद संजय भारतीय,पूर्व निगम पार्षद और भाजपा नेत्री श्रीमती माया सिंह बिष्ट,लेखक और भाषाविद रमेश चंद्र घिल्डियाल,पूर्व शिक्षा उपनिदेशक और समाजसेवी डॉ. राजेश्वरी कापड़ी, शिक्षाविद एवं समाजसेवी लाखीराम डबराल और पूर्व प्रशासनिक अधिकारी एवं समाजसेवी श्री दुर्गा सिंह भंडारी को राष्ट्र गौरव सम्मान प्रदान किया गया। धरोहर सम्मान से सामाजिक कार्यकर्ता श्री नेपाल सिंह,शिक्षाविद,लेखक, पीजीडीएवी कॉलेज के प्रो.मनोज कुमार कैन,पत्रकार और समाजसेवी श्री मंगल सिंह नेगी,श्री अनिल पंत,सामाजिक कार्यकर्ता शशि मोहन रावत,श्रीमती लक्ष्मी नेगी,श्रीमती तृप्ति जोशी, समाजसेवी श्री राजेश डंडरियाल,श्री दिनेश बम,श्री संजय मठपाल, डॉ.नवदीप जोशी और डॉ. विपिन मैखुरी को सम्मानित किया गया।


## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड मालपूरा

क्रमांक: 710 दिनांक: 14-7-2025

निविदा सूचना संख्या : 12/2025-26 खण्ड मालपुरा

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से खण्ड मालपुरा में सड़क/भवन निर्माण हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान एवं राज्य सरकार के अन्य विभागों तथा केन्द्र सरकार के अधिकृत संवेदकों जो कि राजस्थान सरकार के (ए) एवं (एए), (बी), (सी), (डी) श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जायेगी। निविदा से संबंधित विवरण वेबसाईट साईट www.dipronline.org व www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

| | |
|---|---|
| NIB code - | PWD2526A1958 |
| 1. | PWD2526SLRC07006 |
| 2. | PWD2526SLRC07007 |
| 3. | PWD2526SLRC07008 |

**अधिशाषी अभियन्ता**
**सा.नि.वि. खण्ड मालपुरा**

## सम्पादकीय

# संसद में हंगामा मतलब समय और संसाधनों की बर्बादी

वास्तव में, देश के विपक्षी दल और विश्व की ताकतें बखूबी जानते हैं कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सैन्य बलों ने किस कारनामे को अंजाम दिया है। भारत की बढ़ती सैन्य शक्ति और मोदी सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति से दुनिया हतप्रभ है।

संसद के मानसून सत्र की शुरुआत हो चुकी है और जैसा कि उम्मीद थी, सत्र की शुरुआत हंगामेदार रही। विपक्ष पहलगाम हमले, ऑपरेशन सिंदूर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के मध्यस्थता के दावों, बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण, मणिपुर, चीन जैसे विषयों पर नारेबाजी कर सरकार को घेरने की कोशिश कर रहा है। विपक्ष ने दोनों सदनों में पहलगाम हमला और ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की मांग करते हुए नारेबाजी की। राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- पहलगाम हमले के आतंकी अब तक पकड़े नहीं गए। मारे भी नहीं गए। ट्रम्प 24 बार कह चुके हैं कि हमने युद्ध रुकवाया। सरकार को इन सभी जवाब देना चाहिए। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा- हम चर्चा करेंगे और हर तरीके से करेंगे।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि, एक ओर ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक और शानदार सफलता की दुंदभि देशवासियों में ही नहीं, बल्कि वैश्विक मंच पर भी जोर-शोर से बज रही है। दूसरी ओर कांग्रेस पार्टी के नेता अपने एक एजेंडा और झूठे नैरेटिव के साथ भारत को बदनाम करने के मिशन पर चल रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद से ही राहुल गांधी बार-बार सरकार से सवाल पूछ रहे हैं कि हमारे कितने फाइटर जेट को नुकसान हुआ। दरअसल, वे पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं। उन्हें पूछना तो यह चाहिए कि हमारी वायुसेना ने पाकिस्तान को किस तरह तहस-नहस कर दिया? लेकिन राहुल गांधी द्वारा अनाप-शनाप तरीके से ऑपरेशन सिंदूर की आलोचना किसी के भी गले नहीं उतर रही है।

वास्तव में, देश के विपक्षी दल और विश्व की ताकतें बखूबी जानते हैं कि ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सैन्य बलों ने किस कारनामे को अंजाम दिया है। भारत की बढ़ती सैन्य शक्ति और मोदी सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति से दुनिया हतप्रभ है। ऐसे में ऑपरेशन सिंदूर का श्रेय कहीं राजनीतिक तौर मोदी सरकार को न मिल जाए, इसलिए विपक्ष लगातार रणनीति के तहत अनावश्यक सवाल पूछ कर ऑपरेशन सिंदूर पर सेना और सरकार को संदेह के घेरे में खड़ा कर रहा है। विपक्ष के इस रवैये से सेना का मनोबल तो गिरता ही है, वहीं देश की उपलब्धियों और गर्व के क्षणों पर भी ग्रहण लगता है।

ये कोई पहली बार नहीं है जब विपक्ष खासकर कांग्रेस किसी विदेशी नेता के बयान या रिपोर्ट के आड़ में संसद को समय बर्बाद कर रहा है। विपक्ष अपने आलोचना धर्म की आड़ में विपक्ष देश की उपलब्धियों और मान—सम्मान पर बेजा टीका—टिप्पिणयां करने से बाज नहीं आता। राजनीतिक विचारधारा की लड़ाई अपनी जगह है। पक्ष—विपक्ष में बहस, तर्क वितर्क और टीका टिप्पणी तो लोकतंत्र की प्राणवायु है। लेकिन सरकार या किसी राजनीतिक दल पर हमला करते करते देश के मान सम्मान को नीचा गिरा देना किसी भी दृष्टि से उचित नहीं है। और देश के संविधान, सुरक्षा, संप्रभुता और सम्मान से खिलवाड़ करने का अधिकार किसी को हासिल नहीं है। भले ही व्यक्ति किसी भी पद या पृष्ठभूमि से जुड़ा हुआ हो।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 22 जुलाई की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- 1209 अल्बेंसियन क्रूसेड की पहली बड़ी सैन्य कार्रवाई के रूप में एक क्रूसेडर सेना ने दक्षिणी फ्रांस में बेज़ियर्स पर कब्जा कर लिया और निवासियों की हत्या कर दी।
- 1706 स्कॉटलैंड और इंग्लैंड की संधि ने राष्ट्रीय विधायिकाओं द्वारा अनुसमर्थन के लिए लंदन में सहमत की।
- 1729 ब्राजील के एक मिनास गेराज में हीरे पाए गए।
- 1731 स्पेन ने विएना की संधि पर हस्ताक्षर किये।
- 1775 जॉर्ज वॉशिंगटन ने अमेरिकी सेना की कमान संभाली। जार्ज वाशिंगटन अमेरिका के पहले राष्ट्रपति थे।
- 1793 उत्तरी अमेरिका के मेक्सिको के उत्तर में एट्रांसकॉन्टिनेंटल क्रॉसिंग को पूरा करने वाले पहले रिकॉर्ड किए जाने वाले व्यक्ति बनने के दो दिन बाद, स्कॉटिशहेप्लेपर अलेक्जेंडर मैकेंजी ने हर्जूरनी के पश्चिमी बिंदु पर पहुंचकर एक चट्टान पर अपना नाम अंकित किया (चित्र)।
- 1802 जिया लॉन्ग ने हनोई पर विजय प्राप्त की और आधुनिक वियतनाम को एकीकृत किया, जिसने शताब्दियों के सामंती युद्ध का अनुभव किया।
- 1802 जीए लांग ने वियतनाम के अपने एकीकरण को पूरा करने के लिए हनोई पर कब्जा किया।
- 1808 फ्रेंच जनरल ड्यूपॉन्ट बेलेन की लड़ाई के बाद स्पेनिश अनियमित ताकतों को आत्मसमर्पण कर दिया।
- 1864 अटलांटा की लड़ाई में अमेरिकी नागरिक युद्ध-संघर्ष बलों ने असफल रूप से संघ के सैनिकों पर हमला किया।
- 1873 सर बेंजामिन पाइन नताल के कॉलोनी के लेफ्टिनेंट – गवर्नर बनाये गए।
- 1894 दुनिया के पहले ऑटोरेस में पहले स्थान पर रहने के बावजूद, जूल्स-अल्बर्ट डी डायन को जीत नहीं मिली, क्योंकि उनकी भाप से चलने वाली कार नियमों से अलग थी।
- 1905 टाफ़्ट-कत्सुरु गुप्त समझौता हुआ।
- 1933 विली पोस्ट, न्यूयॉर्क शहर के फ्लोयड बेनेट फील्डिन ब्रुकलिन में सात दिन, उन्नीस घंटे की उड़ान के बाद उतरने वाला, दुनिया भर में एकल उड़ान भरने वाला पहला पायलट बन गया।
- 1934 बैंक लुटेरा जॉन डिलिंगर (चित्र), जिसके कारनामे पूरे अमेरिका में हुए, शिकागो में जीवनी थियेटर के बाहर पुलिस की गोली से मारे गए।
- 1944 पोलिश सरकार के निर्वासन के विरोध में, नेशनल लिबरेशन की पोलिश समिति ने अपने घोषणापत्र को प्रकाशित किया, जिसमें विदेशी सुधारों, नाजी जर्मनी के खिलाफ द्वितीय विश्व युद्ध में लड़ने का सिलसिला, उद्योग का राष्ट्रीयकरण, और पश्चिम में एक %सभ्य सीमा शामिल थी। ।
- 1964 अफ्रीकी एकता संगठन की दूसरी बैठक आयोजित की गयी।
- 1975 स्टेनली फॉर्मन ने फोटो फायर एस्केप कॉम्प्लेक्शन लिया, जो स्पॉट न्यूज़ फ़ोटोग्राफ़ी के लिए पुलित्ज़र पुरस्कार और वर्ष का वर्डवर्ल्ड प्रेस फोटो शीर्षक था।
- 1991 अमेरिकी सीरियल किलर जेफरी डेमर को विस्कॉन्सिन के विल्वायूकी में गिरफ्तार किया गया, पुलिस ने उसके बक्से में मानव अवशेषों की खोज की।

विशेष आलेख

# राष्ट्रीय ध्वज दिवसः तिरंगे के आदर्शों को जीने का संकल्प



आर.के.जैन

**तिरंगे का डिज़ाइन स्वतंत्रता सेनानी और दूरदर्शी विचारक पिंगली वेंकय्या की देन है। आंध्र प्रदेश के मछलीपट्टनम में जन्मे वेंकय्या एक बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। वे न केवल एक स्वतंत्रता सेनानी थे, बल्कि एक भाषाविद्, भूविज्ञानी और किसान भी थे। 1916 में उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय ध्वज पर एक पुस्तक लिखी, जिसमें उन्होंने विभिन्न देशों के ध्वजों का अध्ययन करने के बाद भारत के लिए एक उपयुक्त ध्वज की आवश्यकता पर बल दिया।**

भारत के इतिहास में 22 जुलाई 1947 का दिन एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में अंकित है, जब संविधान सभा ने तिरंगे को देश के राष्ट्रीय ध्वज के रूप में औपचारिक रूप से अपनाया। यह ध्वज केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि भारत की स्वतंत्रता, एकता, विविधता और गौरव का जीवंत चित्र है। इस दिन को राष्ट्रीय ध्वज दिवस के रूप में मनाया जाता है, जो प्रत्येक भारतीय को न केवल अपने इतिहास से जोड़ता है, बल्कि राष्ट्र के प्रति उनके कर्तव्यों और जिम्मेदारियों की भी याद दिलाता है। तिरंगे के प्रत्येक रंग और बीच में स्थित अशोक चक्र में भारत की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और नैतिक भावनाएं समाहित हैं, जो इसे विश्व के अन्य ध्वजों से विशिष्ट बनाती हैं। यह ध्वज हर भारतीय के लिए गर्व का विषय है, जो स्वतंत्रता संग्राम की गाथा, बलिदानों और एकता की भावना को अपने में समेटे हुए है।

तिरंगे का डिज़ाइन स्वतंत्रता सेनानी और दूरदर्शी विचारक पिंगली वेंकय्या की देन है। आंध्र प्रदेश के मछलीपट्टनम में जन्मे वेंकय्या एक बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। वे न केवल एक स्वतंत्रता सेनानी थे, बल्कि एक भाषाविद्, भूविज्ञानी और किसान भी थे। 1916 में उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय ध्वज पर एक पुस्तक लिखी, जिसमें उन्होंने विभिन्न देशों के ध्वजों का अध्ययन करने के बाद भारत के लिए एक उपयुक्त ध्वज की आवश्यकता पर बल दिया। 1921 में, उन्होंने महात्मा गांधी को अपना डिज़ाइन प्रस्तुत किया, जिसमें केसरिया, सफेद और हरे रंग के साथ बीच में चरखा था। यह चरखा स्वदेशी आंदोलन और आत्मनिर्भरता का प्रतीक था। हालांकि, समय के साथ चरखे की जगह सम्राट अशोक के धर्म चक्र ने ले ली, जिसे 22 जुलाई 1947 को संविधान सभा ने अंतिम रूप से स्वीकार किया। वेंकय्या का यह योगदान भारतीय इतिहास में अमर है, क्योंकि उनके द्वारा रचित ध्वज आज भी भारत की शान बढ़ा रहा है।

राष्ट्रीय ध्वज का डिज़ाइन भारतीय संस्कृति और मूल्यों का एक सुंदर समन्वय है। इसके तीन रंग और अशोक चक्र न केवल सौंदर्यपूर्ण हैं, बल्कि गहरे अर्थों से युक्त भी हैं। सबसे ऊपर का केसरिया रंग साहस, बलिदान और देशभक्ति का प्रतीक है। यह उन असंख्य स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देता है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। मध्य में सफेद रंग शांति, सत्य और अहिंसा का प्रतीक है। यह रंग भारत के आध्यात्मिक चरित्र और महात्मा गांधी के अहिंसक संघर्ष को दर्शाता है, जिसने विश्व को सत्य और शांति का पाठ पढ़ाया। सबसे नीचे का हरा रंग समृद्धि, विकास और प्रकृति के प्रति भारत के गहरे लगाव को दर्शाता है। भारत की कृषि परंपरा और पर्यावरण के प्रति सम्मान इस रंग में झलकता है।

ध्वज के केंद्र में नीले रंग का अशोक चक्र इसकी आत्मा है। सम्राट अशोक के धर्म चक्र से प्रेरित यह चक्र 24 तीलियों से युक्त है, जो समय की निरंतरता, प्रगति और कर्म के महत्व को दर्शाता है। प्रत्येक तीली जीवन के 24 घंटों का प्रतीक मानी जा सकती है, जो यह सिखाती है कि कर्म और प्रगति निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। यह चक्र न केवल भारत के गौरवशाली अतीत को दर्शाता है, बल्कि कानून के शासन और संवैधानिक मूल्यों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को भी रेखांकित करता है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के अनुसार, यह चक्र सारनाथ के अशोक स्तंभ से प्रेरित है, जो अशोक के बौद्ध धर्म अपनाने और शांति के प्रचार का प्रतीक है। इस प्रकार, तिरंगा न केवल भारत की स्वतंत्रता की कहानी कहता है, बल्कि इसके नैतिक और सांस्कृतिक मूल्यों को भी विश्व के सामने प्रस्तुत करता है।

तिरंगे का महत्व केवल इसके रंगों और प्रतीकों तक सीमित नहीं है। यह ध्वज स्वतंत्रता संग्राम के उन अनगिनत आंदोलनों का साक्षी है, जिनमें लाखों भारतीयों ने हिस्सा लिया। 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम से लेकर 1947 तक, तिरंगे के विभिन्न रूपों ने स्वतंत्रता सेनानियों को एकजुट किया। 1931 में, जब भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने तिरंगे को अपने आधिकारिक ध्वज के रूप में अपनाया, तब यह स्वतंत्रता की आकांक्षा का प्रतीक बन गया। 15 अगस्त 1947 को, जब जवाहरलाल नेहरू ने दिल्ली के लाल किले पर पहली बार तिरंगा फहराया, तब यह ध्वज केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि भारत की नवजात स्वतंत्रता का परिचय बन गया।

राष्ट्रीय ध्वज का महत्व केवल औपचारिक अवसरों तक सीमित नहीं है। यह हर भारतीय के जीवन का हिस्सा है। स्कूलों में सुबह की प्रार्थना के दौरान, सरकारी भवनों पर, खेल आयोजनों में, और यहां तक कि अंतरिक्ष में भी तिरंगा भारत की शान बढ़ाता है। 2004 में, जब भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने चंद्रयान-1 मिशन के तहत चंद्रमा की सतह पर तिरंगे का प्रतीक अंकित किया, तब यह ध्वज भारत की वैज्ञानिक प्रगति का भी प्रतीक बन गया। सैन्य परेडों में, जब सैनिक तिरंगे को सलामी देते हैं, तो यह ध्वज उनके बलिदान और देशभक्ति का प्रतीक बनता है।

2002 में, भारत सरकार ने ध्वज संहिता में संशोधन करके आम नागरिकों को तिरंगे को सम्मानपूर्वक फहराने की अनुमति दी। यह निर्णय तिरंगे को जनसामान्य के और करीब लाया। भारतीय सर्वोच्च न्यायालय के इस ऐतिहासिक फैसले ने तिरंगे को एक सरकारी प्रतीक से जनता का प्रतीक बना दिया।

# संघ प्रमुख मोहन भागवत के 'रिटायर' शब्द को लेकर विपक्ष का गणित



रामस्वरूप रावतसरे

**मोहन भागवत ने क्या कहा और किस संदर्भ में कहा ये भी जानना जरूरी है। ये बात 9 जुलाई 2025 को नागपुर में हुई। वहाँ एक किताब का विमोचन था- नाम है 'मोरोपंत पिंगले: द आर्किटेक्ट ऑफहिंदू रिसर्जेंस'। ये किताब आरएसएस के दिवंगत नेता मोरोपंत पिंगले पर लिखी गई है, जो राम जन्मभूमि आंदोलन के बड़े प्रेरक थे। कार्यक्रम में भागवत ने पिंगले की विनम्रता, दूरदर्शिता और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान की तारीफकी और इस दरम्यान उन्होंने पिंगले से जुड़ा एक पुराना किस्सा भी सुनाया।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने एक कार्यक्रम में कुछ ऐसा कहा, जिसे लेकर विपक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधने का बहाना बना लिया। मोहन भागवत ने 75 साल की उम्र पूरी होने पर लोगों को साइड हो जाने और दूसरों को मौका देने की बात कही। अब चूँकि पीएम मोदी इस साल 17 सितंबर को 75 साल के हो जाएँगे, तो कॉन्ग्रेस और शिवसेना जैसे विपक्षी दल चिल्ला रहे हैं कि ये बयान मोदी जी के रिटायरमेंट का संदेश है। लेकिन क्या वाकई ऐसा है।

मोहन भागवत ने क्या कहा और किस संदर्भ में कहा ये भी जानना जरूरी है। ये बात 9 जुलाई 2025 को नागपुर में हुई। वहाँ एक किताब का विमोचन था- नाम है 'मोरोपंत पिंगले: द आर्किटेक्ट ऑफ हिंदू रिसर्जेंस'। ये किताब आरएसएस के दिवंगत नेता मोरोपंत पिंगले पर लिखी गई है, जो राम जन्मभूमि आंदोलन के बड़े प्रेरक थे। कार्यक्रम में भागवत ने पिंगले की विनम्रता, दूरदर्शिता और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान की तारीफ की और इस दरम्यान उन्होंने पिंगले से जुड़ा एक पुराना किस्सा भी सुनाया।

मोहन भागवत ने कहा मोरोपंत पिंगले जी 75 साल के हो गए थे। उस वक्त हम सब वृंदावन में एक बैठक में थे। इस दौरान शेषाद्री जी ने कहा कि आज मोरोपंत जी के 75 साल पूरे हुए हैं और उन्हें शॉल पहनाई गई। फिर उनसे बोलने को कहा गया। पिंगले जी ने मजाक में कहा कि मेरी मुश्किल ये है कि मैं खड़ा होता हूँ तो लोग हँसते हैं, बोलता हूँ तो भी हँसते हैं। लगता है लोग मुझे गंभीरता से नहीं लेते। मैं जब मर जाऊँगा, तब लोग पत्थर मारकर चेक करेंगे कि सच में मरा हूँ या नहीं। फिर पिंगले जी ने आगे कहा, 75 साल पर शॉल पहनाने का मतलब मैं जानता हूँ। इसका अर्थ है कि अब आपकी उम्र हो गई, जरा साइड हो जाओ, हमें करने दो।

ये पूरा बयान मोरोपंत पिंगले की याद में था। मोहन भागवत उन्हें निस्वार्थता की मिसाल बता रहे थे। पिंगले ने कभी अपनी तारीफ नहीं सुनी, हमेशा काम किया। यहाँ तक कि राम जन्मभूमि आंदोलन में उन्होंने अशोक सिंघल को आगे रखा, खुद बैकग्राउंड में रहे। भागवत का मकसद ये बताना था कि सच्चे नेता कैसे होते हैं, जो काम करते हैं, लेकिन सत्ता से चिपकते नहीं। उन्होंने ये भी कहा कि पिंगले उम्र के आखिरी दिनों में भी सक्रिय थे, सलाह देते थे, चिंतन करते थे।

मोहन भागवत के बयान का संदर्भ था मोरोपंत पिंगले की जिंदगी और उनकी ह्यूमर वाली बातें, न कि किसी आज के नेता पर तंज। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने करीब दो घंटे के उद्बोधन में पिंगले जी की प्रशंसा की, उनकी सादगी को याद किया। ये कोई नई पॉलिसी या संदेश नहीं था, बल्कि एक पुरानी कहानी थी, जो हल्के मूड में सुनाई गई थी। लेकिन विपक्ष ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जोड़ दिया।

## शख्सियत | बढ़ता राजस्थान

मेवाड़ के शासक महाराणा प्रताप का जन्म 09 मई को हुआ था। मुगलों के खिलाफ कई युद्ध लड़े थे और मुगल सम्राट अकबर को युद्ध की भूमि में कई बार टक्कर दी थी। महाराणा प्रताप ने मुगल शासक अकबर के सामने कभी घुटने नहीं टेके।

आज ही के दिन यानी की 09 मई को मेवाड़ के शासक महाराणा प्रताप का जन्म हुआ था। ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को महान वीर योद्धा महाराणा प्रताप का जन्म हुआ था। उन्होंने मुगलों के खिलाफ कई युद्ध लड़े थे और मुगल सम्राट अकबर को युद्ध की भूमि में कई बार टक्कर दी थी। महाराणा प्रताप ने मुगल शासक अकबर के सामने कभी घुटने नहीं टेके। महाराणा प्रताप के शौर्य और वीरता की कहानी इतिहास के स्वर्णिम अक्षरों से लिखी है। तो आइए जानते हैं उनकी बर्थ एनिवर्सरी के मौके पर महाराणा प्रताप के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

राजस्थान के मेवाड़ में 09 मई 1540 को महाराणा प्रताप का जन्म हुआ था। वह प्रताप उदय सिंह द्वितीय और महारानी जयवंता बाई के सबसे बड़े पुत्र थे। वह महान पराक्रमी और युद्ध रणनीति कौशल में दक्ष थे। मुगलों द्वारा बार-बार हुए हमलों से महाराणा प्रताप ने मेवाड़ की रक्षा की। उन्होंने कभी भी अपनी आन-बान और शान के लिए कभी समझौता नहीं किया। चाहे जितनी विपरीत परिस्थिति क्यों न हो, वह कभी हार नहीं मानते।

हल्दी घाटी में 1576 को महाराणा प्रताप और मुगल बादशाह अकबर के बीच युद्ध हुआ था। महाराणा प्रताप ने



महाराणा प्रताप ( वीर शिरोमणी )

अपनी 20 हजार सैनिक और सीमित संसाधनों के बल पर अकबर की 85 हजार सैनिकों वाली विशाल सेना से कई वर्षों तक संघर्ष किया। यह युद्ध 3 घंटे से अधिक समय तक चला था। इस युद्ध में जख्मी होने बाद भी वह मुगलों के हाथ नहीं आए।महाराणा प्रताप कुछ साथियों के साथ जंगल जाकर छिप गए। वहीं जंगलों में कंद-मूल फल खाकर लड़ते रहे। फिर यही से वह सेना को जमा करने में जुट गए।

## संस्मरण

# अद्भुत लेखन प्रतिभा के धनी थे आर के नारायण

मद्रास में 10 अक्तूबर 1906 को आर के नारायण का जन्म हुआ था। वर्तमान समय में इस जगह को चेन्नई के नाम से जाना जाता है। आर के नारायण के पिता तमिल के अध्यापक थे। ऐसे में घर में भी हमेशा पढ़ाई-लिखाई का माहौल रहता था।आज ही के दिन यानी की 13 मई को भारत के फेमस लेखक आर के नारायण का निधन हो गया था। उन्होंने हमें एक ऐसा टीवी सीरियल दिया, जिसको देखने के लिए लोगों ने टीवी तक का जुगाड़ किया। बता दें कि 80-90 के दशक में जन्मे बच्चों को आर के नारायण ने टीवी सीरियल की मदद से बेहद कमाल का बचपन दिया था। जिसको हम कभी भूल नहीं पाएंगे। तो आइए जानते हैं उनकी डेथ एनिवर्सरी के मौके पर फेमस लेखक आर के नारायण के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

मद्रास में 10 अक्तूबर 1906 को आर के नारायण का जन्म हुआ था। वर्तमान समय में इस जगह को चेन्नई के नाम से जाना जाता है। आर के नारायण के पिता तमिल के अध्यापक थे। ऐसे में घर में भी हमेशा पढ़ाई-लिखाई का माहौल रहता था। आर के नारायण ने अपना अधिकतर समय मैसूर में पढ़ाई करते हुए बताया। उन्होंने इस दौरान बच्चों को पढ़ाया और पत्रकारिता व लेखन को भी बहुत समय दिया।

बता दें कि आर के नारायण का जीवन बहुत एकांत में बीता। उन्होंने लेखन कार्य में बहुत समय दिया। आर के नारायण ने मालगुडी डेज की रचना की। इसकी कहानी को टीवी पर दिखाया गया, जिसको देखने के बाद बड़ों से लेकर बच्चों तक सभी ने अपने सुनहरे दिनों को याद किया। हालांकि यह काल्पनिक थी। लेकिन अपनी असाधारण लेखन के जरिए साधारण चरित्रों को उकेरा था। वहीं इसके रेखाचित्र को उनके भाई कार्टूनिस्ट आर के लक्ष्मण ने तैयार किया था।

आर के नारायण का नाम साहित्य के नोबेल पुरस्कार के लिए भी नामित किया गया। लेकिन उनको यह पुरस्कार कभी नहीं मिला। दरअसल इस पुरस्कार के पीछे सम्पन्न पश्चिमी देशों की राजनीति हावी रहती थी। ऐसे में उन लोगों को इस पुरस्कार से सम्मानित किया जाता था, जिनके लेखन कार्य से उनके हितों की पूर्ति होती है। लेकिन हमेशा अपनी बात को खरी भाषा में कहने वाले आर के नारायण इस कसौटी पर कभी खरे नहीं उतर सके।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
उत्तम भोजन की प्राप्ति होगी। निर्धारित कार्यों में कम सफलता मिलेगी। आज आपकी वैचारिक समृद्धि बढ़ेगी। मीठी वाणी से आप लाभप्रद, सौहार्द्रपूर्ण संबंध विकसित कर सकेंगे। उत्तम भोजन, भेंट उपहारों और वस्त्रों की प्राप्ति होगी।

**वृष**
लंबी अवधि की आर्थिक योजना के लिए दिन अनुकूल है। आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से दिन लाभदायक होगा। शारीरिक और मानसिक स्फूर्ति और ताजगी का अनुभव होगा। मित्रों तथा स्वजनों की ओर से उपहार मिलेगा।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपकी सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। परिवार में किसी शुभ और मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। किसी नए मेहमान का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

**कर्क**
मानसिक दुविधा में होने के कारण आप महत्वपूर्ण निर्णय नहीं ले सकेंगे। पानी वाली जगहों तथा अन्य गर्म तरल पदार्थों से सावधान रहें। परिवार या जमीन से संबंधित मामलों पर चर्चा और कहीं जाने की योजना टालें। दुर्घटना से बचें। नए काम करने की प्रेरणा मिलेगी।

**सिंह**
परोपकार के लिए किए काम आपको आंतरिक खुशी देंगे। आज आपकी वाणी का जादू किसी को अभिभूत करके आपको लाभ दिलाएगा। वाणी की सौम्यता नए संबंध स्थापित करने में सहायक होगी।

**कन्या**
पठन-लेखन जैसी साहित्यिक प्रवृत्तियों में अभिरुचि बढ़ेगी। परिश्रम का अपेक्षित परिणाम नहीं मिलने से थोड़े निराश हो सकते हैं। विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन कर सकेंगे। पेट की तकलीफ से परेशानी हो सकती है। सगे-संबंधियों के साथ अनबन होगा।

**तुला**
शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थता बनी रहेगी। आनंद की प्राप्ति, जीवनसाथी की निकटता और प्रवास-पर्यटन से आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज के दिन ज़रा सा भी असंयमित और अनैतिक व्यवहार आपको तकलीफ में डाल सकते हैं।

**वृश्चिक**
वाणी की शिथिलता के कारण उग्र तकरार हो सकती है। सगे-संबंधियों के साथ अनबन होगा। मनोरंजन या घूमने-फिरने के पीछे पैसे खर्च होंगे। शारीरिक, मानसिक व्यग्रता कम करने के लिए आध्यात्मिकता सहायक साबित होगी।

**धनु**
स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। परिवार में आनंद का वातावरण रहेगा। पिता तथा सरकार से लाभ मिलेगा। आर्थिक योजना अच्छी तरह पूरी कर सकेंगे। व्यापार-धंधे के लिए प्रवास की संभावना है। अन्य लोगों की सहायता करने का प्रयत्न करेंगे।

**मकर**
पारिवारिक सदस्यों के साथ सुख-शांति में दिन व्यतीत होगा। उनका सहयोग मिलेगा। दूरस्थ मित्र और स्नेहीजनों के साथ संपर्क लाभदायक साबित होंगे। अपनी प्रभावशाली वाणी से अन्य लोगों का ध्यान आकर्षित कर सकेंगे।

**कुंभ**
नौकरी-धंधे या व्यवसाय में लाभ की प्राप्ति होगी। मित्रों के साथ मुलाकात, प्रवास का आयोजन होगा। विवाहोत्सुक युवक-युवतियों के लिए सुनहरे अवसर आएंगे। पुत्र तथा पत्नी से लाभ होगा। घर के बुजुर्गों के जरिए लाभ मिलेगा।

**मीन**
शारीरिक और मानसिक ताजगी के साथ घर में भी आनंद का वातावरण रहेगा। दोस्तों से लाभ होगा। कार्य सफलता और प्रिय व्यक्ति का साथ आनंदप्रद रहेगा। आर्थिक लाभ और भाग्य वृद्धि की संभावनाएं हैं। सगे-संबंधियों के साथ अनबन होगा।

# हर हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा कृषि मंडी परिसर



## कृषि उपज मंडी में प्रतिदिन हो रहा है भगवान शिवजी का जलशाभिषेक

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** कृषि उपज मंडी में मंडी व्यापार मंडल के तत्वावधान में श्रावण मास को लेकर श्री लक्ष्मी नारायणजी मंदिर में स्थित हनुमानजी महाराज व भोलेनाथ शिव शंकरजी भगवान के संपूर्ण श्रावण मास में आचार्य पंडित रामकल्याण शास्त्री के सानिध्य में विद्वान पंडितों द्वारा हर हर महादेव व ओम नमः शिवाय के मंत्रोचारण के साथ जलशाभिषेक किया जा रहा है जिससे आस-पास का वातावरण गुंजायमान हो उठा। इस दौरान व्यापारियों व मंडी कर्मचारियों द्वारा भगवान की पूजा अर्चना एवं रुद्र के पाठ करके भोले शिवशंकर का सहस्त्रधारा से अभिषेक किया जा रहा है।मंदिर समिति अध्यक्ष केदार खंडेलवाल ने बताया कि कृषि मंडी में स्थित गुप्तेश्वर महादेव जी का संपूर्ण सावण मास में धूमधाम से सहस्त्रघट का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि श्रावण मास को लेकर भगवान श्री लक्ष्मी नारायणजी, हनुमानजी महाराज व भोलेनाथ शिवशंकरजी की फूलों से झांकी सजाई गई। इस दौरान प्रतिदिन भगवान के भोग लगाकर महाआरती की जा रही है। इस अवसर पर अध्यक्ष ओमप्रकाश चंवरिया, शिवप्रकाश पारीक, संजयकुमार भाणजा, अरविंद टोडवाल, दीपक गुप्ता, राधा मोहन, सुरेन्द्र कुमार बेनीवाल, मनीष साहु, कपिल खंडेलवाल, राकेश बोहरा, मुरारी पण्डा, राजेंद्र टोडवाल, राजेंद्र चैधरी एवं विमल जैन सहित सभी सदस्य मौजूद थे।

## जिला स्तरीय प्रगति समीक्षा बैठक

# विभागीय योजनाओं में वंचितों को जोड़ें, समन्वित प्रयासों से जिले को विकास के पथ पर अग्रसर करें : टीना सोनी

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** सम्भागीय आयुक्त भरतपुर डॉ. टीना सोनी की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार फ्लैगशिप योजनाओं, बजट घोषणा (2024-25 एवं 2025-26), राजस्थान सम्पर्क पोर्टल, आपदा राहत एवं विकास कार्यो की प्रगति समीक्षा बैठक ली। बैठक में सम्भागीय आयुक्त भरतपुर डॉ. सोनी ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी नियमित, सक्रिय व समन्वित प्रयासों से जिले को विकास के पथ पर अग्रसर करें। उन्होंने कहा कि विभागीय योजनाओं से वंचित पात्र व्यक्तियों को प्राथमिकता से जोड़ा जाए ताकि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप अंतिम पंक्ति तक लाभ पहुँचाया जा सके। बजट घोषणाओं की समयबद्ध क्रियान्विति पर जोर देते हुए उन्होंने पीएचईडी, सार्वजनिक निर्माण विभाग, चिकित्सा, विद्युत व अन्य विभागों को उनके अधीन कार्यों की सतत मॉनिटरिंग कर निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए, जिससे जनहित की परियोजनाएं समय पर समर्पित की जा सकें। संभागीय आयुक्त ने मानसून के दौरान जनधन/पशुधन, आवासीय क्षति की जानकारी लेते हुए तत्काल राहत सुनिश्चित करने एवं जिले अतिवृष्टि वाले क्षेत्रों, बनास नदी पर आने वाली रपटों, झरनों, बांधों व पिकनिक स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर सतर्क निगरानी रखने के निर्देश भी पुलिस प्रशासन को दिए। वर्षा ऋतु के दौरान मौसमी बीमारियों को दृष्टिगत रखते हुए विशेष रणनीति बनाने, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा यूडीआईडी कार्ड जारी करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जैमिनी को दिए। डॉ. सोनी ने पीएचईडी विभाग को जिले में शुद्ध पेयजल व्यवस्था सुचारु रखने तथा जल जीवन मिशन के अंतर्गत लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। विद्युत विभाग को एसटीपी, एमआरएफ प्लांट्स के लंबित कनेक्शन जोड़ने, बकाया कृषि व घरेलू कनेक्शनों के निस्तारण तथा समुचित विद्युत आपूर्ति बनाए रखने के निर्देश दिए। पंचायती राज विभाग को मनरेगा एवं सांसद/विधायक निधि से संचालित कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने, तथा आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुडानिया, उप वन संरक्षक रामानंद भाकर, अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार कस्वा, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक राकेश कुमार अटल, विद्युत विभाग, पीएचईडी व सानिवि विभाग के अधिशासी अभियंता सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



### कल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के निर्देश

*बैठक में संभागीय आयुक्त डॉ. टीना सोनी द्वारा राज्य सरकार की प्रमुख कल्याणकारी एवं विकासपरक योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन, पंच गौरव, लाड़ो प्रोत्साहन योजना, पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना, कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, पीएम विश्वकर्मा, पीएम स्वनिधि, पीएम कुसुम, एनएफएसए, अटलज्ञान केन्द्र, मिशन हरियालो राजस्थान, आरएसएलडीसी सहित अन्य योजनाओं की वर्तमान प्रगति की बिंदुवार समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।*

# पौधारोपण कर मनाया बैंक ऑफ बड़ौदा का स्थापना दिवस

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** बैंक ऑफ बड़ौदा के 118 वें स्थापना दिवस के अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा के उप महाप्रबंधक एवं क्षेत्रीय प्रमुख विमल कुमार जैन के मुख्य आतिथ्य में विगत दिवस क्षेत्रीय कार्यालय सवाई माधोपुर की ओर से बड़ौदा आर.सेटी. सवाई माधोपुर के नव निर्माणाधीन परिसर में पौधारोपण कर स्थापना दिवस मनाया गया। साथ ही मुख्य अतिथि ने नए निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर बैंक के उप क्षेत्रीय प्रमुख विकास नारंग, अग्रणी जिला प्रबंधक प्रदीप कुमार, आरबीडीएम सत्येंद्र कुमार, आर. सेटी. निदेशक नीरज गोपालिया, सहायक अग्रणी जिला प्रबंधक हरिकेश मीणा तथा राजेंद्र बैरवा, लोकेश जांगिड़, मनराज माली, कपिल कुमार सहित समस्त आर.सेटी. स्टाफ उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी ने अपने नाम का एक-एक पौधा लगाया। पौधारोपण के पश्चात क्षेत्रीय प्रमुख विमल कुमार जैन ने केक काट कर स्थापना दिवस कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। इस क्रम में कुल 118 नए पौधे लगाए गए।

# मंडालिया विद्यालय के सामने की स्थित सडक मार्ग पर गहरे गड्डों में भर हुआ है बरसात का पानी

बढ़ता राजस्थान



**निवाई( का.स. )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मंडालिया के सामने की स्थित सडक मार्ग पर गहरे गड्डों में पानी भर गया। जिससे राहगीरों सहित विद्यार्थियों को स्कूल आने आने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण हरिशंकर गुर्जर, सीताराम गुर्जर, शंकरलाल गुर्जर व रामेश्वर गुर्जर ने बताया कि गांव मंडालिया के राजकीय विद्यालय के सामने की स्थित सडक मार्ग पर गहरे गड्डों में बरसात का पानी भर गया। जिससे राहगीरों सहित विद्यार्थियों को स्कूल आने आने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि बच्चे अपनी किताबें और बैग लेकर अपने अभिभावकों का सहारा लेते हुए विद्यालय जा रहे हैं। वहीं कुछ बच्चों को तो उनके अभिभावक गोद में उठाकर विद्यालय पहुंचा रहे है। उन्होंने बताया कि गांव की सडकें पहले से ही खराब हालत में थी। ग्राम पंचायत प्रशासन द्वारा सडकों की मरम्मत के बजाय सडक पर केवल मिट्टी डलवा दी। जिससे बारिश होने पर यह मिट्टी कीचड़ में बदल गई है। इससे स्कूल जाने वाला रास्ता पूरी तरह से जलमग्न हो गया है। ग्रामीणों ने पंचायत प्रशासन द्वारा कई बार सडक निर्माण करवाने की मांग की है। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

# शुध्द पेयजल, स्वच्छता, जनसेवाओं की प्रभावी निगरानी और परिवाद निस्तारण पर जोर

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मूलभूत सुविधाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई, जिसमें जल जीवन मिशन, संपर्क पोर्टल, जनसुनवाई, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और सामाजिक सुरक्षा जैसे अहम विषयों पर विभागवार गहन समीक्षा की गई। कलक्टर ने आवश्यक सेवाओं, आपदा, चिकित्सा, पेयजल, विद्युत से संबंधित कन्ट्रोल रूम पर प्राप्त होने वाली शिकायतों की विभागाध्यक्ष द्वारा नियमित मॉनिटरिंग करने एवं संतुष्टिपूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा करते हुए पेयजल से संबंधित शिकायतों का त्वरित समाधान करने और आमजन को शुद्ध पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, डब्ल्यूआरडी एवं पंचायतीराज के बांधों, जल प्रवाह वाली रपटों सहित जलभराव वाले क्षेत्रों में चेतावनी बोर्ड लगाने, बेरिकेटिंग करने व सुरक्षा गार्ड तैनात करने के निर्देश दिए गए। संपर्क पोर्टल, सीएम जनसुनवाई और आयोगों से प्राप्त शिकायतों के प्रभावी व समयबद्ध निस्तारण को लेकर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को परिवादी से संवाद, क्षेत्र निरीक्षण व फोटोयुक्त कार्य रिपोर्ट अनिवार्य रूप से पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए। शहरी स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु नगर परिषद आयुक्त को प्रतिदिन प्रातःकालीन सफाई कार्यों का निरीक्षण करने, सब्जी मंडी के पास स्थित अस्थायी डंपिंग स्थल को अन्यत्र स्थानांतरित करने तथा भैरू दरवाजा क्षेत्र में कचरा बिंदु को वार्डवार ग्रेडिंग के आधार पर सुधारने के निर्देश दिए गए। बैठक में ग्राम पंचायतों में जलभराव की स्थिति की समीक्षा करते हुए भविष्य के लिए पंचायतवार कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, अधीक्षण अभियंता बीएल मीणा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जैमिनी, पीएमओ डॉ. तेजराम मीना, नगर परिषद आयुक्त नरसी मीना, जिला रसद अधिकारी रामभजन मीना सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहे।

# एनएफएसए के अपात्र लोगों को अन्तिम अवसर, गिव अप अभियान के तहत 160 नोटिस जारी एवं 250 नाम हटा

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम में स्वैच्छा से नाम हटाने हेतु अंतिम चरण आज से शुरू हुआ। इस चरण में 160 चिन्हित अपात्र लोगों को अधिनियम के प्रावधानों के अन्तर्गत नोटिस जारी किये गये हैं। इसके साथ ही सवाई माधोपुर शहर में स्वैच्छा से आवेदन कर खाद्य सुरक्षा सूची से 250 नाम हटाये गये है। जिला रसद अधिकारी रामभजन मीना ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि अंतिम चरण में गिव अप अभियान के पर्यवेक्षण के लिये नियुक्त उपभोक्ता मामले विभाग के उपायुक्त संजय झाला द्वारा अभियान की समीक्षा के तहत विभागीय अधिकारियों एवं राशन विक्रेताओं के साथ पंचायत समिति सभागार भवन, सवाई माधोपुर में बैठक आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि उपायुक्त ने राशन विक्रेताओं को उन अपात्र लोगों की सूची-नाम विभाग को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया है, जो बार-बार कहने के बाबजूद भी स्वैच्छिक रूप से गिव अप नहीं कर रहे हैं।

# ट्रक ने स्कूटर के मारी टक्कर, तीन घायल, दो रैफर

बढ़ता राजस्थान



**निवाई( का.स. )।** सोमवार को निवाई बाईपास पर एक ट्रक ने एक स्कूटर के टक्कर मार दी। जिससे स्कूटर सवार तीन जने गंभीररूप से घायल हो गए। घायलों में दो जनों को चिकित्सकों ने जयपुर रैफर कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उप जिला अस्पताल निवाई में उपचार के लिए भर्ती कराया। पुलिस ने बताया कि स्कूटर सवार देवराज बैरवा पुत्र हरिराम बैरवा निवासी खण्डवा, शालिक अहमद पुत्र शकील अहमद पटेल रोड निवाई व असलम अहमद पुत्र अलीम अहमद निवासी पटेल रोड निवाई जयपुर से स्कूटर पर सवार होकर निवाई आ रहे थे। इसी दौरान निवाई बाईपास पर पुलिया के समीप एक ट्रक ने स्कूटर के टक्कर मार दी। जिससे तीनों घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां से देवराज व शालिक अहमद की हालत चिंताजनक होने के कारण चिकित्सकों ने दोनों को जयपुर रैफर कर दिया।

# 108 एंबुलेंस की तैनाती में फेरबदल : दुर्घटना संभावित इलाकों में अब घायलों को मिलेगा समय पर इलाज

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** टोंक जिले में सड़क हादसों की बढ़ती घटनाओं को ध्यान में रखते हुए आईआरएडी पोर्टल पर दर्ज ईडीएआर रिपोर्ट के आधार पर 108 एंबुलेंस वाहनों की तैनाती में महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। जिला स्वास्थ्य समिति की अनुशंसा पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, टोंक द्वारा इस संबंध में आदेश जारी किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जारी आदेश के अनुसार जो एंबुलेंस, पूर्व में पुलिस थाना निवाई पर तैनात थी, उसे झिलाई मोड़, निवाई स्थानांतरित किया गया है। इसी प्रकार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, दूनी में तैनात एंबुलेंस को सरोली मोड़ पर तैनात किया गया है। वहीं, मालपुरा और सदर टोंक पर स्थित एंबुलेंस को यथावत रखा गया है, क्योंकि ये स्थल पहले से ही उच्च दुर्घटना संभावित क्षेत्र के रूप में चिन्हित हैं। उन्होंने बताया कि इससे गोल्डन ऑवर के भीतर घायलों को अस्पताल तक पहुंचाकर उनकी जान बचाने की संभावना में इज़ाफा होगा।

# जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत आज बीसलपुर बांध आएंगे

**टोंक, ( का.स. )।** प्रदेश के जल संसाधन मंत्री श्री सुरेश सिंह रावत मंगलवार, 22 जुलाई को बीसलपुर बांध (देवली) आएंगे। उनके निजी सहायक निर्भय कुमार गिरी से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंत्री श्री रावत सुबह 10 बजे बीसलपुर पहुंचेंगे। जहां वे बीसलपुर बांध में लगातार दूसरी बार जल आवक, भंडारण एवं अधिशेष जल की गेटों द्वारा निकासी की समीक्षा एवं मौके की स्थिति का जायजा लेंगे। इसके बाद श्री रावत केकड़ी के लिए प्रस्थान करेंगे।

# निवर्तमान एसपी ममता गुप्ता को पुलिस अधिकारियों ने दी विदाई, ढोल नगाड़ों के साथ पहुंचाया आवास तक

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** जिले की पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता के तबादले के बाद आज विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों द्वारा अपनी महिला कप्तान को अनोखे तरीके से विदाई दी गई। महिला कप्तान को साफा बंधाया और पुष्पगुच्छ भेंट कर माला पहनाई और फिर जिप्सी में बिठाकर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एसपी कार्यालय से ढोल नगाड़ों के साथ जुलूस के रूप में एसपी को उनके आवास तक छोड़ा। इस दौरान पुलिस अधिकारी एवं पुलिस जवान एसपी की जिप्सी के साथ-साथ पैदल चलते हुए उनके सरकारी आवास तक गए। जिस जिप्सी में एसपी ममता गुप्ता सवार हुई, उस जिप्सी को भी फूलों की मालाओं से सजाया गया। विदाई के दौरान एसपी ममता गुप्ता भावुक हो गई और उन्होंने जिले के सभी पुलिस अधिकारियों एवं जवानों को उनके कार्यकाल के दौरान दिए गए सहयोग के लिए आभार प्रकट करते हुए सभी को धन्यवाद दिया। ममता गुप्ता ने कहा कि सवाई माधोपुर में एसपी के तौर पर किए गए कार्य एवं यहां के पुलिस अधिकारियों एवं जवानों से मिले सहयोग को वे हमेशा याद रखेंगी। इस दौरान उन्होंने अपने कार्यकाल से जुड़ी यादें साझा करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। गौरतलब है कि सवाई माधोपुर में तबादले के बाद किसी एसपी को इस तरह विदाई पहली बार दी गई है। एसपी ममता गुप्ता का सवाई माधोपुर से राजसमंद एसपी पद पर तबादला हुआ है। वहीं, ममता गुप्ता की जगह अब अनिल कुमार को सवाई माधोपुर एसपी लगाया गया है।

# कुट्टी काटने की मशीन में आने से महिला का हाथ कटा, जयपुर रेफर



**निवाई( का.स. )।** गांव केरोद में कृषि कार्य करने के दौरान एक महिला का हाथ कुट्टी काटने की मशीन में आ गया। जिससे हाथ अलग हो गया और महिला गंभीररूप से घायल हो गई। सरपंच मदनलाल मीणा ने बताया कि गांव केरोद निवासर केशन्ता गुर्जर कृषि कार्य करने के दौरान कुट्टी काटने की मशीन से पशुओं के लिए कुट्टी काट रही थी। अचानक उसका हाथ कुट्टी काटने की मशीन में आ गया। जिससे उसका हाथ अलग हो गया और वह गंभीररूप से घायल हो गई। परिजनों ने घायल कैशन्ता को राजकीय उप जिला अस्पताल निवाई में भर्ती करवाया। जिसकी चिंताजनक स्थिति होने पर चिकित्सकों ने उसको जयपुर रैफर कर दिया गया। उक्त घटना को लेकर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी।

# कृषि विभाग के कर्मचारियों ने 11 सूत्रीय मांगो को लेकर जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**निवाई( का.स. )।** कृषि विभाग के कर्मचारियों ने 11 सूत्रीय मांगो को लेकर मुख्यमंत्री व कृषि मंत्री के नाम जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल को ज्ञापन सौंपा है। जिला अध्यक्ष लड्डू लाल मीणा ने बताया कि कृषि विभाग के कार्मिकों ने 11 सूत्रीय मांगों को लेकर जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल को ज्ञापन सौंपकर उक्त समस्याओं का शीघ्र निराकरण करवाने की मांग की है। जिससे कृषि विभाग के कार्मिकों को राहत मिल सकें। ज्ञापन देने वालों में निवाई पीपलू ब्लॉक अध्यक्ष सुनीता मीणा, देवली उनियारा ब्लॉक अध्यक्ष प्रहलाद गुर्जर, रामहेत मीणा, जितेंद्र चौधरी, ज्योति कलवार, कल्पना मीणा, लालचंद मीणा, युधिष्ठिर गुर्जर, मनराज यादव, रामेश्वर वर्मा, सुरेंद्र वर्मा, मुकेश चौधरी व बनवारी बैरवा सहित कई कर्मचारी मौजूद थे।

# जिला कलेक्टर ने की साप्ताहिक समीक्षा, तीज पर वृक्षारोपण और जनहित पर दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**खैरथल-तिजारा।** जिला कलेक्टर किशोर कुमार की अध्यक्षता में सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने कहा कि सांसद परिवादों को गंभीरता से लेकर उनका अंतिम समाधान सुनिश्चित किया जाए और केवल अंतरिम जवाब भेजने तक सीमित न रहते हुए की गई कार्यवाही का फॉलोअप करते हुए परिवाद का पूर्ण निस्तारण कर रिपोर्ट भेजी जाए, ताकि सुशासन की भावना को मूर्त रूप दिया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में जलभराव वाले क्षेत्रों की पहचान कर उनके स्थायी समाधान के लिए की गई कार्यवाही की जानकारी कार्यालय को भिजवाई जाए। साथ ही सभी विभागों को निर्देशित किया गया कि वे अपने स्तर पर साप्ताहिक अथवा पाक्षिक बैठकें नियमित रूप से आयोजित करें तथा उन बैठकों में लिए गए निर्णयों को निचले स्तर तक प्रभावी रूप से पहुंचाएं, जिससे संपूर्ण प्रशासनिक तंत्र अधिक दक्षता और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर सके। हरियाली तीज के अवसर पर जिलेभर में आयोजित होने वाले वृक्षारोपण अभियान की तैयारी को लेकर जिला कलेक्टर ने संबंधित सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक विभाग को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप पौधरोपण स्थल (उद्यान/ओपन स्पेस) चिन्हित कर वृक्षारोपण सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया कि पौधे ऐसे स्थानों पर लगाए जाएं जहाँ उन्हें नियमित रूप से सिंचाई, देखरेख और सुरक्षा मिल सके, ताकि वृक्षारोपण केवल औपचारिकता न रहकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सार्थक पहल साबित हो। जिला कलक्टर ने संपर्क पोर्टल पर लंबित चल रहे परिवादों का समय पर निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाने एवं एवरेज डिस्पोजल टाइम में सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर विभागवार पेंडेंसी की समीक्षा करते हुए 30 दिवस से ऊपर लंबित परिवादों को निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागवार योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा



निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने सीएमएचओ को निर्देशित किया कि मौसम में बदलाव को देखते हुए मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए उपयुक्त उपाय सुनिश्चित करें। उन्होंने बीमारियों की रोकथाम की निरन्तर मॉनिटरिंग करते हुए अस्पतालों में सुविधाऐं बढाने, मरीजों को सरकारी योजनाओं का लाभ देने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने वर्षा के दौरान आमजन को बिजली के पोलों से दूर रहने एवं वर्षा के दौरान नदी, तालाब, जोहड पर जाकर पिकनिक न मनाने तथा ऐसे स्थानों पर न जाकर सावधानी बरतने की अपील की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को गहरे जोहड़ सहित अन्य गहरे जल भराव क्षेत्रों पर चेतावनी बोर्ड लगाने के निर्देश भी दिए। वर्षा के कारण कोई घटना या समस्या उत्पन्न होने पर जिला बाढ़ नियंत्रण कक्ष टेलीफोन नंबर 01460298205 पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि बाढ़ नियंत्रण कक्ष में नागरिक सुरक्षा कार्मिकों की ड्यूटी लगाई गई है जो 24 * 7 नियंत्रण कक्ष में वर्षा एवं जल भराव से हुई कोई आपदा से निपटने हेतू मौजूद रहेंगे। इसी प्रकार विद्युत विभाग द्वारा भी कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है जिसमें आमजन बिजली से संबंधित शिकायत टेलीफोन नंबर 01493222845 पर दर्ज करवा सकते हैं। बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट, कोषाधिकारी सुरेश कुमार बंसल, अधीक्षण अभियंता पीएचईडी धर्मवीर यादव, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अरविंद गेट, अधीक्षण अभियंता बिजली विभाग जेपी बैरवा, नगर परिषद कनिष्क अभियंता मोतीलाल वर्मा, सार्वजनिक निर्माण विभाग, महिला एवं बाल विकास, पुलिस, राजीविका, बिजली, कृषि, वन, शिक्षा, सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# डॉ.एस.सी.मित्तल ने सपरिवार रूद्राभिषेक एवं जलाभिषेक कर सभी के अच्छे स्वास्थ्य के लिए मंगल कामना की

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** सावन के दूसरे सोमवार को माच का तिराहा, गंगोड़ी मोड़ स्थित मानसरोवर धाम मंदिर में साधक सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ. एस.सी.मित्तल ने सपरिवार रूद्राभिषेक एवं जलाभिषेक कर सभी के अच्छे स्वास्थ्य के लिए मंगल कामना एवं पूजा अर्चना कर भंडारे का आयोजन भी किया। समिति सदस्य गिरीश गुप्ता ने बताया कि सावन के दुसरे सोमवार को परमपूज्य श्री शिवम् साधक जी महाराज के पावन सानिध्य में साधक सेवा समिति के अध्यक्ष डॉ. एस.सी.मित्तल ने माताजी रेशम देवी, पत्नी अल्का मित्तल, छोटे भाई की पत्नी मुक्ता मित्तल सभी के साथ मिलकर मानसरोवर धाम मंदिर में सावन के महीने में जहाँ पूरे राजस्थान में एक मात्र अद्भुतेश्वर पंचमुखी महादेव जी महाराज के शिवालय (पंचेश्वर महादेव) की मूर्ति पर रूद्राभिषेक एवं जलाभिषेक वृन्दावन से आये पंडितो द्वारा पूरे मंत्रोचारण द्वारा पूरे विधि-विधान से सम्पन्न करवाया एवं सभी के अच्छे स्वास्थ्य के लिए मंगल कामना करी जलाभिषेक के पश्चात् भंडारे के आयोजन में सभी भक्तगणों ने प्रसाद ग्रहण किया। भक्तगणों द्वारा भी विशेष पूजा



अर्चना एवं रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में साधक सेवा समिति के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया जिसमे सुभाष मित्तल, संतोष मामोदिया, नरेन्द्र, राज गुप्ता, डॉ. अभिनव मेठी, इनर व्हील क्लब से नीलू जैन, पुष्पा यादव, शारदा कटारिया, सुमेधा गुप्ता, विनीता यादव, अल्का गुप्ता, मंजू गुप्ता, सुनीता बंसल, सुनीता अग्रवाल, डॉ. मिथलेश गर्ग, मित्तल हॉस्पिटल से डॉ. हिमांशु अरोड़ा, डॉ. अभिषेक खंडेलवाल, डॉ. दीपक गर्ग, डॉ. राहुल भार्गव, लता सी बोस, ओमना बिनु, रमेश राजपूत, बिंदु राजपूत, पूजा शर्मा, गरिमा, राजकुमारी, मुकेश, धरमवीर, करण इत्यादि ने भाग लिया। समिति अध्यक्ष डॉ.एस.सी.मित्तल ने बताया कि मंदिर प्रांगण में 65 फीट ऊँची गुम्बद के नीचे अद्भुतेश्वर पंचमुखी महादेव के सामने नंदी बाबा का मंदिर, बड़े बरामदे में विष्णु जी - लक्ष्मी जी, शिवजी - पार्वती जी, पंचमुखी हनुमान जी, दुर्गा माता जी, पवनपुत्र हनुमान जी का मंदिर स्थित है वही मध्य में ब्रह्मलीन परमपूज्यनीय भक्ति सम्राट श्री शिवानन्द साधक जी महाराज की इच्छानुसार उनकी समाधि के ऊपर ही उनकी चरण पादुका एवं महाराज की प्रतिमा स्थापित है। हर सावन महोत्सव के अन्तर्गत नमः शिवाय के मंत्रौच्चारण से महारुद्राभिषेक कार्यक्रम, शिवरात्रि के अवसर पर शिव यात्रा एवं भंडारा, शरद पूर्णिमा का खीर भोग इत्यादि कई कार्यक्रम नियमित रूप से चलते रहते है जिसमे भक्तो की अपार भीड़ उमड़ती है।

# श्री सहस्त्रबाहु सोमवंशी वेलफेयर सोसायटी राजस्थान के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष नियुक्त हुए मुकेश जायसवाल



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** सोमवंशी समाज के विकास के लिए पूरे राजस्थान में तेजी से काम कर रही राज्यस्तरीय संस्था के जिला स्तर पर कार्य करने हेतु सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष रामचरण सोमवंशी ने भाजपा ओ बी सी मोर्चे के जिला उपाध्यक्ष मुकेश जायसवाल एडवोकेट को सोसाइटी का वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। नवनियुक्त जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुकेश जायसवाल एडवोकेट ने संस्था के सभी राज्यस्तरीय पदाधिकारीयों को धन्यवाद देते हुए विश्वास दिलाया कि उन्हें जो जिम्मेदारी समाज के विकाश के लिए दी है उसको शानदार तरीके से पूरी करने की हरसंभव कोशिश करेंगे। इस अवसर पर सोमवंशी समाज के सेकड़ो सजातीय बन्धु उस्थित थे।

# यादव ब्लॉक कांग्रेस सेवादल के सचिव नियुक्त



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल के स्टेट चीफ ऑर्गनाइजर हेमसिंह शेखावत ने बानसूर विधानसभा क्षेत्र के गाँव उँछपुर निवासी रमेश चन्द यादव को बानसूर ब्लॉक सेवादल का सचिव नियुक्त किया है। यादव की नियुक्ति से कार्यकर्त्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त की। युवा कांग्रेस नेता रजनीश पुरोहित के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्त्ताओं ने नवनियुक्त ब्लॉक सचिव रमेश चन्द यादव का साफा पहनाकर व मुँह मीठा कराकर भव्य सम्मान किया, और शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। इस मौके पर युवा नेता रजनीश पुरोहित ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि यादव की नियुक्ति से कांग्रेस पार्टी को मजबूती मिलेगी और पार्टी का जनाधार बढेगा। उन्होंने पूर्व मंत्री शकुंतला रावत का भी आभार जताया। इस मौके पर नवनियुक्त ब्लॉक सचिव रमेश चन्द यादव ने कहा कि मुझे पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी दी है उसे कर्तव्य निष्ठा से निभाऊंगा। उन्होंने कहा कि पार्टी के सभी आदेशों की पालना की जाएगी और जनहित के मुद्दे उठाए जायेंगे। इस मौके पर बानसूर नगर पालिका के पूर्व पार्षद भूपसिंह सुरेला, रजनीश पुरोहित, योगेश यादव, रामचंद्र गुर्जर कांकरिया, उमेश यादव, मोनू सैनी सहित कार्यकर्त्ता मौजूद रहे।

# विधायक ने कावड़ शिविरों में लिया भाग

बढ़ता राजस्थान



**तिजारा (नि.स.)।** तिजारा विधायक बालकनाथ ने को कहा कि विधानसभा में आयोजित किए जा रहे श्री शिव कांवड़ शिविर शिवभक्ति और सेवा भाव का प्रतीक बनकर उभरा है। इन शिविरों का आयोजन शिव भक्तों ने 14 जुलाई से 23 जुलाई तक किया जा रहा है। शिविर में प्रत्येक दिन का दृश्य श्रद्धा, समर्पण और संगठन की भावना से ओतप्रोत रहता है। विधानसभा में प्रत्येक शिविरों में विधायक बालकनाथ ने विशेष रूप से उपस्थित होकर शिविर की गरिमा को और अधिक बढ़ाया। इस अवसर पर जयप्रकाश यादव प्रधान, सुभाष सैनी, अंजलि यादव, देशपाल यादव, जस्सू महाराज, बने सिंह भिदुडी, पुरुषोत्तम सैनी, धन सिंह सैनी, प्रधान कृष्ण सैनी, मुकेश कुमार जैन, सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# उपाध्याय विज्ञानंद जी महाराज ससंघ का हुआ चातुर्मास कलश स्थापना समारोह संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** दिगंबर जैन आचार्य वसुनंदी जी महा मुनिराज के परम प्रभावक शिष्य उपाध्याय श्री विज्ञानंद जी महाराज ससंघ का चातुर्मास हेतु मंगल कलश स्थापना समारोह का कार्यक्रम शहर के हसन खा मेवात नगर स्थित पल्लीवाल जैन महासभा भवन में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत शिवाजी पार्क स्थित सम्भव नाथ दिगंबर जैन मंदिर से घट यात्रा के रूप में हुई जिसमें हजारों की संख्या में लोग मुनिवर को गाजे बाजे के साथ कार्यक्रम स्थल तक ले कर गए जिसमें जैन युवक फेडरेशन के द्वारा मधुर संगीत की ध्वनि के साथ जुलूस को बहुत ही आनंद में बनाया। प्रातः 11.15 बजे झंडारोहण श्री मति मधु जैन श्री महेश जैन (प्रिंसिपल) ने किया एवं मंच उद्घाटन करता श्री शिखर चंद जैन नौगांव वालो ने किया, गुरुदेव का चित्र अनावरण श्रीमती शीला जैन श्री प्रीतम चंद जैन शांतिकुंज वालों ने किया तत्पश्चात दीप प्रज्वलन श्रीमती रीता जैन श्री अनिल जैन मुंशी बाग वालों ने किया एवं प्रमुख शास्त्र भेंट करता श्रीमती उषा जैन श्री भारत भूषण जैन द्वारा किया गया एवं महाराज श्री के 35 वें कलश स्थापना समारोह के अवसर पर 35 परिवारों द्वारा शास्त्र भेंट किया गया, तत् पश्चात्य कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की गई। कार्यक्रम में समाज के बच्चों ने एवं महिलाओं ने भक्ति संगीत का शानदार प्रदर्शन दिया एवं कलश स्थापना के अवसर पर प्रथम कलश श्री राजेंद्र कुमार जैन अध्यक्ष श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन पंचायती मंदिर के द्वारा



स्थापित किया गया द्वितीय कलश श्री पवन जैन (चौधरी) संयोजक वर्षायोग समिति के द्वारा स्थापित किया गया तृतीय कलश श्री गिरधारी लाल जी जैन अशोक कुमार जैन परिवार वालों की ओर से स्थापना की गई चतुर्थ कलश की स्थापना श्री विमल कुमार जैन संजय जैन (सह संयोजक वर्षायोग समिति) बरवाड़ा वालों द्वारा की गई एवं पंचम कलश की स्थापना दीवान सतीश जैन अभिषेक जैन (सहसंयोजक वर्षायोग समिति) परिवार के द्वारा की गई वर्षा योग समिति के संयोजक पवन जैन चौधरी ने बताया कि कलश स्थापना समारोह में अलवर के हजारों श्रावक के अतिरिक्त अहमदाबाद, अजमेर, जयपुर, फिरोजाबाद, टूंडला, आगरा, दिल्ली, रेवाड़ी, नोएडा, मेरठ, नौगावा, रामगढ़, खेड़ली, कठूमर, तिजारा, थानागाजी, गुड़गाँव आदि स्थानों से सैकड़ो की संख्या संख्या में गुरु भक्त आए। महाराज श्री में ने चातुर्मास कलश स्थापना के अवसर पर अपने प्रवचनों में कहा कि यह मंगल कलश स्थापना हो रही है वह इस बात का प्रतीक है कि हम अपने जीवन को ऐसा बनाएं कि हमारे जीवन में हमेशा मंगल मंगल ही हो इसके लिए मंगल कलश स्थापित किया जाता है, एवं मनुष्य को अपने पाप कर्मों की निर्जला के लिए धर्म का मार्ग अपनाने के साथ-साथ सहनशीलता का रास्ता भी अपनाना चाहिए एवं धर्म और धर्मात्मा के कार्य में कभी विघ्न नहीं डालना चाहिए ताकि अपने कर्मों को पाप बंद से नहीं बांधा जाए।

# कांग्रेस नेता अजय अग्रवाल पार्टी से निष्कासित : बीजेपी के प्रधानमंत्री, सांसद और वन मंत्री की तारीफ की थी

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** 2023 में अलवर शहर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे अजय अग्रवाल को पार्टी ने 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अलवर सांसद भूपेंद्र यादव के अलावा वन मंत्री संजय शर्मा की तारीफ की थी। जिनको मई में नोटिस दिया गया था। उसका कोई जवाब नहीं देने पर अब पार्टी से निकाल दिए गए है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने बताया- अजय अग्रवाल ने 14 मई 2025 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का महिमा मंढन करते हुए, भाजपा के चुनाव चिह्न कमल के फूल का उपयोग करते हुए फेसबुक पर पोस्ट की थी। उससे पहले 2 मई 2025 को वाट्सप ग्रुप पर जिला कांग्रेस कमेटी, अलवर के निष्क्रिय रहने की पोस्ट डाली थी। जिला कांग्रेस कमेटी पर निष्क्रिय रहने का आरोप लगाया था। इस कारण जिला कांग्रेस कमेटी ने 15 मई को अजय अग्रवाल को कारण बताओं नोटिस जारी किया था। जिसका कोई जवाब नहीं दिया गया। कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी होते हुए कांग्रेस पार्टी की विचारधारा के विपरीत काम किया है। अलवर सांसद एवं केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव की फेसबुक पोस्ट के कमेंट बॉक्स में उनका महिमा मंढन किया है। इसके साथ 2023 में भाजपा से चुनाव लड़े संजय शर्मा के साथ 14 जुलाई 2025 को अपनी फेसबुक पोस्ट डाली है, जिसमें संजय शर्मा के साथ फोटो डालते हुए लिखा है Tow Lion of Alwar, Na daringly hume na rukegay hunme... chaltay reho chaltay reho। इन सब कारणों के चलते उनको 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। अलवर शहर में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली का कार्यालय अजय अग्रवाल के घर में है। कई साल से जूली का कार्यालय है। 2023 के चुनाव में अजय अग्रवाल को कांग्रेस का टिकट मिलने के बाद दोनों नेताओं में काफी नजदीकी हो गई थी। लेकिन पिछले कुछ महीनों से अजय अग्रवाल बीजेपी के नेताओं की तारीफ करने लग गए थे। सोशल मीडिया पर उनकी तारीफ में कमेंट्स भी करते रहे। जिसके कारण कांग्रेस पार्टी ने उनको पार्टी से निकाला है।

# आर्ट एंड क्राफट वस्तुओं की प्रदर्शनी शुरू, राखियों और जूट के बैग की मांग अधिक



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से नगर निगम के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की ओर से बनाए आर्ट एंड क्राफट की बनी वस्तुओं की प्रदर्शनी कंपनी बाग के सामने शुरू हुई। प्रदर्शनी का उद्घाटन नेक कमाई फाउंडेशन की संरक्षक मंजू चौधरी अग्रवाल, मीना तनेजा और दौलत राम हजरती ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में महिला सशकितकरण मिशन की प्रोजेकट डायरेकटर बिंदू कपूर ने बताया कि इस प्रदर्शनी में महिलाओं के हाथ से बने उत्पाद राखियां, बैग, वूलन रंगोली, चूड़े, रसोई का सामान, आचार, बिस्कुट सहित शो पीस आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं। पहले ही दिन करीब 255 महिलाओं ने यहां आकर खरीददारी की। यह प्रदर्शनी तीन दिन चलेगी जिसका समय दोपहर एक बजे से शाम 8 बजे तक है। इस अवसर पर समाजसेवी कमला यादव भी थी। कार्यक्रम में इस प्रदर्शनी में उत्पाद प्रदर्शित करने वाली 11 महिलाओं को सममानित किया गया जिन्हें दुपटटा पहनाकर प्रमाण पत्र दिया। संरक्षक मंजू चौधरी अग्रवाल ने कहा कि इन महिलाओं के हौंसले से घर में बैठी महिलाओं को प्रेरणा मिलती है। उद्योग विभाग में संयुकत निदेशक रहे दौलत राम हजरती ने कहा कि इन महिलाओं के उत्पाद विदेशों तक पहुंचाने की कोशिश जारी है जिसके लिए इन्हें पूर्ण प्रशिक्षित किया जा रहा है। अंत में मीना तनेजा ने आभार जताया। संचालन बिंदू कपूर ने किया। अतिथियों का स्वागत रेखा शर्मा व उगंती मीणा सहित अन्य महिला उद्यमियों ने किया।

## हर ग्राम पंचायत में कस्टम हायरिंग केंद्र : किसानों को मिलेंगे किराए पर आधुनिक यंत्र

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (दामोदर सिंह)।** प्रदेश के किसानों को महंगे कृषि यंत्र खरीदने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। राज्य सरकार की नई पहल के तहत अब प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर कस्टम हायरिंग केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जहां से किसान भाई ट्रैक्टर, थ्रेसर, रोटावेटर, रीपर, सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल, फसल अवशेष प्रबंधन मशीन सहित विभिन्न आधुनिक कृषि यंत्र किराए पर लेकर खेती को सरल, सस्ती और अधिक लाभकारी बना सकेंगे। यह योजना विशेष रूप से लघु और सीमांत किसानों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी, जो सीमित संसाधनों के कारण आधुनिक यंत्र नहीं खरीद पाते। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार किसानों को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने के संकल्प के साथ कृषि क्षेत्र को नई दिशा देने हेतु निरंतर प्रगतिशील कदम उठा रही है। खेती को मजबूती और किसानों को सशक्त बनाने के लिए ग्राम पंचायत स्तर तक कस्टम हायरिंग केंद्रों की स्थापना का यह निर्णय प्रदेश की कृषि को तकनीक और दक्षता से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। मुख्यमंत्री श्री शर्मा का स्पष्ट विजन है कि प्रदेश का किसान आत्मनिर्भर बनें और कृषि को लाभ का व्यवसाय बनाया जाए।

# वर्षा ऋतु में नागरिकों की सुरक्षा के मद्देनजर नगर निगम द्वारा शहरी क्षेत्र में जलाशयों एवं नालों पर कराए सुरक्षात्मक उपाय व कार्य

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन में नगर निगम द्वारा शहर में वर्षा ऋतु के दौरान आमजन को किसी प्रकार की असुविधा का सामना ना करना पडे इसके लिए नालों के ऊपर फेरो कवर व सुरक्षा दीवार का कार्य एवं जलाशयों पर चेतावनी बोर्ड लगाए जा रहे हैं तथा जलाशयों पर सुरक्षा गार्डों की तैनाती की गई है। साथ ही निगम द्वारा बाढ राहत नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है जिसके दूरभाष नंबर 0144-2700466 व 8949477947 है। नगर निगम आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका ने बताया कि आमजन की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए निगम द्वारा सामान्य अस्पताल के सामने



पुराना स्टेशन रोड, स्वर्ग रोड से मेहताब सिंह का नोहरा की ओर जाने वाले रास्ते एवं अम्बेडकर चौराहे पर स्थित नालों के ऊपर फेरो कवर लगाए गए हैं। साथ ही एसएमडी चौराहे से नंगली चौराहे की ओर जाने वाली सडक के नाले पर सुरक्षा दीवार बनाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्षा ऋतु में जलाशयों पर होने वाली संभावित दुर्घटना से आमजन को सावचेत करने के लिए चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं व सुरक्षा गार्डों की तैनाती की गई है। उन्होंने बताया कि निगम द्वारा शहर में जल भराव की स्थिति उत्पन्न ना हो इसके लिए नालियों व नालों की नियमित रूप से सफाई की जा रही है तथा निगम के अभियन्ताओं को नियमित फील्ड विजिट कर जल भराव क्षेत्रों का चिन्हिकरण व संभावित समाधान की कार्य योजना बनाने, सडक पर बने नालियों व नालों के क्रॉसिंग व खुले स्थानों को फेरो कवर से तुरन्त ढकवाने एवं क्षतिग्रस्त सडकों की मरम्मत शीघ्र करवाने के लिए निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि निगम के पास आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए सभी प्रकार उपकरण, अग्निशमन वाहन एवं आवश्यक सामग्री उपलब्ध है।

# सेहत से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं : कलक्टर ने दिए फूड सेम्पलिंग बढ़ाने और सख्ती के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( दामोदर सिंह )।** विभागीय योजना एवं अंतर विभागीय समन्वय बैठक कलक्टर पीयूष समारिया की अध्यक्षता में सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलक्टर समारिया ने बरसाती मौसम में स्वास्थ्य, पेयजल, सफाई, बिजली, सड़क जैसी आवश्यक सेवाओं को प्राथमिकता देने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए।



### हरियालो राजस्थान अभियान में जनप्रतिनिधियों और आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करें

कलक्टर समारिया ने हरियालो राजस्थान अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी विभागों को चिन्हित स्थलों पर लक्ष्य अनुसार पौधारोपण कर रिपोर्ट ऑनलाइन अपलोड करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभियान को सफल बनाने के लिए आमजन एवं जनप्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित करें।

### डोर टू डोर सर्वे और एंटी लार्वा गतिविधियां बढ़ाएं

*कलक्टर ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए कि बरसात के दौरान मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए डोर टू डोर सर्वे नियमित रूप से कराते रहें। उन्होंने डेंगू के पॉजिटिव केस मिलने पर आसपास के क्षेत्रों में एंटी लार्वा गतिविधियां सघन रूप से करवाने तथा वॉटर सेम्पलिंग और उसके परिणामों की निरंतर समीक्षा करने को कहा। आरबीएसके के तहत स्कूलों में की जा रही स्क्रीनिंग और बच्चों के ऑपरेशन संबंधी प्रगति की भी समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए।*

### खाद्य सामग्री की सेम्पलिंग बढ़ाकर मिलावट पर रोक लगाने के निर्देश

बरसात के मौसम में बैक्टीरिया जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए कलक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को खाद्य सामग्री से जुड़ी दुकानों, होटल, रेस्तरां, हॉस्टल के मेस और सड़क किनारे लगने वाले फूड स्टॉल्स की खाद्य सामग्री की सेम्पलिंग बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोटा में लैब और पर्याप्त फूड इंस्पेक्टर्स उपलब्ध हैं, ऐसे में यह सुनिश्चित किया जाए कि मिलावटी या खराब खाद्य सामग्री बाजार में न पहुंचे और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।

### बिजली आपूर्ति बाधित न हो, विशेष ध्यान देने के निर्देश

अतिवृष्टि के कारण प्रभावित हुई बिजली आपूर्ति पर कलक्टर ने विद्युत विभाग को निर्देश दिए कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जहां भी खम्भे गिरने या अन्य तकनीकी कारणों से आपूर्ति प्रभावित हुई है, वहां त्वरित समाधान कर सुचारु आपूर्ति सुनिश्चित करें।

### एसडीआरएफ प्रस्ताव शीघ्र तैयार कर भेजें

शिक्षा विभाग, आईसीडीएस सहित अन्य विभागों को निर्देशित करते हुए कलक्टर ने कहा कि अतिवृष्टि के कारण हुए नुकसान का आंकलन कर एसडीआरएफ के तहत प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र भेजें। सभी विभाग एसडीएम और पीडब्ल्यूडी से समन्वय कर प्रस्ताव तैयार करें। बैठक में आईएएस प्रशिक्षु आराधना चौहान, अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर अनिल सिंघल, अतिरिक्त जिला कलक्टर सीलिंग कृष्णा शुक्ला सहित समस्त जिला स्तरीय विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# रामगंजमंडी में बारिश बनी कहर : खेत-घर जलमग्न, मजदूर और किसान बेहाल कांग्रेस ने उठाई आवाज़

बढ़ता राजस्थान



**रामगंजमंडी/कोटा ( प्रमोद राठौर )।** रामगंजमंडी विधानसभा क्षेत्र में पिछले 20 दिनों से हो रही मूसलधार बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। लगातार बारिश के चलते खेतों में पानी भर गया है, जिससे फसलें पूरी तरह नष्ट हो चुकी हैं। किसान तीन बार मूंगफली, मक्का जैसी फसलें बो चुके हैं, लेकिन पानी में सब बह गया। हालात इतने खराब हैं कि बीज तक अंकुरित नहीं हो सके। उधर, मजदूर वर्ग की कॉलोनियों में हालात और भी बदतर हो गए हैं। सातलखेड़ी, कुम्मकोट, सुकेत, अतरालिया, सहरावदा, जुल्मी, लक्ष्मीपुरा, मायला, चेचट सहित कई गांवों की श्रमिक बस्तियों में 4 से 5 फीट तक पानी भर गया है, जिससे उनके क्वार्टरों में रखा सारा राशन, बिस्तर, अनाज व घरेलू सामान बर्बाद हो चुका है।

### कांग्रेस का हल्ला बोल—सरकार से राहत की मांग तेज

इस गंभीर स्थिति को देखते हुए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, राजीव गांधी पंचायतीराज संगठन, और राष्ट्रीय कांग्रेस मजदूर संघ (इंटक) ने एकजुट होकर मोर्चा संभाला है। ब्लॉक अध्यक्ष देवेन्द्र सिंह गोयन्दा के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए राज्य सरकार से त्वरित राहत पहुंचाने की मांग की है।

### सबसे ज्यादा प्रभावित गांव

सुकेत, सातलखेड़ी, कुदायला, खैराबाद, चेचट, मोड़क, मायला, अतरालिया, सहरावदा, जुल्मी आदि — जहां देखो वहाँ खेत जलमग्न, घरों में कीचड़, और सड़कों पर बर्बादी का आलम।

### ज्ञापन की प्रमुख मांगें

- किसानों को तत्काल फसल मुआवजा दिया जाए।
- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में हो रहे घोटालों की जांच हो और बीमा कंपनियों पर सख्त कार्रवाई की जाए।
- श्रमिक कॉलोनियों में जलभराव से बर्बाद हुए राशन व सामान के नुकसान की भरपाई की जाए।
- प्रभावित क्षेत्रों का तुरंत सर्वे कर मजदूरों को आर्थिक सहायता और राहत सामग्री दी जाए।
- खेतों में नुकसान पहुंचा रहे खुले घूम रहे सूअरों पर नियंत्रण किया जाए।

### बीमा कंपनियों पर आरोप

*कांग्रेस ने ज्ञापनों में आरोप लगाया है कि बीमा कंपनियां किसानों को नुकसान की भरपाई नहीं कर रही हैं। किसान तीन बार बीज बो चुके, लेकिन उन्हें कोई लाभ नहीं मिला। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में समय पर भुगतान न मिलने के कारण किसान बर्बादी की कगार पर हैं।*

# जिला औषधी भंडार का सीएमएचओ डॉ सामर ने किया औचक निरिक्षण

बढ़ता राजस्थान

**बूँदी ( अनन्त दाधीच )।** जिले में दवाइयों की उपलब्धता और उनकी गुणवत्ता को परखने के लिए सोमवार को सीएमचओ डॉ ओ पी सामर ने जिला ओषधि भंडार का औचक निरिक्षण कर व्यवस्थाओ को जाँचा! डॉ सामर ने निरिक्षण के दौरान भंडार की साफ सफाई दवाइयों को रखने के लिए तापमान की सही स्तिथि और उनकी गुणवत्ता के साथ रिकॉर्ड मेंटेनटनेस सहित अन्य की जाँच की। डॉ सामर ने बताया की दवाइया पर्याप्त मात्रा मै भंडार मै उपलब्ध थी उनका रख रखाव सही प्रक्रिया से हो रहा था। निरिक्षण के दौरान उनकी गुणवत्ता भी सही मिली । डॉ सामर ने बताया की दवाइयों को सही तापमान मै रखना बेहद जरूरी है और जिला ओषधी भंडार मै टेम्प्रेचर सही से मेंटेन हो रहा है! जिला भंडार से दवाइयो का वितरण भी समय समय पर चिकत्सा संस्थानो तक किया जा रहा है! डॉ सामर ने निरिक्षण के दौरान जिला औषधी भंडार का निरिक्षण कर समस्त चिकत्सा संस्थानों मै मौसमी बीमारियों के मद्देनजर दवाइयां उपलब्ध करवाने के आवश्यक दिशा निर्देश प्रभारी को दिए! निरिक्षण के दौरान सीएमएचओ डॉ सामर ने बारिश के दौरान भंडार मै छत से पानी टपकने, या कही पानी भरने जैसी समस्या की भी जाँच की उन्हें सारी व्यवस्था सही मिली कही भी जलभराव से दवाइयां खराब होने जैसी समस्या सामने नहीं आई उन्होंने स्टॉफ को बारिश मै दवाइयो की सार सम्हाल के निर्देश दिए! डॉ सामर ने बताया की नियमित निरिक्षण की प्रक्रिया सतत जारी रहेगी और सुधारात्मक प्रक्रिया के तहत विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों को सम्पादित करवाया जायेगा.! सोम वार को हुए निरिक्षण के दौरान सीएमएच औ डा सामर ने राज्य स्तर से आने वाली दवाइयो की प्रगति जानी इस दौरान, जिला ओषधी भंडार प्रभारी एवं आरसीएचओ डॉ सतीश सक्सेना सहित जिला ओषधी भंडार का स्टॉफ उपस्थित रहा।

# पवित्र श्रावण मास के द्वितीय सोमवार को कपासन में प्रसिद्ध श्री सोमेश्वर महादेव के मनोहारी दर्शनों हेतु भक्तों का तांता लगा



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** अखंड ब्रह्मांड के राजा भगवान भोलेनाथ की भक्ति एवं आराधना के पवित्र श्रावण मास के द्वितीय सोमवार को नगर में स्थित प्रसिद्ध श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर पर शक्तिपति शिवजी को मनोहारी एवं आकर्षक मनमोहक श्रृंगार कराया गया।जिससे शिव भक्तों एवं श्रद्धालुओं में चहुंओर महाकाल की भक्ति से ओतप्रोत आनंद का संचार होता दिखाई दिया।यहां कपासन के प्रसिद्ध शिवालय श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर पर श्रावण मास के चलते अलसुबह से ही भक्तों का पूजा-अर्चना एवं महादेव की आराधना हेतु तांता लगना प्रारंभ होता है।जो सिलसिला दिनभर हर हर महादेव इत्यादि जयकारों के साथ जारी रहता है। जिसके अंतर्गत देवो के देव महादेव की भक्ति के पवित्र श्रावण मास का सोमवार होने से यह दिवस भक्तों हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। क्षेत्रीय शिवालयों एवं धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं द्वारा जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, फूल, माला, चंदन, इतर, बिल्वपत्र इत्यादि पूजन सामग्री अर्पित कर शिव जी की भक्ति एवं आराधना की जा रही है। इसी क्रम में नगर कपासन के प्रसिद्ध शिवालय श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर पर पवित्र श्रावण मास के द्वितीय सोमवार को शिवशंभू भोलेनाथ को आकर्षक एवं मनमोहक श्रृंगार कराया गया। जिससे श्री सोमेश्वर महादेव का मनोहारी रूप में आकर्षक श्रृंगार शिव भक्तों एवं श्रद्धालुओं में आकर्षण का केंद्र बना रहा तथा श्री सोमेश्वर महादेव के दरबार में दर्शनों हेतु भक्तों की रेलमपेल बनी रही।

# जिला कलक्टर के निर्देशों के बाद अधिकारियों ने किया गौशालाओं का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( विनोद गौड़ )।** जिला कलक्टर द्वारा दिए गए निर्देशों की अनुपालना में विभिन्न प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा जिले की अनुदानित गौशालाओं का निरीक्षण कर वहां संधारित गौवंश का भौतिक सत्यापन किया गया। अधिकारियों द्वारा 25 गौशालाओं का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में संधारित गौवंश की संख्या, उनके स्वास्थ्य, रख रखाव, साफ-सफाई, टीकाकरण, उपचार तथा अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। संयुक्त निदेशक पशुपालन गणेश दाधीच ने बताया कि गौशालाओं के निरीक्षण में 9439 गौवंश पाए गये। इनमें 7176 बड़े गौवंश, 2263 छोटे गौवंश शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देशों के बाद अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई तथा पानी की निकासी की उचित व्यवस्था करने, बीमार पशुओं को स्वस्थ पशुओं से अलग रखने के निर्देश दिए तथा पशुओं के टीकाकरण, उपचार एवं रोकथाम के लिए किये जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। अधिकारियों ने प्रत्येक गौशालाओं में बड़े एवं छोटे गौवंश को अलग-अलग रखने, समय-समय पर पानी की खेल सफाई करने के भी निर्देश दिए। साथ ही, अनुदान का पारदर्शी तरीके से एवं पशुओं के हित में प्रयोग करने और प्रत्येक व्यय का लेखा-जोखा स्पष्ट रूप से रखने के निर्देश दिए गए।

# विज्ञान नगर जैन मंदिर में माता विभाश्री का चातुर्मास जारी

### आर्यिका विभाश्री माताजी ने नरक स्थितियों व पारिवारिक मूल्यों पर दिया प्रवचन

बढ़ता राजस्थान




**कोटा ( दामोदर सिंह )।** विज्ञान नगर स्थित दिगंबर जैन मंदिर में चल रहा परम पूज्य आचार्य श्री 108 विराग सागर जी महाराज एवं 108 विशुद्ध सागर जी महाराज की परम प्रभावक शिष्या गणिनी आर्यिका श्री 105 विभाश्री माताजी एवं 105 विनयश्री माताजी (ससंघ) का चातुर्मास इन दिनों आध्यात्मिक प्रभाव के साथ श्रद्धा और ज्ञान का केंद्र बना हुआ है। चातुर्मास में 13 पिच्छियों सहित चल रहा यह धार्मिक अनुष्ठान समाजजनों के लिए आत्मकल्याण का अवसर बन रहा है।

### विशेष धर्मसभा में हुआ चित्र अनावरण और शास्त्र भेंट

मंदिर अध्यक्ष राजमल पाटोदी ने बताया कि विशेष धर्मसभा में चित्र अनावरण, दीप प्रज्वलन,कनक माला — पवन ठौरा, पारुल ठौरा एवं हर्षा ठौरा , पादप्रक्षालन एवं शास्त्र भेंट जैसे धार्मिक क्रियाकलाप का लाभ श्रेष्ठि परिवार बाबूलाल-निर्मला जैन एवं नीरज जैन (ट्रेड सेंटर, बल्लभबाड़ी) परिवार को प्राप्त हुआ।

### नरक के दु:खों पर हुआ गूढ़ अध्ययन

महामंत्री अनिल जैन ठौरा ने बताया कि चातुर्मास के अंतर्गत चल रही तत्त्वार्थ सूत्र कक्षा में आर्यिका श्री विभाश्री माताजी ने विशेष रूप से नरक में जीवों की स्थिति, दु:ख की प्रकृति और वैर स्मरण जैसे विषयों पर शास्त्रार्थ किया।माताजी ने समझाया कि पाप के घोर परिणामस्वरूप नरक में जन्मे जीवों को न केवल अपने कर्मों से उपजे दु:ख झेलने पड़ते हैं, बल्कि पहले तीन नरकों तक असुरकुमार देव उन्हें पुराने वैर स्मरण कर यातनाएं भी देते हैं। यह कष्ट चौथे नरक तक नहीं पहुंचते, वहीं समाप्त हो जाते हैं। इस अवसर पर राजमल पाटोदी, विनोद टौरड़ी, मनोज जैसवाल, रितेश सेठी, अनिल ठौरा, निर्मल जैन, जे.के. जैन, प्रदीप जैन (बसंत विहार), अशोक जैन पोटलिया, एवं प्रकाश पाटनी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। धार्मिक सभा का सफल संचालन पी.के. हरसोरा ने किया।

# ग्वाला तालाब की पाल टूटने का मंडराया खतरा

### स्वेटवियर अवरूद्ध होने से हुआ नुकसान, अधिकारियो व प्रधान ने लिया जाजया

बढ़ता राजस्थान



**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** उपखण्ड क्षेत्र के ग्वाला तालाब की बीस फीट मिट्टी की पाल मूसलाधार बारिश में बह गई थी। पूरा तालाब के पानी का दबाव केवल एक फीट चैड़ाई की पक्की दीवार ने झेल रखा है। दिवार में कुछ स्थानो पर पानी का रिसाव जारी है। ऐसे में तालाब के टूटने की संभावना बनी हुई है। आने वाली बारिश से पहले तालाब की सुरक्षा को लेकर शनिवार को जिला कलक्टर सहित पूर्व कृर्षि मंत्री प्रभूलाल सैनी भी दौरा करके अधिकारियो को आवश्यक दिशा निर्देश दिये जा चुके है। सोमावार को नैनवां उपखण्ड अधिकारी प्रीति मीणा, विकास अधिकारी नरेन्द्र कुमार झाला, पंचायत समिति प्रधान पदम कुमार नागर, एईन एंव जेईन ने मौके पर पहुॅच कर मौका स्थिति का अवलोकन किया गया। जहां पाया गया कि ग्रांम पंचायत बाछोला द्वारा करवाया जा रहा वेस्टवियर में पानी की निकासी कम होने से वेस्टवियर को अधिक गहराई करवाने का निर्देश दिये गये साथ ही जहां रिसाव हो रहा है,वहां मौजूद पानी की निकासी की मोरी की दो फीट ऊचाई कम करके पानी की निकासी के लिए निर्देशित किया गया। तालाब की पाल पर पानी का दवाब कम हो इसके लिए समुचित व्यवस्था आने वाली बारिश से पहले किया जाने के लिए पंचायत समिति प्रधान ने पंचायत समिति के एईन एंव जेईन को जिम्मेदारी सौपी गई।

### वेस्टवियर में लोहे चद्दर फंसने से रूका पानी

ग्वाला के तालाब के वेस्टवियर मे लोहे क चद्दर फंसने से पानी की निकासी नहीं हो पाई। जानकार लोगो ने बताया कि वेस्टवियर के पास स्थित देव स्थान के चबूतरे पर लगे हुए लोहे के चद्दर तेज हवाओ में उड़ कर वेस्टवियर में फंस जाने की जानकारी दे रहे है। दूसरी ओर ग्वाला के तालाब में मछली पालन संवेदको पर भी सवाल उठा रहे है। विकास अधिकारी नरेन्द्र झाला भी इस मामले की जॉच मे जुटे हुए है।

### तालाब की पाल के पास खुद गई गहरी खाई

तालाब की पाल जो एक फिट पक्की दिवार से बनी हुई है। वेस्टवियर में अवरूद्ध पैदा होने से पूरे तालाब का ओवरफ्लो पक्की पाल से नीचे गिरा जिससे मौके पर करीब 20 फीट से अधिक की गहरी खाई खुद गई। ऐसे में पक्की दिवार की सुरक्षा के लिए साधन भी पहुॅच पाना संभव नहीं है। उपखण्ड अधिकारी प्रीति मीणा ने बताया कि पाल की सुरक्षा दीवार के सहारे मिट्टी का भराव भी जब संभव होगा जब बारिश नहीं होगी।

# जिला स्तरीय दो दिवसीय शारीरिक शिक्षक संगोष्ठी का समापन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** जिला स्तरीय माध्यमिक शिक्षा के शारीरिक शिक्षकों की दो दिवसीय संगोष्ठी का समापन समारोह शनिवार को जय मीनेश आदिवासी विश्वविद्यालय, रानपुर में आयोजित हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि कोटा दक्षिण विधायक श्री संदीप शर्मा ने आश्वस्त किया कि शारीरिक शिक्षकों की समस्याओं को सरकार के समक्ष रखा जाएगा। अध्यक्षता कर रहीं लाडपुरा विधायक श्रीमती कल्पना देवी ने कहा कि बच्चों को तनाव से मुक्त रखने के लिए उन्हें खेलकूद से जोड़े रखना आवश्यक है। इसमें शारीरिक शिक्षक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। विशिष्ट अतिथि विशेषाधिकारी, शिक्षा मंत्री श्री सतीश गुप्ता ने बताया कि सरकार ने शिक्षकों और शारीरिक शिक्षकों की बड़ी संख्या में डीपीसी की है। आने वाले समय में और भी प्रमोशन होंगे, जिसका शारीरिक शिक्षकों को लाभ होगा। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक के के शर्मा ने बताया कि आने वाले समय में जिला स्तरीय और राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताएं कोटा में आयोजित होंगी, जिसमें शारीरिक शिक्षकों की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका होगी। राजस्थान शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह राजावत ने मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों को एक 12 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा।

# करणी सेना ने पत्रकार हमले के विरोध में सौंपा ज्ञापन, पत्रकार सुरक्षा कानून की करी मांग

बढ़ता राजस्थान

**बूँदी ( अनन्त दाधीच )।** माउंट आबू में पत्रकार हरिपाल सिंह पर हमले को लेकर करणी सेना परिवार राजस्थान ने सोमवार को जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में दोषियों की गिरफ्तारी, सरकारी सेवा से बर्खास्तगी और प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया गया कि 1 जुलाई को नगरपालिका कार्यालय में हरिपाल सिंह पर निलंबित सफाई निरीक्षक श्याम जणवा सहित तीन कर्मचारियों ने हमला किया, मोबाइल, चैन और नकदी भी लूट ली। घटना पूर्व नियोजित थी। करणी सेना ने चेताया कि कार्रवाई नहीं होने पर प्रदेशव्यापी आंदोलन होगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान महिपाल सिंह रिशंदा, राघवेंद्र सिंह हाडा, शिव प्रताप सिंह, भूपेंद्र सिंह, कुंदन सिंह, कुशाल सिंह, शक्ति सिंह, अर्जुन सिंह, महेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह, लोकेंद्र सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, हरीराज सिंह, अजय सिंह, संजय सिंह सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे।



## प्रत्येक बूथ पर 21- 21 पेड़ लगाने का लिया संकल्प

बढ़ता राजस्थान

**नदबई/ भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** उपाध्याय पाड़ा स्थित भाजपा कार्यालय पर भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल नदबई के कार्यकर्ताओं की बैठक मंडल अध्यक्ष रोहित उपाध्याय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। प्रत्येक बूथ पर 21- 21 पेड़ लगाने का संकल्प लिया गया। सभी बूथों पर बूथ अध्यक्षों,पदाधिकारियों एवं मंडल कार्यकारिणी के सदस्यों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का आव्हान किया। बूथ संख्या 54 एवं 56 पर नदबई शहर मंडल अध्यक्ष रोहित उपाध्याय के नेतृत्व में प्राचीन शिव मंदिर एवं मोक्ष धाम में वन एवं पर्यावरण अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया एवं हरियालो राजस्थान बनाने में सहभागिता की । प्रदेश एवं केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराया । जिससे अंतिम व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभार्थीयों लाभ मिल सके। जन कल्याणकारी योजनाओं को घर घर पहुंचाने का संकल्प लिया । इस मौके पर वन एवं पर्यावरण कार्यक्रम संयोजक धर्मेन्द्र भातरा, सहसंयोजक बालमुकुंद बिहारिया, विनीत गुप्ता,ओमप्रकाश सिनसिनवार,सुनील गुप्ता, बबलू सोनी,गोविंद शर्मा,राजवीर सिंह,नंदकिशोर खटीक,हितेश शर्मा, प्रकाश मोरदानी, हरीश गोयल,विष्णुदत्त शर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विधायक ने कावड़िया डालको झंडी दिखाकर किया रवाना

बढ़ता राजस्थान



वैर / भरतपुर (गोपाल पाठक) । शिव सेवा डाक कावड़ यात्रा बिचपुरी पट्टी वैर के 25 सदस्यीय दल को क्षेत्रीय विधायक बहादुर सिंह कोली ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। महामंत्री रिंकू सैनी ने बताया कि शिव भक्त सौरौजी से गंगाजल लाकर स्थानीय देवालयों में शिव अभिषेक करेंगे। दल 23 तारीख को वापिस लौटेगा। शिव भक्तों का उत्साह वर्धन करने के लिए कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष संतोष धाकड़, नगर पालिका अध्यक्ष विष्णु महावर, सत्येंद्र पथैना महामंत्री, राघवेंद्र सैनी, संजय सोनी, उपाध्यक्ष राकेश धाकड़, अनिल श्रोत्रिय, सतीश प्रजापत, नंदकिशोर धाकड़, संजय धाकड़, घनश्याम धाकड़ आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ममता गुप्ता ने राजसमंद एसपी का पदभार ग्रहण किया: बोलीं- महिलाओं से जुड़े अपराध में कमी लाना पहली प्राथमिकता रहेगी

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद( सुरेश बागोरा )।** राजसमंद में सोमवार को आईपीएस डॉ ममता गुप्ता ने नए एसपी के रूप में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर डीवाईएसपी विवेक सिंह सहित पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे। डॉ गुप्ता दोपहर बाद 4.40 पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची जहां डीवाईएसपी विवेक सिंह ने गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। बाद में पुलिस के जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ आनर दिया। उन्होंने 4.50 बजे पदभार ग्रहण किया।इस अवसर पर गुप्ता ने कहा कि राजसमंद जिला संवेदनशील जिले में है। ऐसे में जिले में शांति व्यवस्था बनी रहे यही उनकी प्राथमिकता रहेगी, साथ ही जिले में महिला सबंधी अपराध में कमी लाने के पूरे प्रयास किए जाएंगे। साथ उनके निस्तारण के लिए सरकार के निर्देशों के अनुसार काम किया जाएगा।जिले में संगठित अपराध पर भी पूरी नजर रहेगी। राजसमंद के नागरिकों की समस्याओं को सुना जाएगा। कोशिश रहेगी कि उनका त्वरित समाधान हो। साइबर क्राइम, बजरी माफियाओं सहित चोरी की वारदातों पर पूरी नजर रखी जाएगी। इस पर पर प्रभावी नियंत्रण करेंगे।



## बाड़ी में लाइब्रेरी के लिए निकला स्टूडेंट गायब: पिता ने हॉस्टल प्रबंधन पर लगाया लापरवाही का आरोप, बोले- संचालक जानकारी नहीं दे रहा

बढ़ता राजस्थान

बाड़ी (राजू शर्मा)। धौलपुर के बाड़ी शहर स्थित डीडीयू-जीकेवाई रेजीडेंशियल ट्रेनिंग सेंटर के हॉस्टल से एक छात्र की गुमशुदगी का मामला सामने आया है। ठाकुर पाड़ा स्थित इस हॉस्टल में रह रहा 17 वर्षीय गजेंद्र, 19 जुलाई को लाइब्रेरी जाने के बाद से लापता है। कंचनपुर थाना क्षेत्र के गामरी गांव निवासी अमीर सिंह ने अपने बेटे की गुमशुदगी की रिपोर्ट कोतवाली थाने में दर्ज कराई है। उन्होंने हॉस्टल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। अमीर सिंह का कहना है कि जब वे हॉस्टल संचालक से जानकारी मांगते हैं, तो वह टालमटोल करता है और उल्टे-सीधे जवाब देता है।कोतवाली पुलिस ने पीड़ित पिता की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 137 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच सहायक उप निरीक्षक वीरेंद्र कुमार शर्मा कर रहे हैं।



## राजस्थान ग्रामीण बैंक में चोरी का प्रयास: दीवार में सेंध लगाकर घुसे चोर; कैश सेफ तक नहीं पहुंच पाए, अलमारियों के ताले तोड़े

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** बाड़ी उपखंड के कंचनपुर गांव स्थित राजस्थान ग्रामीण बैंक में रविवार रात चोरों ने दीवार में सेंध लगाकर चोरी का प्रयास किया। चोर बैंक के पिछले हिस्से की दीवार में छेद करके अंदर घुसे। उन्होंने लोहे की अलमारियों के ताले तोड़े और फर्नीचर की दराजें खंगाली। हालांकि, चोर बैंक के कैश वाले सेफ तक नहीं पहुंच पाए। बैंक मैनेजर दुष्यंत सिंह ने बताया कि सोमवार सुबह बैंक खुलने पर चोरी का पता चला। उन्होंने तुरंत बैंक के भरतपुर जोन कार्यालय के उच्च अधिकारियों को सूचित किया। जो कंचनपुर के लिए रवाना हो गए हैं। जिनके आने पर जांच के बाद ही पूरे मामले की जानकारी दी जाएगी। प्रथम दृष्टया नगदी सुरक्षित है। कंचनपुर थाने से कुछ दूरी पर स्थित इस बैंक में चोरी के प्रयास की जांच जारी है। सूचना पर पहुंची कंचनपुर पुलिस भी मामले की छानबीन कर रही है। बैंक प्रबंधन की ओर से पूर्ण जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि चोर कुछ ले गए हैं या नहीं।




# कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृषक आत्माषाषी परियोजना में होंगे पुरूस्कृत

## किसानों को नवाचारों एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी घर बैठे मिले -जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

भरतपुर (यतेन्द्र पाण्डेय)। जिला कलक्टर कमर चैधरी की अध्यक्षता में आत्माषाषी परिषद एवं आत्मा प्रबंधन समिति की बैठक सोमवार को एनआाईसी सभागार में आयोजित की गई।

जिला कलक्टर ने कहा कि कृषि, उद्यान एवं पशुपालन विभाग के अधिकारी टीम भावना से कार्य करते हुए सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से किसानों को जागरूक कर पात्रता के अनुसार लाभान्वित करें। उन्होंने कहा कि फील्ड स्टाफ को पाबन्द करे कि योजनाओं में लाभ लेने के लिए ऑनलाईन एप जैसे राज किसान साथी पोर्टल इत्यादि का किसान एवं पशुपालकों के बीच प्रचार-प्रसार करे। किसान एवं पशुपालक मोबाईल में घर बैठे पंजीयन कर योजना का लाभ ले सके इसके लिए सम्पूर्ण प्रक्रिया की जानकारी भी दें। उन्होंने कहा कि जिले के किसान राज किसान साथी एप के द्वारा घर बैठे कृषि विभाग की सभी जानकारियॉ, ऑनलाईन आवेदन, आत्मा योजना में भ्रमण, प्रषिक्षण, गोष्ठी, कृषक वैज्ञानिक संवाद, फसल प्रदर्षन, फार्म स्कूल, कृषक पुरूस्कार आदि जानकारी प्राप्त कर सकें इसके लिए किसानों को प्रेरित करें।




जिला कलक्टर ने वर्ष 2024-25 में आत्मा परियोजना से जिला स्तर पर विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृषकों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने किसानों को इस वर्ष भी आत्मा परियोजना के अन्तर्गत उत्कृष्ट एवं नवाचारी कार्य करने पर पुरस्कार के लिए अधिक से अधिक आवेदन भरवाने पर जोर दिया। परियोजना निदेषक (आत्मा) श्रीमती तुलसी सैनी ने बताया कि आत्मा परियोजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 के लिए कृषक पुरस्कार हेतु आवेदन अगस्त माह से शुरू कर नवम्बर तक लिये जायेगे। उन्होंने बताया कि पंचायत समिति स्तर पर 10 हजार, जिला स्तर पर 25 हजार एवं राज्य स्तर पर 50 हजार रूपये का गठित कमेटी के द्वारा भौतिक सत्यापन के बाद चयन होने पर पुरूस्कार देने का प्रावधान है। उप निदेषक उद्यानिकी जनकसिंह ने इस वर्ष की उद्यानिकी गतिविधियों के पम्पलेट/लीफलेट का विमोचन करवाया। उप परियोजना निदेषक (आत्मा) ने पिछले वर्ष के कार्यों का एजेण्डा एवं इस वर्ष होने वाले कार्यों की जानकारी दी।

इस अवसर पर संयुक्त निदेषक कृषि सुरेष गुप्ता, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेषक, सरसों अनुसंधान केन्द्र प्रधान वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र, बैलाराकलां के प्रभारी अधिकारी, मत्स्य विभाग के सहायक निदेषक, नाबार्ड बैंक के प्रतिनिधि, पशु विज्ञान केन्द्र के प्रभारी, महिला एवं बाल विकाहस, एवं पुरस्कृत/प्रगतिषील कृषक आदि मौजूद रहें।

# ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की समीक्षा बैठक में जाना योजनाओं का धरातलीय हाल

## हर योजना में अधिकतम लोग हों लाभान्वित -सीईओ

बढ़ता राजस्थान

राजसमंद(सुरेश बागोरा)। जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री बृजमोहन बैरवा की अध्यक्षता में सोमवार को जिला परिषद सभागार में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिले में संचालित विभिन्न विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

मुख्य रूप से स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 के सफल आयोजन हेतु अधिकाधिक आमजन से फीडबैक प्राप्त करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। इसके साथ ही बकाया ऑडिट पैरा, सांसद एवं विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना, मगरा क्षेत्र विशेष योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), महात्मा गांधी नरेगा, स्वामित्व योजना, संपर्क पोर्टल, तथा एफएफसी एवं टीएफसी मद आदि के तहत क्रियान्वित योजनाओं की प्रगति, लंबित प्रकरणों और आगामी कार्ययोजना पर भी विस्तार से चर्चा की गई।




सीईओ श्री बैरवा ने निर्देशित किया कि हरियालो राजस्थान अभियान के तहत आगामी 24 जुलाई को जिले की समस्त पंचायतों में लक्ष्य अनुसार पौधारोपण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना में शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति, नरेगा कार्य स्थलों की नियमित निगरानी, स्वच्छ भारत मिशन में सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने एवं स्वामित्व योजना के तहत भू-स्वामित्व दस्तावेजों के शीघ्र वितरण पर बल दिया गया।बैठक में अति. मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. सुमन अजमेरा, लेखाधिकारी, अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, समस्त पंचायत समितियों के विकास अधिकारी, अतिरिक्त/सहायक विकास अधिकारी, लेखा एवं तकनीकी स्टाफ उपस्थित रहे।

## सरकारी विद्यालय के शारीरिक शिक्षक की अनूठी विदाई,

### विदाई के दिन स्कूल स्टाफ के साथ-साथ सभी छात्राएं रोती हुई नजर आई,शारीरिक शिक्षक भी विदाई के पल में नहीं रोक पाए आंसू,

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद( सुरेश बागोरा )।** सरकारी विद्यालय परिसर में भी सुबकते हुए ये बच्चे अपने आप में कई सवाल खड़े करते हैं। ऐसा लगता है जैसे कोई यह दुख भरा मौका हो। लेकिन इस खबर में आप देखेंगे यह कोई मातम का माहौल नहीं बल्कि एक शिक्षक के विदाई की बेला है। शिक्षक और विद्यार्थी के बीच का रिश्ता प्यारा और अपनत्व भरा होता है। इसका एक नजारा राजसमंद जिले की आमेट तहसील के सेलागुडा गाँव में देखने को मिला। जहाँ एक स्कूल के मास्टर साहब की विदाई का दिन था।स्कूली बच्चो की आंखे ग़म के आंसुओ से भरी हुई थी,वजह साफ थी।अपने चहेते टीचर सवाई टेलर का स्कूल में आखिरी दिन जो था। टीचर के जाने पर स्कूल के छोटे-छोटे बच्चे फूट-फूटकर रोए। अपने चाहते बच्चों को देखकर शिक्षक सवाई टेलर की भी रुलाई फूट गई। रोते बच्चों को देखकर हर किसी की आँखों में आंसू आ गए। इस मौके पर न सिर्फ बच्चियां, शिक्षक, स्कूल स्टाफ, प्रधानाचार्य,यहां तक की ग्रामीणों की आंखों में भी आंसू आ गए। सवाई टेलर राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय सेलागुडा आमेट में कार्यरत थे। दरअसल टीचर सवाई टेलर का थर्ड ग्रेड से द्वद्दद्दह्य में चयन हो गया है। इस कारण उनकी पोस्टिंग बालोतरा जिले के कडवासरों की ढाणी स्कूल में हो गई है। इसलिए अध्यापक को इस स्कूल से अलविदा कहना था। लेकिन बच्चे भावनाओं से भर गए और अपने चहेते शिक्षक को स्कूल से ना जाने के लिए आग्रह करने लगे।

## हरियालो भरतपुर के तहत जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में किया वृक्षारोपण-- केदार नाथ पाराशर

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक मुख्यालय कार्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया वृक्षारोपण में नीम, अशोक, बरगद,गुलमोहर,हेमेलिया, जामुन गुलाब ,मोगरा ,मीठा नीम आदि के इक्यावन वृक्षों का वृक्षारोपण किया गया यह वृक्षारोपण सेवानिवृत्ति संयुक्त निदेशक इंदिरा सिंह त्यागी ,सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य ,केदारनाथ पाराशर एवं सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य रूप किशोर शर्मा के सौजन्य से निशुल्क उपलब्ध कराए गये ।वृक्ष की तीन से चार फीट की ऊंचाई के वितरित किए गए। वृक्षारोपण के समय जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक मुख्यालय सुरेंद्र गोपालिया ,अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी नीलिमा छावडा ,अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी श्याम सिंह सागर ,प्रधानाचार्य एवं रेसा के जिला अध्यक्ष दीनदयाल तिवारी , कार्यालय के मंत्रालय कर्मचारी तथा अशोक शर्मा सारस उपस्थित हुए यह वृक्षारोपण का कार्यक्रम एक वृक्ष मां के नाम व हरियालो भरतपुर स्वच्छ सुन्दर भरतपुर के अंतर्गत किया गया।



## रावतभाटा के 56 फ्लैट खरीदारों ने बिल्डर पर धोखाधड़ी का लगाया आरोप, पुलिस में शिकायत दर्ज

बढ़ता राजस्थान

रावतभाटा(नि.स.)। रावतभाटा राजस्थान परमाणु बिजलीघर, भारी पानी संयंत्र, सिंचाई विभाग, नगर पालिका एवं पुलिस विभाग के सेवानिवृत्त और कार्यरत कर्मचारियों सहित करीब 56 फ्लैट खरीदारों ने रिम्शा बिल्डर एंड डेवलपर प्राइवेट लिमिटेड, उसके मालिक गिरीश सलवानी और पार्टनर वंदिता सलवानी, सुमित भारद्वाज, राजेश पटेल (सभी निवासी जयपुर) पर धोखाधड़ी का आरोप लगाते हुए रावतभाटा थाने में शिकायत दर्ज कराई है। फ्लैट खरीदारों ने बताया कि उन्होंने कोटा के बूंदी रोड त्रिकुटा के पीछे नया खेड़ा क्षेत्र में फ्लैट बुक कराए थे, जिनमें अधिकांश बुकिंग पत्नियों के नाम पर की गई थी। बिल्डर ने अपने सेल्स मैनेजर संतोष सोनी के माध्यम से वर्ष 2021 में फ्लैट हैंडओवर करने का वादा किया था। कोविड-19 के कारण रेरा कोर्ट से बिल्डर ने वर्ष 2024 तक का एक्सटेंशन लिया, लेकिन चार साल बाद भी ना तो निर्माण कार्य शुरू हुआ और ना ही साइट पर कोई सामग्री मौजूद है।



एक वर्ष पूर्व पीड़ितों ने रेरा कोर्ट, जयपुर में बिल्डर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। अब वकील की सलाह पर सभी खरीदार रावतभाटा थाने पहुंचे और विस्तृत जानकारी थाना अधिकारी व उनके सहयोगियों को दी। उन्होंने बिल्डर एवं उसके साझेदारों के खिलाफ धारा 420 के तहत धोखाधड़ी और लाखों रुपये हड़पने का मामला दर्ज करने की मांग की।

थाने में एएसआई भारत सिंह व हेड कांस्टेबल विक्रम सिंह ने सभी शिकायतें प्राप्त कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान डी.पी. सिंह, अश्विनी विश्नोई, राजेन्द्र कुमार लोधा, ए.के. मिश्रा, साजिद खान, हेमंत वर्मा, राजेन्द्र सिंह चौहान, शिवचरण चनाल, प्रदीप शर्मा, शंभू सिंह, सत्यनारायण लखारा, चेतराम, योगेश जोशी, पूरणलाल जाटव सहित अन्य फ्लैट खरीदार मौजूद थे।

# रक्तदान एवं मेडिकल कैंप का आयोजन, बड़ी संख्या में उमड़े लोग

बढ़ता राजस्थान

जयपुर (का.स.)। स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से निर्मल मन फाउंडेशन की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन आदर्श विद्या मंदिर मालवीय नगर में किया गया। इस रक्तदान शिविर में कई समाजसेवियों एवं उद्योगपतियों एवं समाज के प्रभुत्व वर्ग ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण मोर्चा की ओर से 100 से अधिक पौधे कार्यक्रम में उपलब्ध करवाएं गए थे। इस शिविर में न केवल रक्तदान करने वाले युवा और समाजसेवियों की भागीदारी रही, बल्कि विभिन्न आयु वर्ग के लोगों ने मेडिकल जांच सुविधाओं का भी लाभ उठाया। शिविर में जनरल चेकअप, ब्लड प्रेशर, शुगर, आंखों की जांच, ईसीजी व दवा वितरण जैसी सेवाएं निशुल्क प्रदान की गईं। शिविर के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिह्न भी वितरित किए गए। इस आयोजन ने न सिर्फ सेवा और समर्पण की मिसाल पेश की, बल्कि समाज को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश भी दिया।




कार्यक्रम में अतिथि राजस्थान जन मंच पक्षी चिकित्सालय से कमल लोचन, महेश शर्मा (अध्यक्ष व्रिप फाउंडेशन) एवं टीम, डॉ. मनीष गुप्ता (क्रिटिकल केयर), नई सोच नई शक्ति फाउंडेशन से रोजी बारोलिया एवं भीम सिंह कासनिया (प्रवासी संघ राजस्थान), डॉ. एनसी पवार (वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक), संयुक्त चौरसिया समाज से हरेंद्र चौरसिया एवं उनकी टीम, पिंकसिटी प्रेस क्लब के पूर्व कोषाध्यक्ष गिरिराज गुर्जर, उमा शर्मा जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा जयपुर दक्षिण देहात, आशा शर्मा जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा सवाई माधोपुर, सुनीता सैनी जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा अलवर, नृत्यम फाउंडेशन की अध्यक्ष व समाज सेविका काजल सैनी, महिला चिकित्सालय टीम, आयुष्मान ब्लड बैंक की टीम उपस्थित रही। इस अवसर पर आए हुए सभी गणमान्य लोगों ने संस्था के द्वारा आयोजित हुए कार्यक्रम की जमकर सराहना की एवं बधाई दी।

संस्था के संरक्षक कमलेश शर्मा ने कहा कि संस्था सभी वर्गो को साथ लेकर चलने का कार्य कर रही है। समय-समय में जरूरतमंद की मदद करना एवं धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन संस्था के प्रमुख कार्य है।

संस्था के अध्यक्ष कैलाश ओझा ने बताया कि समाज में इस तरह के कार्य होते रहना चाहिए, संस्था द्वारा समय-समय पर गौ-सेवा, कम्बल वितरण, जरूरतमंद को भोजन का वितरण, पर्यावरण संरक्षण का कार्य आदि किए जाते है।

इस कार्यक्रम में संस्था के उपाध्यक्ष राहुल सैनी, महासचिव जयबीर सिंह, महामंत्री प्रेम प्रकाश शर्मा, दीनानाथ झा-जयपुर जिला संरक्षक, मीडिया प्रभारी-योगेंद्र कुमार, सचिव कविता झा, रोशन झा, अलवर जिला अध्यक्ष नीरज माहेश्वरी, दौसा जिला अध्यक्ष सूरज पोसवाल आदि मौजूद रहे।

इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण मोर्चा के अध्यक्ष पुष्पेंद्र भूटानी ने सभी को शुभकामनाएं दी।

# नगर निगम का श्रावण मास में विशिष्ट आयोजन

## वार्ड 10 व 11 के ऋण मुक्तेश्वर महादेव मंदिर एवं बाल हनुमान मंदिर में हुआ सहस्त्रधारा अभिषेक



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** नगर निगम भीलवाड़ा द्वारा श्रावण मास के पावन अवसर पर 70 वार्डों के 70 मंदिरों में 70 अभिषेक कार्यक्रम के ग्यारहवें दिन महापौर राकेश पाठक के नेतृत्व में शहर के दो वार्डों में आयोजन संपन्न हुआ। वार्ड 11 के अंतर्गत बाल हनुमान मंदिर में पार्षद इंदु टाक की उपस्थिति में एवं वार्ड 10 में ऋण मुक्तेश्वर महादेव मंदिर में पार्षद महेंद्र घबरानी की उपस्थिति में सहस्त्रधारा अभिषेक का आयोजन हुआ। पंडित योगेन्द्र शर्मा सहित सहयोगी पंडितों ने अभिषेक संपन्न कराया। इस दौरान प्रताप मंडल अध्यक्ष नागेंद्र राव, कार्यक्रम संयोजक ओम साईराम, पार्षद गजेंद्र चुण्डावत, मनोज टाक, पंडित द्वारका प्रसाद, मनोज बुलानी, विक्रम सोलंकी, गौरव टाक, अमित गुप्ता, संजय त्रिवेदी, संतोष दुबे, रूपेंद्र नायर, संजय मेहता, जितेंद्र मोटवानी, अक्षय टेलर, जितेंद्र पोपटानी, हैप्पी त्रिवेदी, मोड़ूदास वैष्णव, रामलाल माली, सोनू मोतियानी, पवन मोतियानी, कैलाश, जमना देवी, मंजू देवी शर्मा, शीला देवी, कंचन मोतियानी, गुड्डी देवी सहित बापूनगर महिला मंडल एवं अनेक वार्डवासी एवं श्रद्धालु मौजूद रहे। नगर निगम द्वारा आयोजित श्रावण मास सहस्त्रधारा अभिषेक कार्यक्रम आज प्रात: 8 बजे वार्ड 14 के अंतर्गत सी सेक्टर पार्क शिव मंदिर में और प्रात: 11 बजे वार्ड 15 में आजाद नगर स्थित शिव मंदिर में आयोजित होगा।

# नगर पालिका कपासन के अतिक्रमण निरोधक दल ने कार्यवाही कर अतिक्रमण हटाया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** नगर पालिका कपासन द्वारा सोमवार को अवैध अतिक्रमण पर कार्यवाही करते हुवे पालिका भूमि पर लगी अवैध केबिनों को हटाया गया। नगर पालिका कपासन अधिशाषी अधिकारी ललित सिंह देथा ने बताया कि गत दिनों से नगर पालिका प्रशासन द्वारा अतिक्रमण मुक्त कपासन के लिये अभियान का शुभारम्भ किया गया। जिसके अंतर्गत पालिका प्रशासन द्वारा एक विशेष अतिक्रमण निरोधक दल का गठन किया गया। साथ ही नगर क्षैत्र में स्थित अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही जारी है। जिसके तहत नगर पालिका अतिक्रमण प्रभारी ललितेन्द्र कुमार शर्मा के निर्देशन में सोमवार को पालिका प्रशासन के गठित अतिक्रमण निरोधक दल द्वारा कार्यवाही करते हुवे नगर के मुख्य स्टेशन मार्ग पर सेठजी की बगीची के समीप पालिका भूमि पर स्थापित दो अवैध केबिनों को हटाकर पालिका भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया। इस दौरान नगर पालिका कपासन स्वास्थ्य जमादार मुकेश कोदली, कार्मिक विशाल कोदली आदि पालिका कार्मिक उपस्थित रहे।

# जरखोदा गांव में वृक्षारोपण किया



बढ़ता राजस्थान

**करवर ( राकेश नामा )।** श्रेत्र में जरखोदा ग्राम पंचायत मुख्यालय पर श्रीबाबा बाटराव सेवा समिति के तत्वावधान में श्मशान घाट व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पौधारोपण किया गया इस दौरान सरपंच महावीर नागर, अध्यक्ष बाटराव सेवा समिति के अध्यक्ष राजेंद्र नागर, मनीष नागर, राकेश नागर, बलराम नागर, श्याम सुंदर, विष्णु, केशव, दीपक, पंकज आदि ने पौधारोपण किया।


# नागेश्वर मोहनखेड़ा मंडल मुंबई द्वारा बच्चो को स्कूल बैग ओर बुक का वितरण

**झालावाड़ ( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के उन्हैल मै नागेश्वर मोहनखेड़ा मंडल मुंबई ने कस्बे और आसपास के करीब 30 स्कूलों में बच्चों को स्कूल बैग, किताबें और पेन बांटे। मंडल सचिव कीर्ति कुमार जे जैन ने बताया कि हमारा मंडल पिछले 30 सालों से नागेश्वर और आसपास के स्कूलों में बच्चों के स्कूल की सामग्री का वितरण करता रहा है इसी क्रम में इस बार बैग वितरण शाह महिपाल सुकनराज थाना, निवासी बाली के सहयोग से हुआ। उनका परिवार हर साल किसी न किसी रूप में सहयोग करता है। इस बार भी वे खुद आए और अपने हाथों से बच्चों को सामग्री बांटी। बच्चों की खुशी और उनके चेहरे की मुस्कान देखने लायक थी। कई स्कूल ऐसे हैं जहां पहुंचना मुश्किल होता है, फिर भी वहां जाकर सामग्री दी गई। हर कोई वहां नहीं पहुंच पाता। मंडल अध्यक्ष शाह पारसमल, धनराज पारेख, निवासी नाडोल ने लाभार्थी परिवार का स्वागत किया और उनके सहयोग की अनुमोदना की। बुक वितरण में सहयोग देने वालों में देवराज पुनमिया, रमन अम्बावत, जयंती पुनमिया, हीराचंद संचेती, अरविंद गोदानी, वसंत, मनीष, श्रीपाल, प्रकाश पालरेचा और लता भंसाली शामिल रहे। पेन और अन्य सामग्री शांति बाई बस्तीमल जी सांडेराव और दाकुबाई घीसुलालजी लोढ़ा ढालोप की ओर से दी गई।

# प्रख्यात सूफी संत हजरत दीवाना सा. के जन्मोत्सव पर कपासन में हुई अलम शरीफ की रस्म में हजारों जायरीनों ने शिरकत की

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** प्रख्यात सूफी संत हजरत दीवाना शाह साहब र.अ. के यौमे पैदाईस जन्मोत्सव के अवसर पर अलम शरीफ की रस्म मे हजारो जायरीनों द्वारा शिरकत की गयी। दरगाह वक्फ कमेटी कपासन के सैक्रेट्री मोहम्मद अब्बास अशरफी ने बताया कि सोमवार 25 मोहरर्म को भीलवाडा के छीपा दाऊद सेठ,हाजरा बाई एवं पूर्व दरगाह सदर निसार अहमद छीपा परिवार के पचास सदस्यो के साथ वक्फ कमेटी सदर अनवर अहमद छीपा द्वारा अलम शरीफ झण्डा बाद नमाजे जोहर के आस्ताना ए आलिया मे पेश किया गया।इस दौरान हम्द,नात शरीफ,मनकबत,सलातो सलाम एवं फातिहा ख्वानी के बाद बुलन्द दरवाजा पर छीपा परिवार द्वारा अलम दरगाह वक्फ कमेटी के सदस्यो को सौंपा गया।जिसे दरगाह वक्फ कमेटी सदस्य अशफाक तुर्किया, शराफत भाटी,मंसूर ओटवाल,शब्बीर पुंवार,सैयद ऐजाज अली द्वारा अलम बाबा हुजूर के मोमीन मोहल्ला स्थित कुटिया पर पेश किया गया।इसके बाद कुटिया से अलम शरीफ का जुलूस हुसैनी बैण्ड् के साथ कलन्दरी मस्जिद,बस स्टेण्ड से दरगाह शरीफ पहुंचने पर बलन्द दरवाजा पर वक्फ कमेटी नायब सदर मोहम्मद यासीन खां अशरफी, मुबारक हुसैन शैख,खंजाची अब्दुल वहीद अंसारी, सदस्य सैयद अख्तर अली बुखारी, हाजी शरीफ मेवाती, हाजी जेनुलहसन, असलम शैख, इकबाल रंगरेज, पूर्व नगर पालिका पार्षद हाजी अब्दुर्रहमान मंसूरी, अकरम छीपा,अकरम मंसूरी, अकील शाह, इरफान सिलावट द्वारा जुलूस का इस्तकबाल किया गया। यहां बाद नमाज असर के आस्ताना ए आलिया के पश्चिम तरफ बोर्ड ऑफ मुस्लिम वक्फ राजस्थान जयपुर के वरिष्ठ सदस्य हाजी युसूफ खां एवं बुलन्द दरवाजा पर वक्फ कमेटी के पदाधिकारियों व सदस्यो द्वारा नारो के साथ अलम पेश किया गया। इस मौके पर पीरे तरीकत सैयद आदिल अली कादरी शहर काजी जावद,शहर काजी मोहम्मद सईद कपासन, शहर काजी अब्दुल मुस्तफा चिश्ती करीमी, हाजी इस्माईल मंसूरी चित्तौड़गढ़, कालू भाई कोटा, आजाद हुसैन मंसूरी, पूर्व उपसरपंच सांवलियाजी, हुसैन छीपा पाली, बबला भाई, बाबु भाई छीपा रंगवाले, परवेज कुरेशी, हाजी अब्दुल करीम अंसारी उदयपुर, एडवोकेट मोहम्मद शरीफ पठान, मोहम्मद रफीक भीलवाडा, राजेन्द्र सिंह आरजिया, युसूफ भाई छीपा गंगापुर, सेवानिवृत्त थानाधिकारी मूंशी खां उपरेडा, जाकीर खां राशमी, एडवोकेट सैयद अशफाक अली, पूर्व पार्षद अशरफ हुसैन, मोहम्मद हारून मंसूरी, पार्षद प्रतिनिधि रफीक भाटी सहित हजारो की तादाद मे बाबा हुजूर के शेदाई उपस्थित रहे। सोमवार बाद नमाजे फज़्र से ही बाबा हुजूर के यौमे पैदाईश के मौके पर हर शख्स हाथो मे फूल,बुक्का, चादर,ईत्र लिये आस्ताना ए आलिया के मुख्य मज़ार में मुबारक बाद पेश कर उल्टे पांव वापिस बाहर आकर अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा है। साथ ही यहां कोई जायरीन खीर तकसीम कर रहा तो कोई केक काटकर एवं न्याज प्रसादी कर खुशी मना रहा है। अहाता ए नूर मे महफिले मीलाद व पूरे दिन कव्वाल हजरात द्वारा बारी-बारी से अपने कलाम पेश किये तथा प्रात: 11 से 1.30 बजे तक दीवाना शाह माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओ द्वारा बाबा हुजूर जन्मोत्सव के मुबारक मौके पर अहमद कबीर मंजिल मे हम्द, नात, मनकबत, बाबा हुजूर की जीवनी पेश की गई। इस दौरान पूर्व जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी लियाकत अली सोरगर, मंजूर खां पठान, शिक्षाविद अब्दुल सलीम खां, मोहम्मद हुसैन खां, नगर कांग्रेस अध्यक्ष पवन बारेगामा, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश चाष्टा, प्रवीण बारेगामा, पूर्व नगर पालिका पार्षद मदन कुमावत, विजय बारेगामा आदि





गणमान्यजन उपस्थित रहे। इधर शांति एवं सुरक्षा को लेकर पुलिस उपाधीक्षक हरजीलाल यादव, उपखण्ड अधिकारी कपासन राजेश सुवालका, तहसीलदार नासिर बेग मिर्जा, थानाधिकारी कपासन रतन सिंह सहित पर्याप्त पुलिस जाब्ता मुस्तैदी के साथ तैनात रहा।

## दुगारी सर्च अभियान में जुटी रेस्क्यू टीम को मिली सफलता

# 60 घंटे के बाद झाड़ियो में फंसा मिला मोहनदास का शव

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** दुगारी कनक सागर बांध के ओवरफ्लो में शुक्रवार रात्रि को करीब 10 बजे दुगारी निवासी 40 वर्षिय मोहनदास गोस्वामी पानी के बहाव में बह गया था। 60 घंटे के बाद एसडीआरएफ सिविल डिफेंस, समामाजिक कार्यकर्ता एंव पुलिस प्रशासन की कड़ी मेहनत के बाद दुगारी बाग के पास झाड़ियो में फॅसा मिला है। रेस्क्यू टीम के सदस्य जब मोहनदास गोस्वामी के शव को तलाश करते हुए दुगारी बाग की ओर सर्च किया तो पाया कि मोहनदास का शव बाग के पास झाड़ियो में फंसा हुआ था जो सड़ांध मार रहा था। टीम के सदस्यो ने अपने मुंह पर मास्क लगा कर शव पानी के बहाव से बाहर निकाला गया। इस दौरान थाना प्रभारी कमलेश शर्मा, पुलिस चैकी प्रभारी कमलेश सैनी, सिविल डिफेंस के धन पाल गुर्जर, विशाल गुर्जर, सोराज गुर्जर, रणजीत गुर्जर, सत्यनाराय सैनी, बलराम सैनी, देवकीनंदन गुर्जर,हरि नारायण गुर्जर, कालू गुर्जर, लेखराज सामाजिक कार्यकर्ताओ में हनुमान गुर्जर, देवकरण गुर्जर शामिल रहे। जो पिछले तीन दिनों से लगातार सर्च अभियान चला कर बहे हुए युवक को तलाश करने में जुटे हुए थे। रेस्क्यू टीम की हर संभव मदद के लिए विपिन सैनी, महेंद्र खींची, पप्पू सैनी, किशन गोपाल, शम्भू गुर्जर, अनिल शर्मा, मोती सैनी, गोवर्धन



सैनी, खेमराज स्वामी, भीम सिंह वाल्मीकि ने सहयोग प्रदान किया गया।

### घटना स्थल से आधा किमी दूरी पर मिला शव

शुक्रवार रात्रि को अपने घर लौट रहे मोहनदास गोस्वामी दुगारी दरवाजा के पास पानी के तेज बहाव में बह गया था। ग्रांमीणो ने प्रशासन को सुचना दी गई लेकिन दुगारी पहुँचने वाले सभी आम रास्ते पानी से जलमग्न होने से शुक्रवार रात्रि को कोई प्रशासनिक अधिकारी नहीं पहुँच पाये थे। ग्रांमीणो ने रात्रि के तीन बजे तक मोहनदासा को तेज पानी में उतर कर ढूढ़ा गया लेकिन कोई सुराग नहीं लग पाया। शनिवार को जिला कलक्टर सहित स्थानीय प्रशासन एंव पूर्व कृर्षि मंत्री प्रभूलाल सैनी,पंचायत समिति प्रधान पदम कुमार नागर,विधायक अशोक चांदना ने दुगारी पहुँच कर बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा करके प्रशासन को उचित कार्यवाही का निर्देश दिया गया था।

### नैनवां चिकित्सालय की मोर्चरी में हुआ पोस्टमार्टम

रेस्क्यू टीम द्वारा शव को पानी के बहाव क्षेत्र से बाहर निकालने के बाद ग्रांमीण शव को नैनवां उपजिला चिकित्सालय में लेकर पहुँचे जहां पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही के बाद मृतक का पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनो को सुर्पद किया गया। पुलिस ने भाई प्रभूलाल गोस्वामी की रिर्पोट पर पुलिस ने मृर्ग में मामला दर्ज किया गया।

# राजस्थान की लोककला को मिला नया आयाम, फड़ चित्रों में जुड़ी ऑडियो तकनीक



### विजय जोशी का शाहपुरा की परंपरागत कला में अभिनव प्रयोग

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** राजस्थान की प्रसिद्ध फड़ चित्रकला अब तकनीक के साथ और भी जीवंत हो उठी है। शाहपुरा के अंतरराष्ट्रीय फड़ चित्रकार विजय जोशी ने परंपरागत 'पाबुजी की फड़' में ऑडियो तकनीक का समावेश कर इसे देखने के साथ-साथ सुनने योग्य भी बना दिया है। करीब 5 फीट चौड़ी और 15 फीट लंबी इस फड़ में डिजिटल लालटेन, स्कैनर, क्यूआर कोड और एनएफसी टैग जोड़े गए हैं। दर्शक जब डिजिटल लालटेन से चित्र स्कैन करते हैं, तो उनसे जुड़ी रामायण, पाबुजी या लोकगाथाएं हिंदी में हेडफोन के जरिए सुनाई देती हैं। यह तकनीक खासकर युवा वर्ग और दृष्टिबाधित लोगों के लिए बेहद उपयोगी है। विजय जोशी ने बताया कि नई पीढ़ी मोबाइल और तकनीक की दुनिया में है, इसलिए लोककला को उसके अनुरूप पेश करना जरूरी है। उन्होंने अब तक 100 से अधिक विषयों पर फड़ चित्र बनाए हैं, जो भारत सहित अमेरिका, फ्रांस, जापान जैसे देशों में प्रदर्शित हो चुके हैं। यह नवाचार केवल तकनीकी नहीं, बल्कि लोकसंवेदना की नई यात्रा है, जो परंपरा और आधुनिकता को जोड़ते हुए लोककला को नई पहचान दे रहा है।

## हरिशेवा धर्मशाला ने गौ सेवा के लिए भेंट की 1.84 लाख की सामग्री

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** हरिशेवा धर्मशाला ने गौ सेवा के क्षेत्र में प्रेरणादायक पहल करते हुए मन मोहन गौ सेवा ट्रस्ट, जोरावरपूरा (कालीखेड़ा) को 1,84,805 की सेवा सामग्री भेंट की है। यह सहयोग गौशाला में 52म94 फीट के शेड निर्माण हेतु 48 टीन शीटों के रूप में प्रदान किया गया है। शीघ्र ही शेड निर्माण की प्रक्रिया शुरू होगी, जिससे गौमाताओं को बरसात, धूप और सर्दी से राहत मिलेगी। धर्मशाला के महामंडलेश्वर स्वामी हंसराम जी ने कहा कि गौ सेवा सनातन संस्कृति का मूल है। यह सहयोग केवल सामग्री नहीं, बल्कि करुणा और धर्म का प्रतीक है। हरिशेवा धर्मशाला पहले से ही घायल व असहाय गौवंश की सेवा में सक्रिय रही है।

# नगर पालिका कपासन एवं भूमाफियाओं के संयुक्त गठबंधन से फलते-फूलते भ्रष्टाचार के विरुद्ध नारेबाजी के साथ धरना प्रदर्शन किया

### स्ट्रीट वेंडर्स केबिन यूनियन की समस्याओं का 7 दिवस में समाधान नहीं होने पर उग्र आंदोलन होगा

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** नगर पालिका एवं भूमाफियाओं के संयुक्त गठबंधन के मजबूत गठजोड़ तले पालिका में फल-फूल रहे भ्रष्टाचार के विरुद्ध एवं अतिक्रमण कार्यवाही से आहत केबिनधारियों की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर सोमवार को नारेबाजी के साथ धरना प्रदर्शन कर रोष व्यक्त किया गया। जानकारी अनुसार नगर पालिका कपासन एवं भूमाफियाओं के आपसी तालमेल से पालिका में बढ़ते भ्रष्टाचार के विरुद्ध स्ट्रीट वेंडर्स केबिन यूनियन कपासन के संयोजन में नगर




पालिका कार्यालय के बाहर नगर पालिका में निर्वाचित होकर विराजमान जनप्रतिनिधियों एवं नगर पालिका प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी के साथ धरना प्रदर्शन करते हुवे तीव्र रोष व्यक्त किया गया। गौरतलब है कि नगर पालिका कपासन द्वारा विगत दिनों हुई अतिक्रमण कार्यवाही से आहत समस्त केबिनधारीयो की समस्याओ का 7 दिवस की अवधि में समाधान नहीं होने की दिशा में केबिनधारी व्यवसायियों द्वारा आगामी दिनों में उग्र आंदोलन किया जायेगा।उक्त जानकारी से अवगत कराते हुवे स्ट्रीट वेंडर्स केबिन यूनियन कपासन के अध्यक्ष भवानीशंकर लोहार ने बताया कि नगर पालिका कपासन कार्यालय के बाहर सोमवार को नारेबाजी के साथ धरना प्रदर्शन कर नगर पालिका एवं भूमाफियाओं के गठजोड़ से बढ़ते भ्रष्टाचार तथा केबिनधारियों की समस्याओं का समाधान नहीं होने से धरना प्रदर्शन में वक्ताओं द्वारा तीव्र रोष व्यक्त किया गया। इस दौरान धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुवे वरिष्ठ अधिवक्ता मांगीलाल बेरवा ने कहाकि नगर पालिका प्रशासन गुलाबसागर जल स्त्रोत में गंदे पानी की निकासी कर उक्त जलस्त्रोत को प्रदूषित कर नष्ट करने पर तुला हुआ है।यहां नगर पालिका एवं भूमाफियाओं के संयुक्त संयोजन में फलते-फूलते भ्रष्टाचार के विरुद्ध आयोजित उक्त धरना प्रदर्शन में अधिवक्ता मोहनलाल गाडरी,समाजसेवी लीलाशंकर मेघवाल,पूर्व नगर पालिका कपासन पार्षद शिवशंकर उपाध्याय,पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दिनेशचंद्र चाष्टा,कांग्रेस नगर अध्यक्ष पवन शर्मा,पूर्व नपा पार्षद पुखराज खाब्या,पूर्व नपा पार्षद मदन कुमावत,पूर्व पार्षद गुड्डू खान पठान, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस प्रवक्ता मधुसूदन कुमावत,अयूब खान भिस्ती,यूथ कांग्रेस के विजय बारेगामा,देवेश बारेगामा, अशोक लोहार,सत्यनारायण चोटिया,मंजूर खान,सुनील प्रधान आदि कार्यकर्ताओं द्वारा उपस्थिति के साथ संबोधन में रोष व्यक्त किया गया। बहरहाल नगर पालिका कपासन एवं भूमाफियाओं की संयुक्त छांव तले बढ़ते भ्रष्टाचार की चर्चाओं के चलते क्षैत्र में सत्ता पक्ष एवं विपक्ष दोनों के जनप्रतिनिधि क्षेत्रीय जनता जनार्दन की रडार पर है।जिसमे भ्रष्टाचार को लेकर जनप्रतिनिधियों द्वारा मात्र औपचारिकता रूपी मुखदर्शिता धारण करना जनता में चर्चा का विषय बना हुआ है।इसमें भाजपा समर्थित नगर पालिका बोर्ड कपासन के साथ-साथ कांग्रेस समर्थित नगर पालिका कपासन नेता प्रतिपक्ष कन्या देवी सोनी एवं इनके प्रतिनिधि पूर्व पार्षद की भारी किरकिरी आये दिन बनी रहती है।जिसमे क्षेत्रीय जनता जनार्दन द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उक्त राजनेताओं को आगामी चुनावो को लेकर आईना दिखाया जाता है।

"गीता के अनमोल वचन जीवन का उद्देश आत्म साक्षरता और मोक्ष प्राप्त करना हैं।"

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



## जस्टिस वर्मा को सरनेम से बुलाने पर वकील को फटकार

# सुप्रीम कोर्ट बोला- क्या वे आपके दोस्त हैं, मर्यादा में रहिए; जस्टिस के खिलाफ महाभियोग आएगा

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा को उनके सरनेम से संबोधित करने पर एक वकील को फटकार लगाई। दरअसल, वकील मैथ्यूज नेदुम्परा जस्टिस वर्मा को सिर्फ वर्मा कहकर संबोधित कर रहे थे। इस पर चीफ जस्टिस बीआर गवई ने कहा, क्या वे आपके दोस्त हैं? वे अब भी जस्टिस वर्मा हैं। आप उन्हें कैसे संबोधित करते हैं? थोड़ी मर्यादा रखिए। आप एक विद्वान जज की बात कर रहे हैं। वे अब भी कोर्ट के जज हैं।वकील ने जवाब दिया, मुझे नहीं लगता कि उन्हें इतनी इज्जत देनी चाहिए। इस पर ष्टछ्वढ्ढ ने कहा, प्लीज, कोर्ट को ऑर्डर मत दीजिए।% कोर्ट ने कैश कांड मामले में वकील मैथ्यूज नेदुम्परा की उस याचिका को भी खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने जस्टिस वर्मा के खिलाफ स्नढ्ढक्र दर्ज करने की मांग की थी।दूसरी तरफ, जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही भी शुरू हो गई है। जस्टिस वर्मा को हटाने के लिए 152 सांसदों ने आज लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला को ज्ञापन सौंपा। राज्यसभा में 50 से ज्यादा सांसदों ने प्रस्ताव पर साइन किए।

**महाभियोग प्रस्ताव को भाजपा कांग्रेस और अन्य दलों का समर्थन**

महाभियोग प्रस्ताव को भाजपा, कांग्रेस, टीडीपी, जेडीयू, सीपीएम और अन्य दलों के सांसदों का समर्थन मिला। साइन करने वालों में सांसद अनुराग ठाकुर, रविशंकर प्रसाद, राहुल गांधी, राजीव प्रताप रूडी, सुप्रिया सुले, केसी वेणुगोपाल और पीपी चौधरी शामिल हैं।

आजादी के बाद भारत में पहली बार संसद में संविधान के अनुच्छेद 124, 217 और 218 के तहत किसी हाई कोर्ट के सिटिंग जज के खिलाफ महाभियोग की जांच की जाएगी। महाभियोग सुप्रीम कोर्ट या हाई कोर्ट के किसी जस्टिस को पद से हटाने




की प्रक्रिया है।

भारत में किसी जस्टिस को राष्ट्रपति के आदेश के बिना पद से नहीं हटाया जा सकता। राष्ट्रपति के आदेश के बाद संसद की सहमति जरूरी होती है। महाभियोग प्रस्ताव संसद के किसी भी सदन में पेश किया जा सकता है। इस पर कम से कम 50 राज्यसभा सांसदों या 100 लोकसभा सांसदों के साइन जरूरी हैं। प्रस्ताव को स्वीकार किया जाएगा या नहीं, यह फैसला अध्यक्ष या सभापति करते हैं।

**वर्मा के घर में आग के बाद बेहिसाब कैश मिला था**

जस्टिस वर्मा के लुटियंस स्थित बंगले पर 14 मार्च की रात आग लगी थी। इसे अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने बुझाया था। घटना के वक्त जस्टिस वर्मा शहर से बाहर थे। 21 मार्च को कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि जस्टिस वर्मा के घर से 15 करोड़ कैश मिला था। काफी नोट जल गए थे।घटना के कई वीडियो भी सामने आए। इसमें जस्टिस के घर के स्टोर रूम से 500-500 रुपए के जले नोटों के बंडलों से भरे बोरे दिखे। जस्टिस वर्मा उस समय दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस थे। बाद में उन्हें इलाहाबाद हाई कोर्ट ट्रांसफर कर दिया गया था।

**सीजेआई की बनाई कमेटी ने जस्टिस वर्मा को दोषी ठहराया**

22 मार्च को तत्कालीन ष्टछ्वढ्ढ संजीव खन्ना ने जस्टिस वर्मा पर लगे आरोपों की इंटरनल जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी बनाई। पैनल ने 4 मई को ष्टछ्वढ्ढ को अपनी रिपोर्ट सौंपी। इसमें जस्टिस वर्मा को दोषी ठहराया गया था।रिपोर्ट के आधार पर 'इन-हाउस प्रोसीजर' के तहत पूर्व ष्टछ्वढ्ढ खन्ना ने 8 मई सरकार से जस्टिस वर्मा को हटाने की सिफारिश की थी। जांच समिति में पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस शील नागू, हिमाचल हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस जीएस संधवालिया और कर्नाटक हाईकोर्ट की जज जस्टिस अनु शिवरामन थीं।

**जस्टिस वर्मा और उनके परिवार का स्टोर रूम पर कंट्रोल था**

कैश कांड की जांच कर रहे सुप्रीम कोर्ट के पैनल की रिपोर्ट 19 जून को सामने आई थी। 64 पेज की रिपोर्ट में कहा गया कि जस्टिस यशवंत वर्मा और उनके परिवार के सदस्यों का स्टोर रूम पर सीक्रेट या एक्टिव कंट्रोल था।10 दिनों तक चली जांच में 55 गवाहों से पूछताछ हुई और जस्टिस वर्मा के आधिकारिक आवास का दौरा किया गया था। रिपोर्ट में कहा गया था कि आरोपों में पर्याप्त तथ्य हैं। आरोप इतने गंभीर हैं कि जस्टिस वर्मा को हटाने के लिए कार्यवाही शुरू करनी चाहिए।

## इंस्टाग्राम से सॉल्व हुआ मर्डर केस! देवर के प्यार में फंसी पत्नी ने पति को 15 नींद की गोलियां खिलाई, फिर बिजली का करंट देकर उतारा मौत के घाट

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के द्वारका के उत्तम नगर इलाके में एक व्यक्ति की हत्या की साजिश का भंड़ाफोड़ उसकी पत्नी और उसके प्रेमी के बीच 90 से अधिक इंस्टाग्राम संदेशों से हुआ है। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी।दिल्ली से एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आयी हैं। जहां एक पत्नी में 12 जुलाई को अपने पति की प्रेमी के साथ मिलकर मौत के घाट उतार दिया। ये हत्या बेदह बड़ी प्लानिंग के साथ की गयी। और महिला ने अपने पति को 15 नींद की गोलियां देकर करंट लगाकर मारा था। ये प्लानिंग काफी समय से चल रही थी। महिला रिश्ते में अपने देवर के साथ प्रेम प्रसंग में पड़ी हुई थी। वह लगातार सोशल मीडिया पर बात करते थे। पूरी हत्या की साजिश बेहद सावधानी के साथ रची गयी। इंस्टाग्राम पर संदेश ऑल डिलीट मोड पर करके लिखे जा रहे थे। ताकि साजिश का पर्दा फाश न हो सके। अब 12 जुलाई की गयी हत्या की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया और केस के बारे में पुरी जानकारी भी साझा की है।



दिल्ली के द्वारका के उत्तम नगर इलाके में एक व्यक्ति की हत्या की साजिश का भंड़ाफोड़ उसकी पत्नी और उसके प्रेमी के बीच 90 से अधिक इंस्टाग्राम संदेशों से हुआ है। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि जांचकर्ता यह भी पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या महिला ने अपने परिवार के सदस्यों और ससुराल वालों से अपनी बातचीत छिपाने के लिए इंस्टाग्राम के गायब होने वाले संदेश फीचर का इस्तेमाल किया था, क्योंकि वह पिछले दो वर्षों से अपने प्रेमी के साथ रिश्ते में थी।

करण (36) की कथित तौर पर उसकी पत्नी सुष्मिता और उसके प्रेमी राहुल (जो उसका रिश्ते में देवर लगता है) ने नशीला पदार्थ खिलाकर और बिजली का झटका देकर हत्या कर दी।

## ट्रम्प ने ओबामा की गिरफ्तारी का एआई वीडियो शेयर किया

### एफबीआई ने कॉलर पकड़कर गिराया, हथकड़ी लगाई, पास में बैठे मुस्कुराते दिखे प्रेसिडेंट



बढ़ता राजस्थान

**वॉशिंगटन डीसी (एजेसी)।** डोनाल्ड ट्रम्प के हैंडल से पोस्ट इस एआई जेनेरेटेड वीडियो में पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा को ओवल ऑफिस (राष्ट्रपति ऑफिस) के अंदर ही एफबीआई एजेंट्स गिरफ्तार करते हुए दिखाई दे रहे हैं।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की गिरफ्तारी का-ढ्ढ से बना वीडियो पोस्ट किया है। इस वायरल वीडियो में दिखाया गया है कि बराक ओबामा को एफबीआई एजेंट व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में गिरफ्तार कर रहे हैं।वीडियो में ओबामा को ट्रम्प के पास बैठे दिखाया गया है। इसके बाद 3 एजेंट्स आते हैं। एजेंट्स ओबामा का कॉलर पकड़कर उन्हें धक्का देकर नीचे गिरा देते हैं और उनके हाथों में हथकड़ियां लगाते हैं।पास में ही बैठे ट्रम्प यह सब देखकर मुस्कुरा रहे हैं। वीडियो के अंत में ओबामा जेल की पोशाक में एक सेल के अंदर नजर आते हैं।वीडियो की शुरुआत ओबामा के एक पुराने बयान से होती है, जिसमें वे कहते हैं, कोई भी, खासकर राष्ट्रपति भी कानून से ऊपर नहीं है। इसके बाद कई डेमोक्रेटिक नेताओं की क्लिप जोड़ी गई है, जिनमें जो बाइडेन भी शामिल हैं, जो दोहराते हैं - कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। इस वीडियो को लेकर ट्रम्प की ओर से कोई सफाई नहीं दी गई है कि यह वीडियो फर्जी है। उन्होंने यह नहीं बताया कि यह सिर्फ एक काल्पनिक दृश्य है।

## शराबबंदी वाले गुजरात के रिसॉर्ट में शराब पार्टी पर रेड-नामी बिल्डर के रिसॉर्ट से 13 लड़के, 26 लड़कियां अरेस्ट; सभी नशे में थे

बढ़ता राजस्थान

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** अहमदाबाद जिले के साणंद स्थित ग्लेड गोल्फ रिसॉर्ट में रविवार देर रात एक हाईप्रोफाइल शराब पार्टी पर पुलिस ने छापा मारा। इस दौरान पुलिस ने 13 लड़कों और 26 लड़कियों को नशे की हालत में पकड़ा। देर रात ही सभी को मेडिकल के लिए सिविल अस्पताल ले जाया गया।इसके बाद सुबह करीब 3 बजे सभी को साणंद थाने लाया गया। साणंद पुलिस ने पूरे मामले में केस दर्ज कर सभी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जांच में पता चला है कि यह हाई-प्रोफाइल शराब पार्टी शहर के नामी बिल्डर प्रतीक सांघी के बर्थडे के मौके पर रखी गई थी।

**50 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया था**

साणंद पुलिस ने बताया कि हमें रविवार रात को रेड रिसॉर्ट में हो रही एक शराब पार्टी के बारे में सूचना मिली थी। पुलिस ने जब रिसॉर्ट पर छापा मारा तो वहां करीब 100 लोग मौजूद थे। इनमें से करीब 50 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया था। रात में ही मेडिकल टेस्ट कराया गया तो इनमें से 13 युवक और 26 युवतियां नशे में पाए गए। नशे में पकड़े गए ये सभी लोग बिल्डर प्रतीक सांघी की बर्थडे पार्टी में शामिल हुए थे।



**पुलिस का अभियान देर रात तक जारी रहा**

साणंद की डीएसपी नीलम गोस्वामी ने बताया कि देर रात को ही सभी लोगों को 4 पुलिस बसों और एक कार में मेडिकल परीक्षण के लिए सिविल अस्पताल ले जाया गया था। बड़ी संख्या में नशे में धुत लोगों के पकड़े जाने के चलते पुलिस का अभियान देर रात से सुबह तक जारी रहा। सूचना मिलते ही कई युवक-युवतियों के परिवार वाले भी थाने पहुंच गए थे।


5 सीलबंद शराब की बोतलें भी जब्त डीएसपी नीलम गोस्वामी ने आगे बताया कि छापेमारी में साणंद थाना पुलिस, असलाली, चांगोदर, बोपल पुलिस की टीमें शामिल थीं।

## यह संसद है, प्राइवेट ड्राइंग रूम नहीं, नियमों के दायरे में रहना होगा, राहुल-प्रियंका पर धर्मेंद्र प्रधान का पलटवार

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेसी)।** केंद्रीय मंत्री ने एएनआई से बात करते हुए कहा वे खुद चर्चा से भाग रहे हैं, क्योंकि उन्हें पाकिस्तान का समर्थन करने में ज़्यादा दिलचस्पी है। उन्हें भारत की विपक्षी ताकतों की मदद करने में ज़्यादा दिलचस्पी है।

केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी की सदन में चर्चा से भागने के लिए आलोचना की और सांसदों को फटकार लगाई कि वे इसे अपना निजी बैठक कक्ष न समझें। उन्होंने कहा कि संसद के कामकाज के लिए विशिष्ट नियम और कानून हैं और इसे किसी एक व्यक्ति की निजी इच्छा पर नहीं चलाया जा सकता। उन्होंने कहा कि हम सदन चलाना चाहते हैं। यह राहुल गांधी और प्रियंका गांधी का निजी बैठक कक्ष नहीं है। सभी को नियमों के दायरे में रहना होगा।



केंद्रीय मंत्री ने बात करते हुए कहा वे खुद चर्चा से भाग रहे हैं, क्योंकि उन्हें पाकिस्तान का समर्थन करने में ज़्यादा दिलचस्पी है। उन्हें भारत की विपक्षी ताकतों की मदद करने में ज़्यादा दिलचस्पी है। इसलिए वे संसद में ज़िम्मेदारी से बोलना नहीं चाहते। वे किसी भी विषय पर चर्चा कर सकते हैं, उसका जवाब दिया जाएगा। प्रधान की यह टिप्पणी मानसून सत्र के पहले दिन सदन की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित होने के बाद आई, जब राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि विपक्ष को बोलने की अनुमति नहीं दी गई। कांग्रेस नेता ने कहा कि केंद्रीय मंत्रियों को बोलने की अनुमति थी, लेकिन उन्हें नहीं। कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अन्य दलों ने संसद के मानसून सत्र के दौरान उठाए जाने वाले आठ प्रमुख मुद्दों की पहचान की है। इनमें पहलगाम आतंकी हमला और बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण शामिल है। विपक्षी सदस्यों ने कार्यस्थगन प्रस्ताव दिए थे, जिन्हें स्वीकार नहीं किया गया। विपक्षी दल सदन में अपनी मांगों के समर्थन में लोकसभा में नारे लगा रहे थे। लोकसभा की कार्यवाही पहले दोपहर 12 बजे तक और फिर दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। राहुल गांधी ने संवाददाताओं से कहा, सवाल यह है कि रक्षा मंत्री को सदन में बोलने की अनुमति है, लेकिन विपक्ष के नेता, जिनमें मैं भी शामिल हूँ, को बोलने की अनुमति नहीं है...।

## मुंबई में एअर इंडिया का विमान रनवे से फिसला:भारी बारिश के कारण लैंडिंग के समय हादसा

बढ़ता राजस्थान

**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई एयरपोर्ट पर सोमवार सुबह एअर इंडिया का ढ्ढ2744 प्लेन लैंडिंग के दौरान रनवे से फिसल गया। ये विमान कोच्चि से मुंबई आया था। मुंबई में भारी बारिश के कारण रनवे पर फिसलन थी, जिससे विमान रनवे से 16 से 17 मीटर दूर घास पर चला गया।ये हादसा सुबह 9:27 बजे हुआ। तस्वीरों में दिखा कि विमान के दाहिने इंजन के नैसेल (ढक्कन) को



नुकसान पहुंचा है। इस घटना के बाद विमान को पार्किंग तक लाया गया, जहां सभी यात्री और क्रू मेंबर्स को उतारा गया। इस दौरान विमान के तीन टायर फट गए।एअर इंडिया ने बताया कि हादसे में किसी पैसेंजर्स या क्रू मेंबर्स को नुकसान नहीं पहुंचा है। हालांकि मुंबई एयरपोर्ट का मेन रनवे, 09/27 क्षतिग्रस्त हुआ है। रनवे पर फ्लाइट्स की आवाजाही बंद कर दी गई है। रनवे किनारे तीन साइनेज बोर्ड और चार लाइटें भी टूट गईं।

## भगवान गणेश की 'आपत्तिजनक' प्रतिमाओं को देखकर भड़के लोग, इंदौर में बजरंग दल ने मूर्तिकारों का किया मुंह काला, 3 गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**भोपाल (एजेंसी)।** बजरंग दल के सदस्यों ने मूर्तियाँ बनाने वाले बंगाली कलाकारों पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने का आरोप लगाया। कलाकारों के चेहरे काले करके उन्हें खजराना थाने ले गए। पुलिस ने कारीगरों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मध्य प्रदेश के इंदौर में धार्मिक भावनाएं आहत हुई है, जिसके बाद फिर से विवाद खड़ा हो गया। विवाद होने की वजह है पश्चिम बंगाल के मूर्तिकारों द्वारा बनायी गयी गणेश जी की मुर्तियां। इंदौर के खजराना इलाके में आधुनिक शैली में गणेश प्रतिमाएँ देखकर बजरंग दल के लोगों की भावनाएं भड़क गयी और विवाद मारपीट पर उतर आया। बजरंग दल के सदस्यों ने मूर्तियाँ बनाने वाले बंगाली कलाकारों पर धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने का आरोप लगाया। कलाकारों के चेहरे काले करके उन्हें



खजराना थाने ले गए। पुलिस ने कारीगरों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।पुलिस के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि शहर के बंगाली चौराहे के पास भगवान गणेश की प्रतिमाएं बनाने वाले तीन मूर्तिकारों-चंद्रनाथ पाल, रतनलाल पाल और राजू पाल के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 299 (धार्मिक भावनाओं को जान-बूझकर ठेस पहुंचाना) और अन्य संबद्ध प्रावधानों के तहत खजराना पुलिस थाने में रविवार शाम प्राथमिकी दर्ज की गई। यह प्राथमिकी बजरंग दल के विरोध प्रदर्शन के बाद दर्ज की गई।अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त अमरेंद्र सिंह ने संवाददाताओं को बताया,"हमें शिकायत मिली थी कि कुछ ग्राहकों के ऑर्डर के आधार पर खजराना क्षेत्र में भगवान गणेश की आपत्तिजनक प्रतिमाएं बनाई जा रही हैं। शिकायत पर तत्परता से कदम उठाकर हमने तीन मूर्तिकारों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है और उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की जा रही है।"

उन्होंने बताया,"हम शहर में देवी-देवताओं की प्रतिमाएं बनाने वाले सभी कलाकारों के साथ बैठक करने जा रहे हैं ताकि आइंदा वे धार्मिक परंपराओं के अनुसार ही मूर्तियां बनाएं।" इस बीच, सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो सामने आए हैं जिनमें आरोपियों के मुंह पर कालिख पुती नजर आ रही है और पुलिस के एक दफ्तर के बाहर कुछ लोग भगवान गणेश की आपत्तिजनक मूर्तियों को लेकर उनसे पूछताछ करते नजर आ रहे हैं।

बजरंग दल के जिला संयोजक लकी रघुवंशी ने दावा किया कि "हिंदू समुदाय के कुछ लोगों" ने तीनों मूर्तिकारों का मुंह काला करके आपत्तिजनक प्रतिमाओं के खिलाफ अपना विरोध जताया।


बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार